

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 26 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 06 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## साउथ अफ्रीका का ईडन गार्डस में सरेंडर

# 'किंग कोहली' को 35वें जन्मदिन पर टीम इंडिया ने दिया जीत का तोहफा



नई दिल्ली. विराट कोहली के 49वें शतक और श्रेयस अय्यर की 77 रन की पारी के बाद रवींद्र जडेजा के 'पंच' से भारत ने साउथ अफ्रीका को 243 रन से हरा दिया. मेजबान टीम इंडिया की आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में लगातार यह 8वीं जीत है. टेबल टॉपर की लड़ाई में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका की एक ना चलने दी. भारतीय बैटर्स ने पहले प्रोटियाज गेंदबाजों की जमकर धुनाई की. उसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी से साउथ अफ्रीकी बैटर्स को सस्ते में पवेलियन लौटाकर बड़ी जीत दर्ज की. इस जीत से भारत के 8 जीत से 16 अंक हो गए हैं और टीम इंडिया ने प्वॉइंट टेबल में पहले नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है.

327 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम 27.1 ओवर में 83 रन बनाकर पवेलियन लौट गई. साउथ अफ्रीका की शुरूआत बेहद खराब रही और प्रोटियाज टीम ने 40 रन के कुल स्कोर पर अपने 5 विकेट गंवा दिए थे. ओपनर क्विंटन डिकॉक (05 रन) को पारी के दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर सिराज ने बोल्ड किया वहीं 9वें ओवर की तीसरी गेंद पर कप्तान तेम्बा बावुमा (11 रन) को रवींद्र जडेजा ने बोल्ड कर साउथ अफ्रीका को दोहरा झटका दिया. एडेन मार्करम (09) को शमी ने राहुल के हाथों कैच कराया. क्लासेन एक रन पर रवींद्र जडेजा के शिकार बने वहीं डुसन को शमी ने एलबीडब्ल्यू आउट किया. जडेजा ने मिलर को 11 रन पर बोल्ड किया वहीं केशव महाराज 7 रन बनाकर आउट हुए. रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए.

### विराट कोहली ने की रिकॉर्ड की बौछार

विराट कोहली ने सबसे तेज वनडे में 49 शतक पूरे किए. वह व्हाइट बॉल क्रिकेट (वनडे में 49 और टी20 इंटरनेशनल में एक) में 50 शतक जड़ने वाले पहले प्लेयर बन गए हैं. विराट ने इस दौरान मौजूदा विश्व कप में अपने 500 रन भी पूरे कर लिए. विराट ने वनडे में भारत में अपने 6000 रन भी पूरे किए वहीं आईसीसी विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वह तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं.

### विराट ने 289वें मैच में 49वां वनडे शतक जड़ा

इससे पहले, भारत ने विराट कोहली के 35वें जन्मदिन पर 49वें वनडे शतक की मदद से 5 विकेट पर 326 रन बनाए. श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में 302 रन से मिली जीत में शतक से 12 रन से चूके कोहली ने आखिरकार यहां अपने 289वें मैच में 277वीं पारी में 49वां शतक जमाया. तेंदुलकर ने 463 वनडे की 452 पारियों में 49 शतक और 96 अर्धशतक बनाये थे. सचिन के नाम सौ अंतरराष्ट्रीय शतक हैं जबकि कोहली का यह 79वां अंतरराष्ट्रीय शतक है जिन्होंने टेस्ट में 29 और टी20 में भी एक शतक बनाया है.

### विराट और श्रेयस अय्यर ने तीसरे विकेट पर 134 रन की साझेदारी की

कोहली ने श्रेयस अय्यर (77 रन ) के साथ तीसरे विकेट की साझेदारी में 134 रन बनाकर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी. शीर्ष दो टीमों के इस मुकाबले में केशव महाराज को छोड़कर दक्षिण अफ्रीका का कोई गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों खासकर कोहली पर अंकुश नहीं लगा सका. कोहली ने पारी के 49वें ओवर में कैगिसो रबाडा की गेंद पर एक रन लेकर तिहरा अंक छुआ तो पूरा ईडन गार्डन उनके नाम से गूंज उठा. उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों और ड्रेसिंग रूम का अभिवादन स्वीकार किया और आसमान की ओर देखा.

## 3 करोड़ 36 लाख की लागत से होगा सिरसागंज के प्राचीन मौलेश्वर मंदिर व बैजुआ शिव मंदिर का पर्यटन विकास

### प्रदेश सरकार ने पर्यटन विभाग के प्रस्ताव को दी मंजूरी, टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ

दैनिक समाज जागरण

सिरसागंज। पर्यटन विभाग द्वारा धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास के हो रहे काम में सिरसाखास ग्राम पंचायत अर्न्तगत नगला मुरली का प्राचीन मौलेश्वर मंदिर और बैजुआ का शिव मंदिर भी शामिल हो गया है। श्रद्धालुओं की आस्था से जुडे इन मंदिरों का कायाकल्प होगा, इसके लिये 3 करोड़ 37 लाख रुपए का बजट तय हुआ है। पर्यटन विकास की योजना के अर्न्तगत मंदिर में श्रद्धालुओं से जुडी सुविधाओं को बेहतर किया जायेगा।

पत्रकार वार्ता के दौरान पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के प्रतिनिधि सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि पर्यटन मंत्री जिले में पर्यटन को बढावा देने के लिये फिरोजाबाद जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों का कायाकल्प कराने में जुटे है। अब पर्यटन विकास के लिये नगला मुरली का प्रसिद्ध मौलेश्वर मंदिर और बैजुआ के शिव मंदिर को चयनित किया गया है। मौलेश्वर मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों के लिये 1 करोड 84 लाख रुपए की धनराशि प्रवेश



द्वार के सौन्दर्यीकरण, स्तंभ, मल्टीपर्पज हॉल, म्यूरल वॉल, इंटरलॉकिग, पार्क निर्माण, 400 मीटर एप्रोच सीसी रोड, पेयजल हेतु आरओ वाटर सुविधा आदि कार्यों के लिये जारी की गयी है। वहीं बैजुआ शिव मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों हेतु 1 करोड़ 52 लाख रुपए जारी कर दिये गये है। जिनके लिये कार्यदायी संस्था द्वारा टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है।

## राजस्थान विधान सभा चुनाव मे 96 सीटों उम्मीदवार उतारेंगी सम्राट मिहिर भोज पार्टी

समाज जागरण डेस्क
नोएडा/राजस्थान

राजस्थान विधान सभा चुनाव मे 96 सीटों पर दावेदारी पेश करेगी सम्राट मिहिर भोज पार्टी, राष्ट्रीय नेतृत्व ने हरी झंड़ी दे दी है। जारी प्रेस विज्ञाप्ति मे पार्टी ने उन सभी 96वें उम्मीदवारों की सूची जारी की है जिसमें नाम के साथ विधान सभा क्षेत्र भी शामिल किया गया है।




पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरेन्द्र सिंह गुर्जर (गुरुजी) ने समाज जागरण से बात करते हुए बताया है कि हमारी पार्टी भयमुक्त समाज देने के साथ-साथ चिकित्सा, शिक्षा और उर्जा (बिजली) निशुल्क उपलब्ध कराने की कार्य करेंगी। इसके अलावा एमडीसी समाज का कोटा 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करने की कार्य करेगी। पेंशनधारी माता बहनों को पेंशन को दो गुणा करने तथा रुकी हुई भर्तियों को सरकार गठन के तत्काल बाद ही लागू करने का लक्ष्य रखा गया है।

श्री सिंह ने बताया कि जो गुर्जर आंदोलन के दौरान शहीद हुए थे उनके परिवारजनो को एक करोड़ी की मुआवजा और परिवार एक सदस्य को नौकरी दी जायेगी। यह पार्टी स्वर्गीय श्री राजेश पायलट जी एवं स्वर्गीय कर्नल किरोड़ी सिंह बैसला जी के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगी। हम लोगों ने 96 उम्मीदवार की सूची जारी कर दी है और इसी मुद्दे के साथ हम लोग जनता से संपर्क करेंगे और उनसे आशीर्वाद लेंगे।

### वाराणसी जंक्शन पर 50 लाख कैश के साथ पकड़ाया दर्शनार्थी

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी / कोलकाता जा रहा था, GRP ने किया अरेस्ट; बोला- मालिक का पैसा है, कागज नहीं मिला

वाराणसी जंक्शन पर आज 50



लाख रुपए कैश के साथ एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है। यात्री कैश का कोई कागज या डिटेल GRP पुलिस को नहीं दे पाया। इसके बाद मौके पर इनकम टैक्स अधिकारियों को बुला लिया गया। जिसकी जांच की जा रही है।

GRP पुलिस के CO कुंवर प्रताप सिंह ने इस मामले का खुलासा करते हुए कहा कि यात्री वाराणसी से कोलकाता के लिए ट्रेन पकड़ने वाला था। वह प्लेटफॉर्म नंबर 9 से दून एक्सप्रेस पर सवार होने जा रहा था। ओवर ब्रिज के नीचे बैठा था। संदिग्ध लग रहा था। आगामी त्योहारों के चलते स्टेशन पर रूटीन चेकिंग की जा रही थी। इस पर नजर पड़ी तो जवानों ने पूछताछ की। इसने अपना नाम गोविंदा पाईक बताया और कहा कि कोलकाता का रहने वाला है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के अन्तर्गत मुफ्त कानूनी बचाव पक्ष सहायता प्रणाली का कार्य आरम्भ ।

### बचाव पक्ष को मिलेगी सशक्त और प्रतिस्पर्धात्मक विधिक सहायता।

दैनिक समाज जागरण ,
अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार- झारखंड
सत्य प्रकाश नारायण,सहायक विधि संवाददाता

**बिहार** 5 नवंबर 2023/ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद में वैसे लोग जो अत्यन्त ही गरीब वंचित, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला इत्यादि है जो विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के धारा 12 के अधीन आते हैं, उन्हें उनके वादों में सशक्त एवं बेहतरीन बचाव हेतु एक नई प्रणाली के अन्तर्गत सभी नियुक्तियों के उपरान्त कार्य आरम्भ हो गया है।

माननीय उच्च न्यायालय के न्यायमुर्ति सह व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के निरीक्षी न्यायाधीश माननीय श्री राजीव राय के द्वारा मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता पद पर श्री युगेश किशोर पाण्डेय, उपमुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता पद पर श्री अभिनन्दन कुमार एवं श्री मुकेश कुमार सहायक विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता पद पर श्री चन्दन कुमार एवं रंधीर कुमार के अनुबन्ध को स्वीकार करते हुए इस पद के



नये कार्य प्रारम्भ तथा नये दायित्वय पर बधाई देते हुए कहा गया कि अब आपके पास एक नई जिम्मेदारी है जिससे औरंगाबाद वासियों को काफी लाभ होने की संभावना है।

इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी, प्रधान न्यायाधीसज परिवार न्यायालय श्री पुनीत कुमार गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रणव शंकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री मितु सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री सुकुल राम मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी श्री आनन्द भूषण, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी श्री योगेश मिश्रा, न्यायकर्ता, श्रीमती शोभा सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी



उपस्थित रहे ।

जिला एवं सत्र न्यायाधीष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी द्वारा बताया गया कि मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता उप विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता एवं सहायक विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता द्वारा बचाव पक्ष की ओर से अब सशक्त तरीके से उनकी बात को न्यायालय के समक्ष रखेंगें और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक बचाव की मुफ्त कानूनी सहायता इस प्रणाली के अन्तर्गत प्रदान होगी, जो विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत उपलब्ध वादों में न्यायालय के समक्ष अपना सशक्त रूप से पक्ष रखेंगें। साथ ही सम्बन्धित के वाद में हर स्तर पर कार्यवाही एवं निगरानी रखेंगें।






## केदारनाथ मंदिर में राहुल गांधी ने की पूजा-अर्चना, श्रद्धालुओं को दी चाय सेवा, 'मोदी मोदी' के नारे भी लगे

रुद्रप्रयाग/दिल्ली. कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को केदारनाथ धाम पहुंचे. राहुल गांधी दोपहर को हेलिकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचे जहां कांग्रेस नेताओं के साथ ही केदारसभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी तथा अन्य तीर्थ पुरोहितों ने उनका स्वागत किया. इस दौरान राहुल गांधी ने केदारनाथ के दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं से भी गर्मजोशी से मुलाकात की.



कांग्रेस नेता ने केदारनाथ धाम में बाबा केदार की विशेष पूजा-अर्चना की. तिवारी ने बताया कि गांधी धार्मिक यात्रा पर केदारनाथ आए हैं. उन्होंने बताया कि भगवान केदारनाथ की सायं में होने वाली आरती में वह शामिल हुए. राहुल जब केदारनाथ पहुंचे तो भाजपा समर्थक कुछ स्थानीय लोगों ने उनके सामने ह्यमोदी मोदीह्ल के नारे लगाए. इससे पहले, राहुल गांधी नई दिल्ली से देहरादून हवाई अडडे पहुंचे और वहां से सीधे ही हैलीकॉप्टर से केदारनाथ के लिए रवाना हो गए. अपनी केदारनाथ यात्रा के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए चाय सेवा भी दी.

## एल्विश यादव स्नेक केस में नोएडा के थाना प्रभारी लाइन अटैच, लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई

नोएडा. जाने-माने यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी2 के विनर एल्विश यादव केस में नोएडा पुलिस के अफसर को लाइन अटैच कर दिया है. दरअसल इस मामले के सामने आते ही पुलिस की लापरवाही की खबरें सामने आई थी. अब अपर आयुक्त (कानून और व्यवस्था) आनंद कुलकर्णी ने कहा कि इस मामले में लापरवाही करने वाले थाना प्रभारी पर कार्रवाई की गई है. नोएडा के सेक्टर 49 के थाना प्रभारी संदीप चौधरी को लाइन अटैक कर दिया गया है. कुछ दिन पहले एल्विश यादव का कथित तौर पर एक वीडियो सामने आया था जिसमें वे प्रतिबंधित सांप के साथ नजर आए थे.

आनंद कुलकर्णी ने कहा कि अभी आरोपी एल्विश यादव वाले मामले की जांच जारी है. जांच के बाद कार्रवाई संभव होगी. एल्विश को जब कोटा पुलिस ने पकड़ा था तब नोएडा पुलिस से संपर्क करने की बात कही जा रही



है. इधर, यह भी खबर है कि नोएडा पुलिस के कहने पर उसे छोड़ दिया गया है. बताया गया कि नोएडा पुलिस ने उसे क्लीन चिट दे दी है; ऐसा कहना ठीक नहीं है. पुलिस ने कहा कि वे सबूत इकट्ठा कर रहे हैं और मामले में एल्विश यादव की भूमिका की जांच करेंगे, जिसके बाद ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी. नोएडा पुलिस ने इस सप्ताह की शुरूआत में रेव पार्टियों में सांप के जहर के कथित इस्तेमाल को लेकर एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया और पांच लोगों को गिरफ्तार किया था.

### आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बिछाया गया जाल था

नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने कहा था कि शुक्रवार को कोबरा समेत नौ सांपों को गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से मुक्त कराया

## महादेव सट्टेबाजी ऐप स्कैम: चौतरफा घिरी कांग्रेस, भूपेश बघेल और राहुल गांधी पर BJP ने बोला हमला



नई दिल्ली. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप से जुड़े कथित घोटाले को लेकर कांग्रेस पर रविवार को हमला तेज कर दिया और इसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मामले में पैसों के लेन-देन में उनकी कथित भूमिका स्पष्ट करने को कहा.

दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि मामले में सामने आ रहे ह्यतथ्योंह्ल से संकेत मिलता है कि 'भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के नए तरीके ईजाद करनेह्ल में कांग्रेस का कोई मुकाबला नहीं है.

त्रिवेदी ने कहा, ह्यचाहे भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके ईजाद करना हो, या इसके नए मानक स्थापित करना हो, कांग्रेस पार्टी आज इस बात का जीता-जागता सबूत है कि कोई उसकी बराबरी नहीं कर सकता. उसने अब अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है.ह्ल

मीडिया में आई खबरों का हवाला देते हुए त्रिवेदी ने कहा कि दुबई में मौजूद एक व्यक्ति ने दावा किया है कि वह सट्टेबाजी ऐप का मालिक है और उसने स्पष्ट रूप से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल और उनके सहयोगियों को पैसे देने की बात भी कही है.

# असाध्य रोग-दोष का शमन करने वाले प्रसिद्ध वैद्य अश्विनी कुमार

-अशोक "प्रवृद्ध"

प्राचीन भारत चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यंत विकसित था। धन्वंतरि, सुश्रुत, चरक सदृश्य अनेक ऋषि- मुनियों ने चिकित्सा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान प्रदान किया है। परंतु इन प्राचीन चिकित्सकों में असाध्य रोग-दोष का शमन करने वाले प्रसिद्ध वैद्य अश्विनी कुमार का नाम सर्वाधिक प्राचीन है। मान्यतानुसार विशुद्ध आयुर्वेद के ज्ञाता अश्विनी कुमार दो जुड़वां भाई थे। अश्विनी का अर्थ शक्तिशाली और पूर्णता से है। अश्विनी देव से पैदा होने के कारण ही इन्हें अश्विनी कुमार कहा गया। अश्विनी कुमार ने वृद्ध च्यवन ऋषि को पुनः जवान किया था। उन्होंने शरीर को स्वस्थ रखने और रोगमुक्ति हेतु अनेक उपायों से संसार को अवगत कराया। वर्तमान में प्राचीन भारत के प्रसिद्ध वैद्यद्वय अश्विनी कुमार का नाम चिकित्सा जगत में बड़े ही श्रद्धा व आदर के साथ लिया जाता है। वैदिक व पौराणिक ग्रंथों में भी अश्विनी कुमार के प्रसिद्धि का वर्णन अंकित है। वैदिक तैंतीस देवताओं की सूची में अश्विनी कुमारों का नाम भी शामिल है। स्वामी दयानंद सरस्वती विरचित सत्यार्थ प्रकाश के अनुसार ईश्वर एक है, और सिर्फ वही उपासनीय है।

ऋग्वेद 1/164/ 39 के अनुसार जिसमें सब देवता स्थित हैं, वह जानने और उपासना करने योग्य ईश्वर है। परमेश्वर देवों का देव होने से महादेव इसीलिए कहाता है कि वही सब जगत की उत्पत्ति, स्थिति, प्रलयकर्त्ता, न्यायाधीश, अधिष्ठाता है। देवता शब्द से ईश्वर का ग्रहण करना भूल है। देवता दिव्य गुणों से युक्त होने के कारण कहाते हैं। जैसे पृथ्वी, परंतु वैदिक ग्रंथों में कहीं इसको ईश्वर अथवा उपासनीय नहीं माना गया है। तैंतीस कोटि के देवता के संबंध में यजुर्वेद 14/31 में त्रयस्त्रिंशता॰ कहा गया है। शतपथ ब्राह्मण कांड 14/ 6/ 3-7 में त्रयस्त्रिंशता॰ की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि तैंतीस देव में 8 वसु, 11 रुद्र, 12 आदित्य और 2 अश्विनी मिलाकर कुल 33 देवता शामिल हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, चन्द्रमा, सूर्य और नक्षत्र सब सृष्टि के निवास स्थान होने से आठ वसु। प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म्म, कृकल, देवदत्त, धनंजय और जीवात्मा ये ग्यारह रुद्र इसलिए कहाते हैं कि जब शरीर को छोड़ते हैं तब रोदन करानेवाले होते हैं। संवत्सर के बारह महीने बारह आदित्य इसलिए हैं कि ये प्रत्येक पदार्थ की आयु ग्रहण करते हैं। धाता, मित्र, अर्यमा, शुक्र, वरुण, अंश, भग, विवस्वान, पूषा, सविता, त्वष्टा और विष्णु यह बारह आदित्य कहे गए हैं। दो अश्विनी झ एक इन्द्र और एक प्रजापति। बिजली का नाम इन्द्र परम ऐश्वर्य का हेतु होने के कारण है। यज्ञ को प्रजापति इसलिए कहा गया है कि इससे वायु, वृष्टि, जल, औषधि की शुद्धि, विद्वानों का सत्कार और नाना प्रकार की शिल्पविद्या से प्रजा का पालन होता है। ये तैंतीस दिव्य गुणों के योग के कारण से देव कहाते हैं। शतपथ के चौदहवें काण्ड के अनुसार ही इनका स्वामी और सब से बड़ा होने से परमात्मा चौंतीसवां उपास्यदेव है।

वैदिक मतानुसार तैंतीस कोटि के अंतर्गत आने वाले देवताओं में शामिल ग्यारह रूद्र अर्थात देह में दस प्राण और ग्यारहवां आत्मा में से प्रथम दो प्राण व अपान नासिका से पैदा हुए हैं। ये प्राण और अपान देवों के चिकित्सक हैं। इन प्राण और अपान को वेदों में नासत्यौ और अश्विनी कहा है। अश्विनि कुमारों को देवों का वैद्य कहा गया है। यहां देव का भावार्थ मनुष्य से है। अश्विनी कुमारों की क्षमता इतनी है कि च्यवन अर्थात वृद्ध को युवा बना दिया। इससे संबंधित एक मंत्र ऋग्वेद 1/118/6 में आया है-

उद्वन्दनमैरतं दंसनाभिरुद्रेभं दस्रा वृषणा शचीभिः।
निष्टौग्रयं पारयथः समुद्रात्पुनश्च्यवानं चक्रथुर्युवानम् ।। -ऋग्वेद 1/118/6

इस मंत्र का भाष्य करते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती कहते हैं- हे (दस्रा) दुःखों के दूर करने और (वृषणा) सुख वषार्ने वाले सभासेनाधीशो! तुम दोनों (शचीभिः) कर्म और बुद्धियों वा (दंसनाभिः) वचनों के साथ जैसे (तौग्रयम्) बलवान मारने वाला राजा का पुत्र (च्यवानम्) जो गमनकर्त्ता बली (युवानम्) जवान है उसको (समुद्रात्) सागर से (निः, पारयथः) निरन्तर पार पहुँचाते (पुनः) फिर इस ओर आए हुए को (उत्, चक्रथुः) उधर पहुँचाते हो वैसे ही (वन्दनम्) प्रशंसा करने योग्य यान और (रेभम्) प्रशंसा करनेवाले मनुष्य को (उदैरतम्) इधर-उधर पहुँचाओ।



इसमें प्रार्थना करते हुए कहा गया है कि जैसे नाव चलाने वाले मल्लाहादि मनुष्यों को समुद्र के पार पहुँचाकर सुखी करते हैं, वैसे राजसभा शिल्पीजनों और उपदेश करने वालों को दुःख से पार पहुँचाकर निरन्तर आनन्द देवें। दोषों का उपक्षय करनेवाले प्राण- अपाण (प्राणापानो) ही उत्तम कर्मों के द्वारा वन्दना करने वाले को विषयकूप से ऊपर प्रेरित करते हैं। प्राण साधना करने वाला माता -पिता, आचार्य व अतिथियों का अभिवादन करता हुआ सदा उनसे प्रदर्शित सन्मार्ग पर चलकर विषयकूप में डूबने से बच जाता है। शक्तिशाली प्राणापानो ही प्रज्ञानों व शक्तियों के द्वारा स्तोता को- प्रभुस्तवन की वृत्ति वाले को संसार सागर से ऊपर उठाते हैं। प्रभुस्तवन करता हुआ व्यक्ति विषय समुद्र में नहीं डूबता। प्राण - साधक प्रभु का स्तोता बनता है और प्रभुस्तवन उसे विषय समुद्र में डूबने नहीं देता। प्राण- अपान ही तुग्र- पुत्र भुज्यु को अपने भोगों के लिए औरों की हिंसा करने वाले भोग -प्रवण व्यक्ति को विषय समुद्र से पार करते हैं। इनकी कृपा से भोगों से ऊपर उठता है तथा औरों की हिंसा में प्रवृत्त नहीं होता। भोगों में फँसे होने के कारण क्षीणशक्ति होते हुए पुरुष को भोगप्रवणता से ऊपर उठाकर पुनः युवा कर देते हैं। प्राण साधना का ही यह परिणाम होता है कि मनुष्य विषय भोगों से ऊपर उठता है और शक्ति के संयम के कारण सदा युवा बना रहता है। इसीलिए हमें बड़ों का वन्दन, प्रभु का स्तवन करना चाहिए। अपने सुख के लिए औरों का हिंसन न करना चाहिए। इस तरह शक्ति का संचय करके सदा युवा बने रहना चाहिए। ऋग्वेद 1/118/6 का भाष्य करते हुए अश्विनी कुमारों के बारे में सायण लिखते हैं-

च्यवानं च्यवनमृषिं जीर्णं पुनः युवानं यौवनोपेतं चक्रथुः कृतवन्तौ।। -ऋग्वेद 1/118/6 अर्थात- अश्विनी कुमारों ने युवावस्था से ढलते हुए वृद्ध च्यवन को फिर से युवा बना दिया। अश्विनी कुमारों का अन्य नाम नासत्यौ भी है।

यास्काचार्य अपनी निरुक्त में लिखते हैं- नासिकाप्रभवौ बभूवतुरिति वा। -निरुक्त 6/13 अर्थात- जो नासिका से पैदा हुए हैं। प्राण और अपान की उत्पत्ति नासिका से है। ये प्राण और अपान देवों के चिकित्सक हैं। इन प्राण और अपान को वेदों में नासत्यौ और अश्विनी कहा है।

यहां देवों का अर्थ इन्द्रिय है।

वेदों में प्राण शक्ति का विस्तृत वर्णन अंकित है। चारों वेदों में आश्विन (अश्विना) शब्द 123 बार आया है। ऋग्वेद में अश्विना शब्द का 93 बार, यजुर्वेद में 1, सामवेद में 5 और अथर्ववेद में 24 संदर्भ मिलते हैं। वेदों में उल्लिखित इन संदर्भों के समीचीन अध्ययन से स्पष्ट होता है कि ये किसी शरीरधारी अश्विनी के लिए नहीं है, बल्कि अलग- अलग भावार्थ में प्रयोग हुए हैं। अथर्ववेद 7/53/1 में कहा गया है-

प्रत्यौहतामश्विना मृत्युमस्मद्देवानामग्ने भिषजा शचीभिः।। - अथर्ववेद 7/53/1

अर्थात- हे परमात्मन इन्द्रियों के चिकित्सक प्राण और अपान हमसे मौत को अपनी क्रियाओं से दूर कर देवें।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेद में अश्विनी कुमार प्राण और अपान को ही कहा गया है। वेद स्पष्ट कहता है-

सं क्रामतं मा जहीतं शरीरं प्राणापानौ मे सयुजाविह स्ताम्। -अथर्ववेद 7/53/2

अर्थात- हे (प्राणापानौ) प्राण और अपान शरीर मे संचार करते रहो, शरीर को मत छोड़ो, मेरे इस शरीर में सदा साथ रहने वाले अश्विनी अर्थात प्राण और अपान रहें।

# स्वयं की क्षमता, ऊर्जा को पहचाने। स्वरोजगार से राष्ट्र योगदान तक अपार संभावनाएं।

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदान भी हो सकता है।

भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्त्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, स्तंभ कार,



रायपुर छत्तीसगढ़,9009415415,

# दम घुटती दिल्ली को कौन बचाएगा ?

आजकल मै लोकतंत्र से ज्यादा दिल्ली को लेकर परेशान हूँ,क्योंकि दिन-ब-दिन दिल्ली का दम घुटते देख रहा हूँ । दिल्ली कभी खांसती है, कभी खखारती है,कभी बलगम थूकती है,कभी हांफती है। ये दिल्ली देश की राजधानी है ,इसकी ऐसी दशा कम से कम मुझसे तो देखी नहीं जाती । ऐसी ही हालत कोविड काल में आम आदमी की हुई थी। आम आदमी को तो टीकाकरण ने बचा लिया था किन्तु दिल्ली को कौन और कैसे बचाएगा ?

वर्षों पहले जब मै चीन गया था तब वहां ऐसी ही दशा मैंने बीजिंग की देखी थी । वहां रात को आसमान से अम्ल की वर्षा होती थी । सड़क किनारे खड़ी कारों को सुबह पहचानना कठिन होता था क्योंकि कारों पर धूल की गहरी परत के साथ पानी की बूंदों की ऐसी वर्षा होती थी कि कारों पर कोलाज बन जाता था। मै तीन दिन बीजिंग में था ,लेकिन मैंने वहां एक दिन भी ढंग से सूरज को मुस्कराते नहीं देखा । सूरज बीजिंग में हमेशा धुंध के नीचे ही दबा सिसकता दिखाई देता था । यहां तब भी लोग मास्क लगते थे जब दुनिया में कोविड नहीं था । उस समय मुझे अपनी दिल्ली की बहुत याद आती थी ,क्योंकि दिल्ली भी बीजिंग होती दिखाई देने लगी थी।

दिल्ली केवल आम आदमी पार्टी की दिल्ली नहीं है । दिल्ली भाजपा और कांग्रेस की भी दिल्ली नहीं है । दिल्ली मुगलों की भी दिल्ली नहीं है,दिल्ली तोमरों की भी दिल्ली नहीं है । दिल्ली पूरे देश की दिल्ली है । यहां देश के सभी प्रांतों के लोग रहते है । दिल्ली में देश की आत्मा धड़कती है। कोई एक करोड़ सत्तर लाख लोग दिल्ली की जान हैं और आज इन सभी की जान सांसत में है। आजकल तो दिल्ली हांफने के साथ कांपने भी लगी है । दिल्ली में कभी भी भूकंप के झटके महसूस किये जाने लगते हैं।

दिल्ली की गंभीर हालत को देखते हुए सर्दी शुरू होने से पहले ही दिल्ली में प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच गया। गुरुवार शाम पांच बजे दिल्ली में ऐ क्यों आई 402 दर्ज किया गया। पूवार्नुमान के अनुसार प्रदूषण को बेहद खराब स्तर पर बने रहना था। पांच बजे स्थितियां बिगड़ती देखकर कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी एंड मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई और दिल्ली एनसीआर में जी आर ऐ पी के स्टेज-3 को लागू करने का फैसला ले लिया गया। इसके तहत अब दिल्ली-एनसीआर में निजी निर्माण पर रोक होगी। दिवाली से पहले लोग रंगाई-पुताई, ड्रिलिंग का काम भी नहीं करवा सकेंगे।जी आर ऐ पी प्रदूषण से निबटने का ऐसा सिस्टम है जिसमें प्रदूषण का लेवल बढ़ने के साथ बंदिशें अपने आप लागू हो जाती हैं।दिल्ली में जब भी बीमारी बढ़ती है सबसे पहले बच्चों का स्कूल जाना बन्द हो जाता है

करीब 1483 वर्ग किलोमीटर में फैली दिल्ली जनसंख्या के तौर पर भारत का दूसरा सबसे बड़ा महानगर है। दिल्ली के एक तरफ दक्षिण पश्चिम में अरावली पहाड़ियां हाँ तो पूर्व में पहले से बीमार यमुना नदी बहती है । दिल्ली पहले भी गंगा के मैदान से होकर जाने वाले वाणिज्य पथों के रास्ते में पड़ने वाला मुख्य पड़ाव था और आज भी है । दिल्ली के बिना देश बनता ही नहीं है । दिल्ली के बिना मुगल भी अधूरे थे,अंग्रेज भी और आज भाजपा और कांग्रेस के लिए दिल्ली जरूरी है । लेकिन एक बीमार दिल्ली का उपचार करने की फुरसत किसी के पास नहीं है




। दिल्ली सरकार के दो मंत्री जेल में है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजने की तैयारी है ,लेकिन इसका दिल्ली की गंभीर रूप से खराब हो चुकी आवो-हवा से कोई लेना देना नहीं है। आम आदमी पार्टी की सरकार को जेल में डालने से यदि दिल्ली का स्वास्थ्य ठीक हो जाता तो इसे भी बर्दास्त कर लिया जाता ,किन्तु ऐसा कुछ हो नहीं रहा।

दिल्ली की बीमारी कोई नई नहीं है । दिल्ली सर्दियां शुरू होने से पहले हर साल बीमार होती है । दिल्ली का दम घुटने का एक कारण पराली का धुंआं है तो दूसरा कारण सड़कों पर आयी वाहनों की बाढ़ भी है। दिल्ली कब जहरीली गैसों के चैंबर में तब्दील हो जाये,कोई नहीं जानता । दिल्ली में कब दिन में अन्धेरा छा जाये ये भी किसी को पता नहीं है । यहां दिन में तारे नजर आना आम बात है। गौतमबुद्ध नगर,गुरुग्राम,गाजियाबाद ,झज्झर ,फरीदाबाद सबके सब प्रदूषित हो गए हैं। दिल्ली और दिल्ली के आसपास मेरे तमाम प्रियजन और परिजन रहते हैं। मुझे उन सबकी चिंता लगी रहती है। सरकार को भी सभी की चिंता होती है लेकिन सरकार सब कुछ अकेले नहीं कर सकती। जनता को भी कुछ -कुछ करना होता है जो जनता करती नही। हमारी जनता सनातनी और धार्मिक है । वो करवा चौथ हो या दशहरा बिना पटाखे चलाये रह नहीं सकती भले ही फेंफड़े धुंए से काले पड़ जाएँ ,सिकुड़ जाएँ। प्रतिबंधों का जनता पर कोई असर नहीं होता।

आज की दिल्ली कल की दिल्ली से अलग थी । मुगलों की दिल्ली में भी इतना दम नहीं घुटता था जितना आज घुट रहा है । अंग्रेजों की दिल्ली में भी दम तो घुटता था लेकिन आज की तरह नही।। आज की दिल्ली में तो सब कुछ अपना है । आजादी है, संविधान है,सरकार है लेकिन दम फिर भी घुट रहा है। महाभारत काल में इंद्रप्रस्थ कही जाने वाली दिल्ली आजकल प्रदूषणप्रस्थ बन चुकी है । मुझे कभी-कभी लगता है कि दिल्ली का लाल किला नेताओं की तरह बोल नहीं पाता अन्यथा प्रदूषण के घबड़ाकर वो भी अन्यंत्र जाने की मांग कर बैठता।

एक जमाने में हमारा ग्वालियर भी एनसीआर का हिस्सा बनाया जाने वाला था ,लेकिन अच्छा हुआ की हमारे निकम्मे नेताओं की वजह से ऐसा नहीं हुआ,अन्यथा आज हमारे शहर का भी दम दिल्ली की तरह ही घुट रहा होता। दिल्ली की बीमारी कोई नई नहीं है । हमारे पत्रकार साथी बताते हैं कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) आम तौर पर जनवरी से सितंबर के बीच 101-200 के स्तर पर रहती है, यह तीन महीनों में बहुत खराब (301-400), गंभीर (401-500) या यहां तक कि खतरनाक (500+) के स्तर में भी हो जाती है। अक्टूबर से दिसंबर के बीच, तो दिल्ली मरते-मरते बचती है। दिल्ली को अस्थमा है, दिल्ली को नजला है,दिल्ली को ब्रोन्काइट्स है। दिल्ली के फेंफड़े दागदार है। दिल्ली का दिल फिर भी जैसे -तैसे धड़क रहा है। कल्पना कीजिये यदि दिल्ली को यूक्रेन और फिलिस्तीन की तरह यदि कभी बारूद का समान करना पड़े तो क्या हाल होगा दिल्ली का। सो प्लीज दिल्ली को बचाइए ,सरकारें तो आती-जातीं रहेंगी किन्तु अगर दिल्ली ही न रही तो फिर क्या होगा ? दूसरे शहरों का क्या होगा ?

**@ राकेश अचल**
achalrakesh1959@gmail.com

# शिशु सुरक्षा दिवस

शिशु सुरक्षा दिवस हर साल 7 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में शिशुओं की सुरक्षा से संबंधित जागरूकता फैलाना और शिशुओं की उचित देखभाल कर के उनके जीवन की रक्षा करना है। भारत में शिशु मृत्यु दर कई देशों की तुलना में अधिक है, स्वास्थ्य देखभाल की कमी के कारण समस्या और भी बदतर हो जाती है। लेकिन जनसंख्या के बढ़ते बोझ और बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और जागरूकता की कमी के कारण शिशु मृत्यु दर में अपेक्षा के अनुरूप कमी नहीं आई है। एम्बुलेंस की सुविधा न होने के कारण अस्पताल न होने पर भी बच्चे बीच सड़क पर जीवन की जंग हार जाते हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षित दाइयों के अभाव में भी कई तरह

## उद्देश्य

आज भी हमारे देश की सबसे बड़ी समस्याओं में शिशु सुरक्षा भी अहम्‌ मुद्दा है, क्योंकि विभिन्न देशों की तुलना में देश की हालत शिशु सुरक्षा के मामले में बहुत खराब है। प्रतिवर्ष 7 नवंबर को शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य शिशुओं की सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना और शिशुओं की उचित देखभाल करके उनके जीवन की रक्षा करना है। यह बात ध्यान में रखना चाहिए कि उचित सुरक्षा और उचित देखभाल की कमी के कारण नवजात शिशुओं को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।[1]

## बुनियादी सुविधाओं की कमी




विश्व में नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना हो पाने के कारण बहुत सारे बच्चे मौत की गोद में समा जाते है। भारत में नवजात शिशु की मौत की दर हर देश से अधिक है। देश में स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। सरकारों ने इस समस्या से निपटने के लिए बहुत सी योजनायें लागू की हैं, लेकिन बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा जागरूकता की कमी के कारण शिशुओं की मृत्यु दर में कोई कमी नहीं आई है। उचित पोषण के अभाव में कई बच्चे दम तोड़ देते हैं। बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण एवं समय पर एम्बुलेन्स ना मिलने के कारण बच्चे बीच रास्ते में जिंदगी की जंग हार जाते हैं। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की कमी एवं प्रशिक्षित दाइयों की कमी के कारण भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का जन्म होता है।

## शिशु सुरक्षा दायित्व

शिशु सुरक्षा केवल सरकार की नहीं वरन हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी को एकजुट होकर इसके लिए आगे आना होगा। तब जाकर अपने देश के शिशुओं की सुरक्षा के मामले में अन्य देशों की तुलना में ऊपरी पायदान पर आएंगे। हमें ना केवल शिशुओं की सुरक्षा बल्कि माताओं की सुरक्षा के लिए भी ठोस कदम उठाने पड़ेंगे, क्योंकि यदि माता सुरक्षित होगी तो बच्चे भी सुरक्षित होंगे और उनकी सुरक्षा की सम्भावना में वृद्धि होगी।[1]

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## मिर्जा गालिब कॉलेज गया के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व प्रोफेसर अब्दुल कादिर के विरुद्ध कॉलेज के शासकीय निकाय ने खोला मोर्चा .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया (बिहार )- मिर्जा गालिब कॉलेज गया के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व प्रोफेसर अब्दुल कादिर के विरुद्ध कॉलेज के शासकीय निकाय ने मोर्चा खोल दिया है . उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की गई है जिन्होंने बिना किसी यूजीसी के



मापदंड के अनुसार कई वर्षों तक विभाग में प्रोफेसर बने रहे. उक्त बातें प्रेसवार्ता में कॉलेज निकाय के सचिव शब्बी समसी व अध्यक्ष मसूद मंजर ने संयुक्त रूप से कही.उन्होंने कि प्रोफेसर अब्दुल कादिर प्रोफेसर रहते हुए पद का दुरुपयोग किया और एक अंग्रेजी समाचार पत्र में कार्य कर करते हुए सैलरी उठाते रहे, जो नियम के विरुद्ध है. साथ ही इनके पास पीएचडी की कोई डिग्री नहीं है. नहीं सेमिनार अटेंड किया है और नहीं कोई अकादमिक पब्लिकेशन और रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया है. इन्होंने कॉलेज प्रशासन को आंखों में धूल झोंक कर दस्तावेज प्रस्तुत किया और सेवाएं दी.हाल ही के दिनों में कॉलेज में कुलपति के आगमन का इन्होंने बहिष्कार कर कॉलेज की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है. साथ ही विभाग के एक महिला प्रोफेसर पर अभद्र टिप्पणी किया है.सोशल मीडिया पर भी गर्वनिंग बॉडी के सेक्रेटरी और प्रोफेसर इंचार्ज के विरोध भ्रामक और बेतुका बयान बाजी किया है. जिसके खिलाफ साइबर क्राइम के तहत प्राथमिक की दर्ज की गई है. अब कॉलेज प्रशासन अब्दुल कादिर पर न्यायिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करेगी, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके.प्रेस वार्ता में प्रोफेसर इंचार्ज समेत के शिक्षक गण उपस्थित थे.

## मध्य विद्यालय केसपा में श्रद्धांजलि सभा का किया जाएगा आयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**
गया( बिहार )- गया जिला के टिकारी अनुमंडल अंतर्गत मां तारा नगरी केसपा के प्रथम महिला शिक्षिका एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक स्वर्गीय कमला देवी का मंगलवार के दिन मध्य विद्यालय केसपा में किया जाएगा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन. उक्त जानकारी केसपा निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हिमांशु शेखर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने कहा कि माँ तारा नगरी केसपा की प्रथम महिला



शिक्षिका एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक स्व कमला देवी ( पति-स्व बैदेही शर्मा ) की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार सुबह 10 बजे मध्य विद्यालय केसपा,टिकारी (गया) के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है. जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित होंगे.

## टाटा ग्रुप द्वारा अनुग्रह मध्य विद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत!

**टाटा इंडिया बिल्डिंग द्वारा हेडमास्टर को भी किया पुरस्कृत !!**
दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.
औरंगाबाद (बिहार )- टाटा समूह के अंतर्गत टाटा बिल्डिंग इंडिया के द्वारा जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय में वर्ग छह से आठ के बच्चों के बीच हाल ही में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, जिसमें वर्ग आठ की किरण कुमारी प्रथम,वरह आठ की ही अन्या कुमारी द्वितीय एवं हिमांशु कुमार वर्ग



सात को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था !तीन नवंबर को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना दया शंकर सिंह एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने विजेता बच्चों को गोल्ड सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मैडल के साथ- साथ प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया .प्रतियोगिता के बारे में हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बताया की टाटा समूह की संस्था टाटा बिल्डिंग इंडिया के द्वारा देश भर के 400 शहरो में निबंध लेखन की प्रतियोगिता एक साथ करायी जिसमे बच्चों को भारत को मजबूत ,स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए उन्हें अपने नवाचारी विचारों को एक्सटेम्पोर लिखना होता है !अनुग्रह स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण एवं कचरा निष्पादन हेतु निबंध में कई सुझाव दिए !प्रतियोगिता के दौरान टीसीएस के प्रतिनिधि विनीत सिंह उपस्थित थे एवं कार्यक्रम की नोडल विद्यालय क वरीय शिक्षिका मंजू कुमारी थीं !बच्चों में इस प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह था एवं अधिकांश संख्या में बच्चों ने भाग भी लिया !बच्चों को पुरस्कृत करने के उपरांत डीपीओ दया शंकर सिंह ने विद्यालय प्रधान को धन्यवाद दिया एवं कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को किताबों एवं पाठ्यक्रम से बाहर सोचने एवं कल्पना करने का अवसर प्राप्त होता है !टाटा के इस नेशन बिल्डिंग इनिशिएटिव को भी सराहा !हेडमाटर उदय कुमार सिंह को भी डीपीओ ने टाटा समूह द्वारा उपलब्ध कराये गए प्रशस्ति पत्र एवं उपहारस्वरूप एक स्लिंग बैग प्रदान किया ! कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ शिक्षा विभाग के कई कर्मी भी उपस्थित रहे !

## टिकारी विधानसभा के श्रेष्ठ कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित- श्रीमती सिंधु जैन.

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.
गया ( बिहार)- भारतीय जनता पार्टी टिकारी विधानसभा स्तरीय ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान समारोह दिनांक 05नवंबर 2023दिन रविवार को टिकारी नगर परिषद कार्यालय के सामने शांति पैलेस में आहूत किया गया. इस कार्यक्रम की आगाज भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अजात शत्रु पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण व राष्ट्र गान से प्रारंभ किया गया. वही मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद औरंगाबाद सुशील कुमार सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धि पर बारिकी रूप से चर्चा करते हुए एक बार फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने की बात कही.इस आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता महावीर प्रसाद जैन व संचालन कार्यक्रम के संयोजक संजय कुमार उर्फ बबलू जी की रही.इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, औरंगावाद संयोजक अनिल शर्मा, औरंगावाद लोकसभा प्रभारी राजेंद्र तिवारी,विस्तारक भोजपुरिया बाबा, जिला महामंत्री रंजन कुमार सिंह,विधानसभा सभा प्रभारी डॉ अनुज कुमार, मंडल अध्यक्ष नगर पुष्पा चौरसिया, उतरी टिकारी कुंदन कुमार, दक्षिणी मंडल टिकारी अनिल पासवान, कोंच उत्तरी देवेंद्र शर्मा, दक्षिणी सुनील कुमार सिंह, उतरी महिला मोर्चा अध्यक्ष टिकारी माया कुमारी सिंह, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सिंधु जैन सहित कोर कमिटी के सभी सदस्य पुराने भाजपा कार्यकर्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित वर्तमान महामंत्री टिकारी दक्षिणी शिवबल्लभ मिश्र, नगर महामंत्री प्रभाष आनंद, उतरी से रमेश शर्मा, उतरी कोंच महामंत्री मंजीत कुमार सिंह, उपाध्यक्ष निकू कुमार, महामंत्री कोंच दक्षिणी पंकज गुप्ता , शिव शंकर सिंह, वरीय भाजपा कार्यकर्ता शशि प्रियदर्शी सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए.

## प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष ने महान स्वतंत्रता सेनानी, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व शत्रुघ्न शरण सिंह के प्रतिमा का किया अनावरण- विजय कुमार मिट्ठू

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया (बिहार)- महान स्वतंत्रता सेनानी, कालापानी सजायाफ्ता , गया जिला पारिषद के प्रथम अध्यक्ष तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व शत्रुघ्न शरण सिंह की गया जिला पारिषद में नवनिर्मित आदम कद प्रतिमा का अनावरण बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के लोकप्रिय अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने किया.अनावरण कार्यक्रम के उपरांत महती जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि गया जिला के कोंच प्रखंड अंतर्गत सिन्दूआरी गांव में जन्मे बाबू शत्रुघ्न शरण सिंह छात्र जीवन से ही आजादी की लड़ाई में कूद पड़े थे, जो लगभग दस साल कालापानी सहित कई जेलों में बंद रहे थे. शत्रुघ्न बाबू गया जिला पारिषद के प्रथम अध्यक्ष के बाद गया जिला के बेला गंज, नवादा जिला के हिसुआ, जहानाबाद के मखदुमपूर, के विधायक तथा बिहार सरकार के मंत्री के रूप में संपूर्ण मगध प्रमंडल के चहुंमुखी विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था.शत्रुघ्न बाबू की धर्मपत्नी राजकुमारी देवी जिन्हे आमजन "देवी जी " के नाम से संबोधित करते थे, वो भी गया जिला के कोंच विधानसभा से प्रतिनिधित्व करती थी.डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने




कहा कि शत्रुघ्न शरण सिंह निर्भीक, सरल, साहसी, संघर्षशील, ईमानदार, जनप्रिय नेता थे, जो हमेशा जनता के बीच रहकर उनका काम करते थे.कार्यक्रम में अपना उद्गार व्यक्त करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रदेश कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि आज हम अपने को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे शत्रुघ्न बाबू के सानिध्य में काम करने का मौका मिला है.आज जरूरत है इनके बताए रास्ते पर चलकर मगध का कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू ने कहा कि आज हम गया जिला के कॉंग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता को शत्रुघ्न शरण सिंह पर गर्व करते है, तथा आज आवश्यकता है उनके बताए रास्ते चल कर काम करने की. जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा ने कहा कि हम कॉंग्रेस जन को शत्रुघ्न बाबू के जीवन से सीख लेने की जरूरत है, आज आजादी की लड़ाई के वीर बांकुड़ा शत्रुघ्न शरण सिंह जी की प्रतिमा के अनावरण में हजारों, हजार कॉंग्रेस जन उपस्थित होकर कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए.कार्यक्रम को अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद उ मैं र खान उर्फ टीका खान, बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि शंकर स्वरुप, टिकरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुमंत कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष सा दु ला ह फारुकी, संतोष कुशवाहा, ओंकार शर्मा, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, मोहम्मद खैर उद्दी न, जगदीश प्रसाद यादव, ओंकार नाथ यादव, दामोदर गोस्वामी, जिला कॉंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, ए आई सी सी सदस्य सह वजीरगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ शशि शेखर सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, रवि रंजन , विजय शर्मा, प्रो अरुण कुमार प्रसाद, बृजमोहन शर्मा, प्रोफेसर मुद्रिका सिंह नायक, हिमांशु शेखर, आदि ने संबोधित किया.

## बिगहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजन कुमार उर्फ पप्पू यादव पर हथियारबंद अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी की घटना की जांच करने की प्रशासन से किया मांग.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया (बिहार )- बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बेलागंज प्रखंड के शकिर बिगहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजन कुमार उर्फ पप्पू यादव पर हथियारबंद अपराधियों द्वारा गोलीबारी की घटना की जांच प्रशासन से करने की मांग किया है. उन्होंने आगे कहा कि बिहार में इन दिनों अपराधियों का बोलबाला है, आए दिन लगातार हत्याएं सहित अन्य घटनाएं बढ़ती जा रही है. बेलागंज प्रखंड के सकीर बीघा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजन कुमार उर्फ पप्पू यादव पर हथियारबंद अपराधियों ने गोलीबारी की है, हालांकि इस घटना में कोई हताश नहीं हुआ है. गोली की फायरिंग उनके वाहन के शीशे पर जाकर लगी है.घटना की सूचना पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव उनके आवास पहुंचकर घटना की जानकारी ली है. एवं उच्च



अधिकारियों से इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी करने की मांग किया है. इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव ने बताया कि वह अपने वाहन से बेलागंज स्थित घर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने जान से मरने के नियत से फायरिंग की है, हालांकि अपराधियों द्वारा की गई गोलीबारी से इस घटना में कोई हताश नहीं हुआ है. मुखिया प्रतिनिधि एवं उनके ड्राइवर इस घटना में बाल बाल बच गए हैं. इस घटना में अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग उनके वाहन के शीशे को तोड़ती हुई अंदर तक आई है. घटना के बाद पीड़ित मुखिया प्रतिनिधि ने बेलागंज थाना में अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है.उन्होंने यह भी कहा है कि अपराधियों के द्वारा अवैध कारोबार उस क्षेत्र में किया जा रहा था जिसका उन्होंने विरोध किया था, तो अपराधियों ने बुरा अंजाम भुगतने की बात कही थी. उन्होंने आगे कहा कि दिन के उजाले में 10:00 बजे बेलागंज स्थित काली मंदिर के पास अपराधियों ने उनके वाहन को रोककर बुरा अंजाम भुगतने को कहा था, वहीं उन्होंने कहा कि अपराधियों द्वारा इस घटना को अंजाम देने के बाद उनका पूरा परिवार पूरी तरह भयभीत है एवं जिला के उच्च अधिकारियों से मांग करते हुए कहा है कि इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जाए.

## अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं गया नगर विधानसभा के बी एल ए अमित लोहानी के साथ किया संयुक्त रूप से बैठक.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया( बिहार)- बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं गया नगर विधानसभा बीएलए अमित लोहानी के साथ संयुक्त रूप से अतिथि गया में बैठक किया.डॉ कुमार ने नगर में चल रहे सभी बूथों पर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने एवं शुद्धिकरण पर चर्चा करते हुए जानकारी लिया.अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सभी बूथों पर प्रक्रिया जोरों पर है ,तथा जिस जगह पर मोबाइल अथवा इंटरनेट की समस्या होती है ,वहां मैन्युअल फॉर्म भरवा कर कार्यालय में ऑनलाइन करवा दिया जाता है. उन्होंने आगे कहा कि जिन बूथों पर बीएलओ नहीं है अथवा सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रहे हैं, वैसे समस्याओं का जल्द



ही निवारण किया जाएगा.बीएलए अमित लोहानी ने कहा कि गया महानगर विधानसभा के सभी बूथों पर एजेंट नियुक्त करने का कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा.डॉ कुमार ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलए की संयुक्त बैठक बुलाकर आ रही सभी समस्याओं का निराकरण किया जाय, गया जिला में बड़ी संख्या में मतदाता का नाम छूटा हुआ है ,चुनाव आयोग के द्वारा इस अभियान से मतदाताओं के लिए सुनहरा मौका है जिसके अंतर्गत फॉर्म 06 के माध्यम से नया नाम जोड़ा जाएगा फॉर्म 07 के माध्यम से नाम हटाने का एवं फॉर्म 08 के माध्यम से नाम सुधारने का नियम है बता दे कि 09.12.2023 तक फॉर्म 06,07,एवं 08 भरने का अंतिम तिथि है और 05.01 .2024 को अंतिम प्रकाशन कि तिथि है कई मतदाता केन्द्रों पर इछड के रूप में शिक्षक नियुक्त है .वही अधिकांश मतदान केंद्रों पर आंगनबाड़ी सेविका प्रति नियुक्त है, विगत 38 दिनों से अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर सेविका सहायिका अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है जिससे चुनाव कार्य प्रभावित हो रहा है राज्य सरकार उनकी मांगों को पूरा करे ताकि चुनाव कार्य सुचारू रूप से चलता रहे.

## गया के जिला पदाधिकारी ने समाहरणालय के सभा कक्ष मे आसमा एनीमिया की रोकथाम कर सुरक्षित मातृत्व के संबंध में किया समीक्षा बैठक.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
गया (बिहार)- गया के जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभागार में आसमा- एनीमिया की रोकथाम कर सुरक्षित मातृत्व के संबंध में समीक्षा बैठक किया. बैठक के दौरान आसमा कार्यक्रम के तहत गर्भावस्था के दौरान आयरन फोलेट और आयोडीन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी विशेष रूप से पाई जाती है.मां और नवजात शिशु की पोषक तत्वों की बढ़ती जरूरतों के कारण, ये कमियां मां एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती हैं. एक गर्भवती महिला को एनीमिया तब माना जाता है ,जब गर्भावस्था के दौरान उसकी हेमोग्लोबिन एकाग्रता की 11 ग्राम से कम हो जाती है.गर्भावस्था के दौरान कम हेमोग्लोबिन सांद्रता माध्यम या गंभीर एनीमिया का संकेत समय से पहले प्रसव, मातृ और शिशु मृत्यु दर और संक्रामक रोगों को बढ़ते जोखिम से जुड़ा हुआ है. सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता केवल बहुत कम मात्रा में होती है, लेकिन सामान्य शारीरिक क्रिया, वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक है.आसमा कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि गया जिले में 9 ग्राम से कम हेमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं को अतिरिक्त आयरन युक्त आहार एवं आई०एफ०ए० गोली का सेवन शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराना है.इस कार्यक्रम अंतर्गत गया जिला में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की कमी लाने के उद्देश्य से संचालित किया गया है। गर्भवती महिलाओं में खानपान में व्यवहार परिवर्तन ला कर उनमें एनीमिया की रोकथाम की जानी है, ताकि एनीमिया से ग्रसित महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके एवं जन्म लेने वाले बच्चे का स्वास्थ्य को भी बेहतर किया जा सके.आसमा कार्यक्रम का क्रियान्वयन में प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 ग्राम से कम



हेमोग्लोबिन वाले गर्भवती महिलाओं (एनीमिया से ग्रसित) का वी०एच० एस०एन०डी०/ वंडर कैंप/ आंगनवाड़ी केंद्र/ स्वास्थ्य केंद्र पर कैंप के माध्यम से लाइन लिस्ट तैयार किया गया था.पंचायत स्तर पर चयनित जीविका के सी०एल०एफ के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को संबंधित आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण युक्त भोजन उपलब्ध करवाया गया। एनीमिया से ग्रसित चयनित गर्भवती महिलाओं को आई०एफ०ए अनुपूरक टेबलेट पूरी देखरेख में लगातार 100 दिनों तक खिलाया गया. जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने बैठक के दौरान कहा कि आसमा प्रोजेक्ट के तहत गया जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तहत तीन प्रखंड यथा कोच प्रखंड के 10 पंचायत के 178 गर्भवती महिलाएं, मानपुर प्रखंड के 8 पंचायत के 89 गर्भवती महिलाएं तथा बोधगया के 8 पंचायत के 233 गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया था, जिनका होमो ग्लोबिन 9 ग्राम से कम है.इस प्रकार कुल 26 पंचायत के 500 गर्भवती महिलाओं को लाइन लिस्टिंग कर उन्हें लगातार 100 दिनों तक प्रोटीन युक्त खाना एव आयरन की गोली खिलाने के काम किया गया.जिले के लिये एक अच्छी बात यह है कि उन सभी गर्ववती महिलाओं में हेमोग्लोबिन की काफी आपेक्षित सुधार हुआ है. प्रत्येक गर्ववती महिला में 3 ग्राम से ऊपर हेमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ी है. इनमें से कुछ महिलाओं का प्रसव हुआ है वह भी सामान्य एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव हुआ है। हर 15 दिनों के अंतराल पर नियमित रूप से सभी गर्ववती महिलाओं की हेमोग्लोबिन जांच की जाती रही.जिला पदाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग तथा आ-ईसीडीएस विभाग को निर्देश दिया कि जिले के अन्य और प्रखंडों में यह कार्यक्रम चलाने हेतु प्रस्ताव तैयार करें.विदित हो कि जिला पदाधिकारी के व्यक्तिगत रूप से लगातार गहन समीक्षा एव प्रयास के कारण इन महिलाओं में हीमोग्लोबिन में सुधार लाने का काम किया गया. कोच प्रखंड के मंझियाव पंचायत के बिझड़ी गाँव की रहने वाली पुष्पा कुमारी गर्ववती महिला जिसका मई माह में हीमोग्लोबिन जांच किया गया था उस समय 9 ग्राम था, इन्हें लगातार 100 दिनों तक आसमा प्रोजेक्ट के तहत पोषक युक्त खाना एव आयरन की दवा अपने देख रेख में नियमित रूप से खिलाया गया ततपश्चात काफी बेहतर परिणाम आया कि आज उस गर्ववती महिला का हेमोग्लोबिन 11.2 ग्राम है। और काफी स्वास्थ है। उसी प्रकार कोच प्रखंड की सोसरी कुमारी जिनका पहले 7.5 ग्राम हेमोग्लोबिन था, अब उनका 10.4 ग्राम हेमोग्लोबिन है.मानपुर अलीपुर शादीपुर के नुकसाना खातून जिनका मई माह में 8.4 ग्राम हेमोग्लोबिन था, अब 10 ग्राम है. सिकहर मानपुर के सोनम कुमारी का पहले 8.4 ग्राम हेमोग्लोबिन था, अब 11.6 ग्राम हेमोग्लोबिन है.सभी गर्ववती महिलाएं अब पूरी तरह स्वस्थ्य हैं.

## मां तारा नगरी केसपा के प्रथम महिला शिक्षका स्वर्गीय कमला देवी की मंगलवार के दिन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल .**
गया( बिहार )- गया जिला के टिकारी अनुमंडल अंतर्गत मां तारा नगरी केसपा के प्रथम महिला शिक्षिका एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक स्वर्गीय कमला देवी का मंगलवार के दिन मध्य विद्यालय केसपा में किया जाएगा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन. उक्त जानकारी केसपा निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हिमांशु शेखर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने कहा कि माँ तारा नगरी केसपा की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महिला सशक्तिकरण की प्रतीक स्व कमला देवी ( पति-स्व बैदेही शर्मा ) की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार सुबह 10 बजे मध्य विद्यालय केसपा,टिकारी (गया) के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है. जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित होंगे.

## हंगामा करता शराबी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**
औरंगाबाद (बिहार) 5 नवंबर 2023 :- रिसियप थाना की पुलिस ने शनिवार की शाम सात बजे शराब के नशे में धुत युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान बुमरू गांव निवासी रणजीत सिंह के रूप में हुई है। यह कार्यवाही एसआई रविंद्र नाथ गुप्ता ने की। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि युवक शराब पीकर गांव में हंगामा कर रहा था। इस दौरान ग्रामीण ने पुलिस को सूचना देकर शराबी को गिरफ्तार करवा दिया।

## लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**
औरंगाबाद (बिहार) 5 नवंबर 2023 :- कुटुंबा थाना की पुलिस नें शनिवार की रात्रि ग्यारह बजे छापेमारी कर तीन वारंटी को घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान कठरी गांव निवासी बाला पासवान, दीपक पासवान तथा बिशुनपुर खैरा गांव निवासी जगजीवन राम के रूप में हुई है। यह कार्यवाही पीएसआई प्रशांत त्रिवेदी ने की।

## कल्पवृक्ष महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर बैठक

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**
औरंगाबाद (बिहार) 5 नवंबर 2023 :- कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाला कल्पवृक्ष महोत्सव 26, 27 और 28 नवंबर को किया जाएगा। महोत्सव की तैयारी को लेकर कल्पवृक्ष धाम समिति ने रविवार को धाम परिसर में बैठक की। सर्व सम्मति से महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। महोत्सव के प्रचार प्रसार के लिए 26 नवंबर को साइकिल रैली निकाली जाएगी। उद्घाटन के पश्चात देवी गीत एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 27



नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 28 नवंबर को महिला कबड्डी और पुरस्कार वितरण के बाद महोत्सव का समापन किया जाएगा।
18 नवंबर को बाबा गणेश दास की पुण्यतिथि मनाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कल्पवृक्ष धाम समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह तथा संचालन प्रवक्ता सह संयोजक शैलेंद्र कुमार सिंह ने की। इस मौके पर धर्मेंद्र मालाकार, जितेंद्र सिंह, विरेंद्र पांडेय, विजय यादव, राजेंद्र सिंह, अवधेश कुमार समेत दर्जनों लोगों उपस्थित हुए।

## धर्म जागरण समन्वय की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**
औरंगाबाद (बिहार) 5 नवंबर 2023 :- धर्म जागरण समन्वय ने रविवार को कुटुंबा में अमरेंद्र दुबे के आवास पर बैठक की। इस दौरान धर्म जागरण प्रांत सहसंयोजक अरुण कुमार ने बौद्धिक एवं धर्म सभा में सभी लोगों को संस्कारित करने की बात कही।



उन्होंने कहा कि सभी गांव में इस तरह के कार्यक्रम होनी चाहिए। तभी बच्चों को संस्कारी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने धर्म सभा सम्मेलन और भारत माता पूजन करने की चर्चा की। इस मौके पर धर्म जागरण जिला प्रमुख अजीत कुमार सिंह, परियोजना प्रमुख अजय पासवान, खंड संयोजिका ममता पासवान, संतोष सिंह, शिवदीप सिंह, दीपक गुप्ता, गोलु दुबे, कमला दीदी, माला सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थें

## औरंगाबाद समाहरणालय के समूह (घ) से ( ग) में प्रोन्नति पा चुके 12 कर्मियों ने जिला पदाधिकारी से योगदान करने को लेकर लगाया गुहार.

**दैनिक समाज जागरण (वरीय संवाददाता)**
औरंगाबाद (बिहार)-औरंगाबाद समाहरणालय के समूह (घ) से (ग) में प्रोन्नति पा चुके 12 कर्मियों ने योगदान करने को लेकर जिला पदाधिकारी को शिकायत आवेदन देकर गुहार लगाया है . शिकायत आवेदन में समाहरणालय के प्रोन्नत पा चुके 12 चतुर्थवर्गीय कर्मियों ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वर्ष 2018 मे हम सभी 12 कर्मियों का प्रोनोति निमानुकूल किया गया. लेकिन जिला स्थापना शाखा के कर्मियों के मनमानी रवैया के कारण वैसे कर्मियों को योगदान कर दिया गया




.जिन्होंने ना प्रोनोति पा चुका है और ना ही उनकी प्रोन्नति से संबंधित कार्यवाही का निर्णय कमेटी द्वारा लिया गया . आश्चर्य की बात यह है कि जिस समय समाहरणालय में समूह घ से ग में प्रोन्नति से संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन- 02/16- 17 किया गया था. उस समय ही समूह घ के कुछ कर्मियों ने जिला स्थापना शाखा से इंटरमीडिएट (कला) की परीक्षा में शामिल होने हेतु अनुमति की मांग किया. वैसे कर्मियों को भी प्रोन्नति दे दिया गया. जबकि 12 कर्मियों का योगदान समूह( घ )से( ग) में अभी तक नहीं कराया गया है जिन्होंने सभी शर्तों को पूरा करता है. समाहरणालय के समूह( घ) कर्मियों ने आगे कहा कि जिला पदाधिकारी से लेकर आयुक्त मगध प्रमंडल गया ,मुख्यमंत्री जन शिकायत कोषांग, सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना एवं माननीय उच्च न्यायालय पटना के न्यायमूर्ति के आदेश बावजूद भी प्रोन्नत पा चुके 12 कर्मियों की योगदान अभी तक नहीं कराया गया है. जिससे जिला स्थापना शाखा के कार्य शैली पर सवालिया निशान जरूर खड़ा करता है.आश्चर्य की बात यह है कि मनमानी करने वाले लिपिक कर्मियों पर आखिर पदाधिकारी की डंडा क्यों नहीं चलती. अगर चलती तो अभी तक मनमानी करने वाले समाहरणालय के लिपिक के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं किया गया. क्या? इसी तरह से चलते रहेगी, औरंगाबाद समाहरणालय के लिपिक कर्मियों की मनमानी . क्या ?औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री वैसे लिपिक कर्मियों पर जांच करते हुए कार्रवाई कर पाएंगे. जिन्होंने मनमानी तरीके से पदाधिकारीयो को षड्यंत्र के तहत फसाने का काम किया करते है. इस तरह के प्रश्न औरंगाबाद के कर्मियों के जेहन में कौध रही है .औरंगाबाद समाहरणालय के कर्मियों ने जिला प्रशासन से शीघ्र 12 प्रोन्नत पा चुके कर्मियों का योगदान करने की मांग किया है.

## औरंगाबाद सृजन विभाग के मुख्य अभियंता के आश्वासन के बावजूद भी मौसमी कर्मियों को नहीं समय पर किया गया

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**
औरंगाबाद( बिहार):-- "सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों को सालों भर काम देने के लिए अभियंता प्रमुख,पटना ने राज्य के सभी चीफ इंजीनियरों को ,जो पत्र लिखा है, उससे मौसमी कर्मियों की सेवा नियमितीकरण की उम्मीदें काफी बढ़ी हुई है. लेकिन फिर भी सेवा के इस नियमितीकरण के हक को हासिल करने के लिए हमें मजबूती के साथ एकताबद्ध होकर भागीरथ प्रयास करना होगा."-- उक्त बातें महासंघ(गोप गुट) के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार ने सिंचाई विभाग के प्रांगण में मौसमी कर्मियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही . उन्होंने कहा कि विगत 08 सितंबर 2023 को चीफ इंजीनियर औरंगाबाद ने मौसमी कर्मियों के प्रदर्शन के दौरान उनके प्रतिनिधियों के साथ किए गए शिष्टमंडल वार्ता में आश्वासन देते हुए

### फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल

# फारबिसगंज में सिविल कोर्ट का न्यायमूर्ति सीपी सिंह ने किया उद्घाटन।

## अररिया न्यायालय में लंबित 4500 दिवानी मामले जल्द होंगा फारबिसगंज सिविल कोर्ट में ट्रांसफर।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



अररिया। फारबिसगंज सिविल कोर्ट का शनिवार को हाई कोर्ट पटना के न्यायमूर्ति सीपी सिंह ने उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति का मिथिला पारंपरिक तरीके से बच्चों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में निर्धारित समय से पहले गणमान्य नागरिक सहित अधिवक्ताओं के अलावे कई संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। वर्तमान समय में फारबिसगंज सब डिवीजन का अररिया न्यायालय में तकरीबन साढ़े चार हजार दिवानी वाद के मामले लंबित है, जो अब फारबिसगंज सिविल कोर्ट में जल्द ही स्थानांतरित की जाएगी। इसके साथ ही अनुमंडल क्षेत्र के तकरीबन आठ लाख लोगों को न्याय का द्वार अपने ही घर के समीप होगा। अब अररिया जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ साथ सस्ता और सुलभ न्याय के सरकारी दावे धरातल पर देखने के लिए मिलेगा। वर्तमान समय में अनुमंडलीय कोर्ट में डीसीएलआर के यहां म्यूटेशन अपील, बंटाईदार मुकदमा, 48 ई के अलावा एसडीओ कोर्ट में 144, 147, 107, 48 से अधिक मामले लंबित हैं।

**स्कूली बच्चों ने पारंपरिक पर्व त्योहारों सहित आस्था का महापर्व छठ की प्रस्तुति दीः-**

स्कूली बच्चों ने स्वागत गान की प्रस्तुति के साथ ही अधिवक्ताओं के दोनों संघों ने बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। खास बात यह कि मिथिला परंपरा के तहत पाग भी पहनाया गया। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि विशेष सचिव विधि विभाग पटना, जिला जज, सीजेएम, डीएम एवं एसपी को बुके, शॉल व पाग पहनाकर स्वागत किया। पाई वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने न्यायमूर्ति को पेंसिल आर्ट भेंट किया। समारोह के दौरान स्कूली बच्चों ने पारंपरिक पर्व त्योहारों सहित आस्था का महापर्व छठ की प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराया। जबकि इससे पहले न्यायमूर्ति के अनुमंडल कार्यालय परिसर में आगमन होते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित अधिवक्ताओं ने न्यायमूर्ति का जमकर स्वागत किया। जिसके बाद स्कूली बच्चों ने तिलक लगाया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जिला जज हर्षित सिंह ने किया, जबकि मंच संचालन सीजेएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने बखूबी निभाया। वहीं फारबिसगंज में सिविल कोर्ट का उद्घाटन होने से क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष का माहौल है।

# दीपावली पर घरौंदा बनाए जाने की परंपरा सदियों पुरानी है

## समय के साथ-साथ घरौंदा में भी बदलाव देखने को मिल रहा है

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**



भारतीय संस्कृति में हर त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।वहीं इन त्यौहारों का विशेष महत्व भी होता है। बात रोशनी के पर्व दीपावली की हो तो यह और भी खास हो जाता है। दीपावली पर घरौंदा बनाए जाने की परंपरा सदियों पुरानी है। कार्तिक महीने में घर की साफ सफाई में लोग जुट जाते हैं और दीपावली आगमन पर घरों में घरौंदा का निर्माण करते हैं। सामान्य तौर पर दीपावली के अवसर पर अविवाहित लड़कियां घरौंदा का निर्माण करती है। ताकि उनका घर भरा भरा रहे। दीपावली के मौके पर गणेश लक्ष्मी की पूजा के साथ-साथ बेटियां घरौंदा एवं रंगोली बनाकर उसकी पूजा करती है। अब जमाना काफी हाईटेक हो गया है कि धीरे-धीरे आज की नई पीढ़ी परंपराओं को पीछे छोड़ती जा रही है। लोग आगे बढ़ाने की होड़ में अपनों के साथ-साथ रिती रिवाज भी भूलते जा रहे हैं।दीपावली में धनतेरस के दिन से ही कुबेर पूजा, आभूषण बर्तन खरीद, लक्ष्मी गणेश पूजा, घरौंदा भरना, रंगोली बनाना आदि परंपराएं निभानी शुरू हो जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान राम वनवास के बाद नगर आगमन से ही उनकी नगरी फिर बसी है। इसी को देखते हुए लोगों ने घरौंदा बनाकर उसे सजाने का प्रचलन हुआ। इसे प्रतीकात्मक रूप से नए नगर के बेसन को लेकर देखा जाता है। आमतौर पर घर की लड़कियां घरौंदा को बनाने और सजाने का काम करती है।दिवाली पर मिट्टी से बने दिये और खिलौने का प्रचलन है। घरौंदा को सजाने के लिए कुल्हिया चुकिया का इस्तेमाल किया जाता है। और लड़कियां इसमें फरही, मिष्ठान और अन्न आदि भरती है। ऐसी मान्यता है कि भविष्य में वह जब कभी भी वह दांपत्य जीवन में प्रवेश करें, तो उनका संसार भी सुख समृद्धि से भरपूर रहेगा। जैसे धनतेरस के दिन से ही घर में दिये जलने शुरू हो जाते हैं। उसी तरह घरौंदा में भी शाम के समय दिए जलाए जाते हैं। रंग बिरंगे से रंगोली बनाई जाती है। घरौंदा में दिये जलाने के साथ लक्ष्मी गणेश की पूजा भी करते हैं। जिससे घर में खुशहाली आती है। समय के साथ-साथ घरौंदा में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। अब बाजार में मिट्टी व लकड़ी से बनाए घरोंदे भी बिकने लगे हैं।

# फुलकाहा पुलिस ने सुरसर नदी से अवैध खनन कर लाए जा रहे बालू लोड ट्रैक्टर ट्राली को किया जब्त।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




अररिया। नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के सुरसर नदी सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार बालू खनन माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। अवैध खनन मामले को लेकर रविवार को वरीय अधिकारी के निर्देश के आलोक में फुलकाहा थाना पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए सुरसर नदी से बालू लोड करके आ रहे इंडो नेपाल सीमा सड़क मानिकपुर गांव के समीप अवैध खनन कर ले जाते हुए बालू लोड ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर थाना लाया, जहां अवैध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ट्रैक्टर चालक घूरना निवासी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। विदित हो कि नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र में लगातार स्थानीय प्रशासन के द्वारा अवैध खनन पर अंकुश लगाने को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। दो माह पूर्व भी नरपतगंज पुलिस ने पलासी से बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया था। पिठौरा मेन केनाल नहर में अवैध खनन के दौरान नरपतगंज पुलिस टीम व सिंचाई विभाग की टीम ने छापेमारी कर बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया था। चार माह पूर्व फुलकाहा थाना पुलिस भी बालू लोड दो ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर कार्रवाई किया गया था। विदित हो कि सुरसर नदी खनन माफियाओं का बहुत बड़ा अड्डा बना हुआ है। जहां आगामी छठ पूजा को लेकर छठवर्ती अस्थायी घाट बनाने में लगी हुई है,वहीं खनन माफिया नदी के समतलनुमा स्थल को गड्ढा युक्त बनाने में लगे हुए हैं। और हिंदुओं का महापर्व छठ को लेकर अधिकारी मौन बैठे हुए है। नाम नहीं छापने के शर्त पर स्थानीय लोग बताते हैं सुरसर नदी से प्रत्येक दिन सुबह 3:00 से 8:00 तक दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली से बालू व मिट्टी खनन कर ले जाया जाता है। जिसकी सूचना व जानकारी खनन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी को भी है। अभी भी खनन माफिया नदी के सूखे स्थान पर बालू का ढेर कर रखे हुआ है, वरीय अधिकारी अगर इसकी जांच करें तो स्पष्ट हो जाएगा। नदी में पानी घटते ही खनन का सिलसिला जारी है। जो आने वाले बरसात के समय बाढ़ का भयावह रूप ले सकता है।

# शंकरपुर में जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



अररिया। जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के शंकरपुर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस बीच दोनों पक्षों ने एक दूसरे को मारकर बुरी तरीके से घायल कर दिया। घायल की स्थित गंभीर होने के कारण परिजनों द्वारा घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद भरगामा अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बारे में एक पक्ष के प्रमोद मेहता ने बताया कि जिस जमीन के वजह से विवाद हुआ है। उस विवादित जमीन के मामले से पुलिस प्रशासन भी अवगत है। क्योंकि उस विवादित जमीन पर धारा 107 तथा धारा 144 महीनों पूर्व से लागू है। जबकि घटनाक्रम के बारे में पीड़ित शंकरपुर पंचायत के गजबी वार्ड 09 निवासी अनिल मेहता,सुशील मेहता दोनों के पिता स्वर्गीय कुलानंद मेहता,मनोज मेहता पिता राजेंद्र मेहता ने बताया कि 05 नवंबर रविवार को सुबह के लगभग 08 बजे पड़ोस के हीं अनमोल मेहता पिता जगदीश मेहता,श्याम मेहता पिता सूर्यनारायण मेहता,विष्णुदेव मेहता,नित्यानंद मेहता,संतोष मेहता सहित उनके दर्जनों लोगों ने विवादित जमीन को अपने दबंगई के बल पर ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इसी क्रम में हमलोगों ने जमीन जुताई करने से मना किया तो उनलोगों ने हमलोगों के ऊपर अंधाधुन लाठी बरसाना शुरू कर दिया और धारदार हथियार से हमलोगों को मारकर बुरी तरीके से घायल कर दिया। इस घटना में अनिल मेहता एवं मनोज मेहता का सिर पर गंभीर चोट आई है। जबकि सुशील मेहता का हाथ टूट गया है। वहीं दूसरे पक्ष के संतोष मेहता ने बताया कि हमलोगों को उस जमीन को जोतने के लिए न्यायालय से आदेश प्राप्त है। इसीलिए हमलोग उस जमीन को जोत रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी प्रमोद मेहता,रमेश मेहता,अनिल मेहता सहित दर्जनों लोगों ने लाठी-डंडे के बल पर जमीन जोतने से मना करने लगा। इसी पर विवाद होते-होते मारपीट चालू हो गया। जिसमें मेरे पक्ष के अनीता देवी पति श्याम मेहता,अनीता देवी पति नित्यानंद मेहता के सिर में गंभीर चोट लगी है। जबकि श्याम मेहता और विष्णुदेव मेहता बुरी तरह से घायल हो गए। वहीं विवाद शांत कराने के लिए मौके पर पहुंचे मुखिया उमेश यादव ने बताया दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे को मारपीट कर जख्मी कर दिया है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए भरगामा अस्पताल भेजा गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची भरगामा पुलिस के एएसआई गौरीशंकर यादव को लोगों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच काफी वक्त से जमीन विवाद चल रहा है,जिसको लेकर दोनों पक्ष के बीच मारपीट हुआ है। जबकि अनुसंधान में जुटी भरगामा पुलिस के एएसआई गौरीशंकर यादव ने पत्रकारों को बताया कि मामूली जमीन विवादों में दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे को मारकर घायल कर दिया। हालांकि इस संबंध में जब प्रभारी थाना अध्यक्ष अजीत कुमार चौधरी से देर शाम को बात किया गया तो उन्होंने बताया कि इस घटना की लिखित जानकारी थाना में अब तक नहीं दिया गया है।

# गड़बड़ी : इंडो-नेपाल सीमावर्ती इलाके में नकली रुपये के धंधे में शामिल हो रहे युवा

## झापा जिला पुलिस ने किशनगंज के छः लोगों को निकली नेपाली रुपये के साथ लिया हिरासत में

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



गलगलिया(किशनगंज) । नेपाल की झापा जिला पुलिस ने किशनगंज(बिहार) के छः लोगों को निकली नेपाली रुपये के साथ हिरासत में लिया है । हिरासत में लिए गए अभियुक्तों के नाम 24 वर्षीय अंजार आलम,19 वर्षीय अजरत अली, 18 वर्षीय महबुल हक, 19 वर्षीय परवेज आलम, 22 वर्षीय साकिब आलम और 20 वर्षीय अजमल हक बताया गया है ।

जानकारी देते हुए झापा जिला डी एस पी खगेन्द्र प्रसाद रिजाल ने बताया कि झापा जिला पुलिस द्वारा जाँच के क्रम में दो भारतीय बाइक के साथ उक्त छः लोगों को एक हजार रुपये के तीन नकली नेपाली नोटों के साथ हिरासत में लिया गया । उन्होंने बताया कि जाली नोटों के साथ गिरफ्तार लोगों को आवश्यक जांच के लिए जिला पुलिस कार्यालय झापा लाया गया । पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि नेपाली नकली नोट भारत से नेपाल क्यों लाए गए थे । पूछताछ के क्रम 24 वर्षीय अंजार आलम को छोड़कर अन्य पाँच लोगों की इसमें संलिप्तता नहीं होने के कारण इन्हें फिलहाल आवश्यक कारवाई के बाद रिहा कर दिया गया है । वहीं अभी पुलिस 24 वर्षीय अंजार आलम से जिला पुलिस कार्यालय झापा में पूछताछ कर रही है । उन्होंने कहा, कि घटना में शामिल लोगों को कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा।

# फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मझुआ में 16 बर्ष की इंटर की छात्रा का संदिग्ध स्थिति में पेड़ से लटका शव मिला।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



अररिया। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मझुआ गांव में संदीप स्थिति में एक 16 वर्षीय छात्रा की शव पेड़ में लटका मिला। परिजनों ने हत्या कर पेड़ से शव को लटका देने की आशंका जाहिर की।सुबह में बड़ी नहर के किनारे मॉर्निंग वॉक के दौरान जब लोगों ने देखा तो फारबिसगंज थाना पुलिस को सूचना दी गई।जिसके बाद फारबिसगंज डीएसपी समेत थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और मामले की तफ्तीश में जुट गई।पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया है।मृतका की पहचान मझुआ वार्ड संख्या सात के रहने वाले संतोष मंडल की पुत्री शिवानी कुमारी के रूप में की गई है,जो फारबिसगंज के भगवती देवी गोयल बालिका उच्च विद्यालय में इंटर की छात्रा थी।वह शनिवार के शाम छह बजे से ही गायब थी। प्रेम प्रसंग में हत्या कर शव लटका कर खुदकुशी दिखाने की कोशिश का आरोप परिजनों ने बगल के ही भुट्टू नामक युवक पर लगाया है। डीएसपी खुशरू सिराज ने मामले को विभिन्न बिंदुओं पर जांच करने के बात करते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही स्पष्ट होने की बात कही है।

# सरकारी बंदोबस्त भूमि का अवैध अंतरण मामले पर बंदोबस्तधारी को हुआ नोटिस, जमाबंदी होगी रद्द - अपर समाहर्त्ता

## *किशनगंज अंचल अंतर्गत लगभग 35 जमाबंदी रैयत को 17 नवंबर को सुनवाई में उपस्थित होकर देना होना जवाब, अन्यथा होगी कार्रवाई*

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज,05 नवंबर। सरकारी भूमि बंदोबस्त होने के उपरांत बंदोबस्तधारी के द्वारा येन - केन प्रकरेण भूमि को दूसरे व्यक्ति के नाम अंतरण किए जाने के मामलों को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। किशनगंज अंचल अंर्तगत 50 एकड़ सरकारी भूमि बंदोबस्त पर अपर समाहर्त्ता अनुज कुमार ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि किशनगंज अंचल अंर्तगत लगभग 35 जमाबंदी रैयत को चिन्हित किया गया है, जो सरकारी योजनाओं/प्रावधान का लाभ लेकर बंदोबस्ती के तहत जमीन हासिल किए है,परंतु अन्य किसी व्यक्ति को बिक्री/ अंतरित कर दिए हैं। किशनगंज अंचल के चकला ,सिघिया,घोड़ामारा, टूपामारी और अन्य मौजा में ऐसे मामले संज्ञान में आए हैं।

अपर समाहर्त्ता श्री कुमार ने बताया कि बंदोबस्तधारी को स्वयं उपस्थित होकर 17 नवंबर को उनके न्यायालय में सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई है। तत्पश्चात अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी भूमिहीन सरकारी जमीन का बंदोबस्त प्राप्त करता है तो उसे नियमानुसार बिक्री/स्थानांतरित नहीं कर सकता है। यद्यपि विशेष परिस्थिति में भी उसे संबंधित समाहर्त्ता के यहां सूचना देकर सरकारी प्रावधान के आलोक में अनुमति लेना आवश्यक होता है तथापि बंदोबस्त भूमि की बिक्री/अंतरण नहीं किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए बताया कि अवैध अंतरण पर जमाबंदी रद्दीकरण होगा।

# 18-19 साल के युवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में शामिल करें-डीएम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05 नवंबर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, किशनगंज तुषार सिंगला के द्वारा शनिवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक जागरूकता कार्यक्रम (रशएएढ) पर सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) अपने-अपने क्षेत्रों में महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब का आयोजन कराएं। छात्र-छात्राओं के बीच इन्टरेक्टिव सेशन आयोजित कर युवा एवं महिला निर्वाचकों को निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करें। 18 से 19 साल के युवकों एवं युवतियों का नाम निर्वाचक सूची में शामिल करें। डीएम ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को जिला में निर्वाचन साक्षरता, पंजीकरण तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित स्वीप गतिविधि के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का निदेश दिया। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को कहा कि समाज के भेद्य( वल्नरेबल) समूहों के बीच सघन जागरूकता अभियान चलाएं। विकास मित्रों, तालिमी मरकज, आगनबाँड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं, आशा कार्यकताओं, जीविका दीदियों, प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों एवं अन्य को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल करे। सभी स्टेकहोल्डर्स यथा शिक्षा, कल्याण, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, बैंकिग, पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग, नागरिक समाज एवं अन्य को इससे जोड़ें। बैठक में डीएम ने बताया कि दिनांक 01.01.2024 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2024 कार्यक्रम प्रारंभ हो चुका है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन 27 अक्टूबर, 2023 (शुक्रवार) को किया गया। दावा एवं आपत्ति प्रक्रियाधीन है। दिनांक 26 दिसम्बर, 2023 (मंगलवार) तक दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा। निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 05 जनवरी, 2024 को किया जाएगा। डीएम ने कहा कि विशेष अभियान दिवस आयोजित कर निर्वाचको को जोड़ें। इस दरम्यान सभी मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ), सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) तथा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहेंगे तथा भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप मतदाताओं का पंजीकरण कार्य करेंगे।

डीएम ने कहा कि योग्य मतदाताओं को सहायता के लिए सम्पूर्ण निर्वाचन तंत्र तत्पर है। मतदाताओं को निर्वाचन सूची में पंजीकरण के लिए प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रपत्रों तथा प्रक्रिया की जानकारी दी जाती है। सभी प्रपत्रों में ऑन-लाईन आवेदन हेतु नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल तथा वोटर हेल्प लाईन ऐप का प्रयोग किया जा सकता है। ऑफ लाईन आवेदन हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय, अनुमण्डल निर्वाचन कार्यालयों तथा बीएलओ से सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही मतदाता हेल्पलाईन 1950 का प्रयोग कर पंजीकरण से संबंधित अन्य जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है। फार्म-6 नया मतदाता बनने के लिए, फार्म-6क भारत से बाहर रहने वाले प्रवासी निर्वाचकों के पंजीकरण के लिए, फार्म-6ख स्वैच्छिक रूप से आधार से अपना मतदाता पहचान पत्र जोड़ने के लिए, फार्म-7 निर्वाचक सूची से नाम हटाने के लिए एवं फार्म-8 पता परिवर्तन, ढ्दऊचिह्नीकरण, मतदाता सूची में संशोधन या अपने ईपिक में बदलाव करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। जन्म तिथि प्रमाण (आधार), सामान्य निवास स्थान का प्रमाण तथा फोटोग्राफ्स के आधार पर कोई भी योग्य नागरिक नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल तथा वोटर हेल्पलाईन ऐप (वीएचए) के माध्यम से घर बैठे सारी सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

सभी योग्य व्यक्ति जो वर्ष में चार अर्हता तिथियो 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई, 1 अक्टूबर मे से किसी भी अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हों, निर्वाचक सूची में पंजीकरण के लिए ऑफलाइन या ऑनलाईन आवेदन फार्म 6 मे कर सकते हैं।

पंजीकरण करवाने के बाद मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एपिक) जारी किया जाएगा।ऑनलाईन आवेदन वोटर हेल्पलाइन ऐप , वोटर सर्विस पोर्टल, सक्षम ऐप (ढ्दऊ मतदाताओ हेतु)के द्वारा किया जा सकता है ।गौरतलब हो कि प्रत्येक वर्ष निर्वाचक सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण के पश्चात सतत अद्यतीकरण कार्य किया जाता है।

# मदरसा मजहरिया इस्लामिया कलकली में शिक्षक भर्ती में अनियमितताः हसीबुर रहमान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड क्षेत्र के पाटकोई कलां पंचायत में स्तिथ मदरसा मजहरिया इस्लामिया कलकली में अवैध तरीके से तीन शिक्षक बहाली कमिटी द्वारा किया गया हैं,जिसकी जांच और कार्यवाही के लिए राष्ट्रपति सचिव को यचिका दायर किया गया था? जिसमे सचिवालय द्वारा बिहार सरकार को जांच कर संबंधित शिक्षक एवं कमिटी के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया हैं। बहाली हाल ही में हुई हैं, आरटीआई आवेदन करने पर प्रभारी प्रधान मौलवी द्वारा जवाब नहीं दिया जा रहा है,जिस कारण प्रथम अपील जिला शिक्षा पदाधिकारी किशनगंज को दायर किया गया हैं। तीन नवनिर्वाचित शिक्षको का नाम इस प्रकार हैंः1. इंतजार आरिफ पद फाजिल (हेड मौलवी),2.शाहबाज आलम पद मौलवी,3. साजिद आलम पद मैट्रिक ट्रेंड यह तीनो शिक्षको की नियुक्ति मदरसा कमिटी के सचिव आफाक आलम एवं मदरसा कमिटी के द्वारा लाखो रुपए वसूल कर किया गया हैं,जिसकी जानकारी मदरसा के पोषक क्षेत्र के लोगो भी नही हैं, मदरसा में बहाली के संबंध में कोई भी विज्ञापन भी न्यूज पेपर नही दिया गया हैं,ताकि किसी को पता नही चल सके। मदरसा में योगदान दिए बिना तीनो शिक्षक लगभग 5 महीने से वेतन वसूल रहे हैं, इसकी शिकायत सभी वरीय अधिकारी को किया गया हैं। हाल ही में अगस्त महीने में जब यह तीनो शिक्षक मदरसा में आने लगे तो आसपास के लोगों में एक सनसनी फैल गई जिसकी जानकारी मुझे ग्रामीणों से मिली हैं। उपयुक्त मामले पर बहुत जल्द कार्यवाही होगी।

# क्लश यात्रा को रोके जाने से प्रशासनिक निर्णय से धरना कर्मी असंतुष्ट

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**

05 अक्टूबर ।बिहार के सीमावर्ती जिला किशनगज प्रखंड के टेऊसा पंचायत कैलास चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निकली क्लशयात्रा को टेऊसा रोड बलीचुका मोड़ के पास एक विशेष समुदाय के द्वारा रोके जाने और उन समुदाय के लोगों के अभद्र व्यवहार से भड़की महिला क्लशयात्री। आक्रोशित महिलाओं ने कैलाश चौक स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को धरना पर बैठ गये और दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। धरना में बैठे महिलाओं को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप ,भाजपा युवा मोर्चा के नेता अंकित कौशिक ,विश्व हिन्दु परिषद के नेता संजय सिंह ,मुकेश मल्लिक ,नीरज मिश्रा तथा आरएसएस के स्वयंसेवक मनीश ठाकुर सहित अन्य प्रमुख हिन्दू समाज के लोगों का भी साथ मिला। धरना पर बैठे भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप ने कहा कि दोषी की गिरफ्तारी हो क्योंकि सार्वजनिक रास्ते पर सभी को आवागमन करने का अधिकार है। शेरशाहवादी समुदाय के मुहल्ले से गुजरने वाली क्लशयात्रा वहां के लोगों ने रास्ता रोककर मना किया और कहा कि रोज-रोज का ये पूजा-पाठ से हमलोग तंग आ चुके हैं। दुसरे रास्ते से जाने को कहा गया और महिला क्लश यात्री से अभद्रता से पेश भी आए हैं। इसलिए दोषी पर कार्रवाई होनी चाहिए।अन्यथा उस समाज के लोग आश्वस्त करें कि दोबारा ऐसी गलती नही होगी और दोषी व्यक्तियों से भरी समाज में महिलाओं से माफी भी मांगी जाए ।वही विहिप जिला मंत्री संजय सिंह ने कहा कि बंगाल के तर्ज पर अब किशनगंज जिले में इस क्षेत्र के बहुसंख्यक आबादी वाले यहां के जन -प्रतिनिधि संविधान की दुहाई देकर सेकुलर होने का राग अलापते हैं और दुसरी ओर हिन्दु समाज की महिला अपने गांव मुहल्ले में पूजा-पाठ के तहत क्लश यात्रा निकालते हैं तो उक्त समुदाय के लोगों के द्वारा हमारी मां बहनों की पूजा-अर्चना में बांधा उत्पन्न करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं उन सेकुलर लोगों से जब यह देश सबका है तो सड़क भी सार्वजनिक है तो क्यों उस समुदाय के लोगों को क्लशयात्रा गुजरने पर आपत्ति होती है। उन्होंने कहा कि क्लशयात्रा को रोका गया और महिला क्लश यात्री के साथ अभ्रद व्यवहार भी किया है। जिसकी हमलोग घोर निन्दा करते हैं और सार्वजनिक सड़क पर क्लशयात्रा रोककर अभ्रद व्यवहार करना अपराध है। अतः आरोपियों पर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करता हूं ताकि पुनः ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो।

वही मामले में क्लशयात्रा में शामिल महिलाओं में पिंकी देवी ने बताया कि हमलोग मां भगवती की पूजा के लिए कैलाश चौक दुर्गा मंदिर से शनिवार को क्लश लेकर देवीगाड़ा घाट से जल लाने निकले थे और रास्ते में बलीचुका मोड़ के करीब शेरशाहवादी मुहल्ले से गुजरने नहीं दिया गया और कहा कि रोज-रोज ये कौन- सा नौटंकी है दुसरे रास्ते से चले जाओं और इस रास्ते से नहीं जाने देंगें।हम जाने के लिए अड़े रहें तो हमलोगों के साथ अभ्रदता से पेश आया।

दो समुदाय के बीच बढ़ते विवाद को लेकर सदर थानाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचें ।टेऊसा पंचायत पूर्व मुखिया सह पूर्व एआईएमआईएम विधायक एवं वर्तमान राजद जिलाध्यक्ष कमरूल हुदा भी उपस्थित रहकर दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया । जिसमें दोषी पक्षों के लोगों ने उपस्थित होकर धरना स्थल पर माफी मांगी। मगर धरना पर बैठे लोगों ने कहा यह बात लिखित में देना कि दोबारा ऐसी गलती की नहीं होगी।दोषी को सामने आकर माफी मांगने होगें अन्यथा दोषी की गिरफ्तारी हो । धरना में बैठे लोग प्रशासनिक फैसले से असंतुष्ट दीखें और तनाव पूर्ण स्थिति में धरना समाप्त हुआ।

# 14 नवम्बर को ए.के.एफ ग्रामीण चिकित्सक मंच का प्रदेश स्तरीय होगा सम्मेलन

**रमण किशोर चौबे, दैनिक समाज जागरण, जिला संवादाता**

ए.के.एफ ग्रामीण चिकित्सक मंच का सीएमई सह ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन 14 नवम्बर को सासाराम स्थित होटल मंगलम मे किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए ग्रामीण चिकित्सक मंच के, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट बिहार प्रांत सह शाहाबाद प्रभारी अध्यक्ष,संरक्षक डॉ.आलोक तिवारी ने बताया कि हमारे राष्ट्रीय संरक्षक डॉ मिथिलेश चौबे के मार्गदर्शन मे सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।बर्तमान मे जिले और पूरे राज्य मे सभी हॉस्पिटल और क्लिनिक का जाँच स्वास्थ्य बिभाग के द्वारा किया जा रहा है,जिससे ग्रामीण चिकित्सको को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, मुद्दा ये है कि जब सभी को ट्रेनिंग दिया जा रहा हैं, लेकिन नियुक्ति नहीं,ऐसा क्यू ? यदि सरकार सच मे ग्रामीण चिकित्षकों का भला सोच रही है तो ट्रेनिंग पास करते हि तुरंत नियुक्ति क्यु नहीं किया जा रहा हैं। ग्रामीण चिकित्षक अपने पास सर्दी बुखार जैसे प्राथमिक उपचार के लिए कुछ दवाइया रखते हैं। क्योंकि उन्हे सिर्फ दवाइयो से हि कुछ आय होती है। लेकिन बिना ड्रग लाइसेन्स दवा रखने पर ड्रग अधिकारी के द्वारा भी कानूनी करवाई का डर है, तो ऐसे मे करे क्या, अपनी जीविका चलाने कर लिए अनेको बार संस्था के अधिकारियों ने सरकार से मिलकर इन सभी बिन्दुओ पर चर्चा और समाधान हेतु प्रयास किया। कुछ फर्जी संस्थाओ के द्वारा भ्रम फैलाने



औ शोषण करने तथा सरकार की नजर मे गिराने का कार्य भी किया जा रहा है ताकि अपनी जेब भर सके। या राजनीति की रोटी सेक सके। कभी धरना प्रदर्शन कर नाम तो कभी किसी मीटिंग के नाम पर लाखो की वसूली की जाति है, हम यहा स्पष्ट कर देना चाहते है की हमलोग, जात पात और राजनीत से हट कर शांति पूर्वक अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। इस समारोह मे गणमान्य अतिथि के रूप मे माननीय पंचायती राज्य मंत्री मुरारी प्रशाद गौतम, अल्प संख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान,अति पिछड़ा वर्ग कल्याण बिभाग मंत्रि श्रीमती अनिता चौधरी,अलोक कुमार सिंह,वरिष्ठ समाज सेवी जदयू एमएलसी जीवन कुमार,बिधायक राजेश गुप्त्ता, बिधायक संतोष मिश्रा,बिधायक विजय मंडल एवं संरक्षक के रूप मे समाज के वशिष्ठ मगदर्शक एवं समाजसेवी फूलन पांडे,सासाराम, सुनील सिंह,बिश्रामपुर, हिटलर पांडे,सासाराम,रविभूषण पांडे,सासाराम,जीवन,डेहरी ऑन सोन, सुहैल अख्तर,सासाराम,डॉ मनीष कुमार सिंह,वाराणसी,डॉ मुस्तकीम अहमद की उपस्थिति मे संपन्न होगा।

# 6 दिवसीय कौशल विकास और रोजगारोंन्मुखी व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत बिक्रमगंज शहर के इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय के प्रांगण में नान्दी फाउण्डेशन द्वारा आयोजित महिंद्रा प्राइड क्लासरूम स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत कौशल विकास और रोजगारोंन्मुखी व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 दिवसीय कार्यशाला शनिवार को उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बिनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित शिक्षकों रिसोर्स पर्सन सुश्री निशा सिंह एवं रिजवान आलम के द्वारा संचालित किया गया ।जिसमें संचार कौशल विकास और रोजगारोंन्मुखी व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं साक्षात्कार के लिए अभ्यास कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें छात्राओं ने काफी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम से कौशल विकास और रोजगारोंन्मुखी व्यावसायिक शिक्षा के प्रति जागरूक एवं सक्रियता से




सफलता की ओर एक कदम आगे बढ़ा सकेंगे। डॉ. बिनोद कुमार सिंह अपने अध्यक्षीय भाषण में स्नातक स्तरीय प्रतिभाशाली छात्रा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अनेक टिप्स एवं योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन करने की बात कही तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सर्वश्रेषठ चार प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। जिसमें मेहसार जुसाफा, पुजा कुमारी,राजनंदनी कुमारी और स्नेहा कुमारी एवं 47 छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाण पत्र प्राचार्य डॉ बिनोद कुमार सिंह एवं रिसोर्स पर्सन सुश्री निशा सिंह के द्वारा वितरित किया गया। कार्यक्रम को डॉ. पुष्पा राणा रसिक,डॉ रविन्द्र कुमार, प्रो राकेश सिंह ने संबोधित किया।

# क्राइम मीटिंग में पुलिस और पब्लिक में सामंजस्य बनाने पर जोर

**रमण चौबे, जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले के संझौली थाना प्रांगण में पुलिस इंस्पेक्टर देवराज राय द्वारा थानाध्यक्ष के साथ क्राइम मीटिंग की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आगामी पर्व दिवाली व छठ पूजा को ले कई दिशा निर्देश भी दिया। कहा कि पुलिस को पब्लिक के साथ सामंजस्य बनाना जरूरी है। पुलिस पब्लिक मैत्री संबंध स्थापित कर अपराध पर काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। आमलोगो से अच्छी व्यवहार रखना है। आमलोग ही पुलिस सहयोग की अहम कड़ी होते हैं। इंस्पेक्टर ने मीटिंग में उपस्थित संझौली, नटवार, दिनारा भानस, सूर्यपुरा व दावथ को अपराध को नियंत्रित करने को ले अपराधियों को गिरफ्तारी पर जोर दिया। कहा कि पुलिसिंग ऐसा होना चाहिए कि अपराधियों की मनोबल कभी भी नही बढ़ पाए। अच्छी पुलिसिंग अपनाने पर जोर दिया। न्यायालय से निर्गत वारंट के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने इसकी समीक्षा भी की। थाना अध्यक्षों के अलावे पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ भी बैठक की गई। मीटिंग में नटवार थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी, भानस ओपी गुड़िया कुमारी, संझौली मुकेश कुमार, दिनारा रौशन कुमार, सूर्यपुरा प्रिया कुमारी, दावथ कृपाल जी मौजूद थे।

# संझौली के तेंदुआ गांव में शांति सद्भावना को ले इंस्पेक्टर ने ग्रामीणों के बीच की बैठक

**रमण चौबे,जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड अंतर्गत तेनुआ गांव में पुलिस प्रशासन ने शांति सद्भवना को लेकर ग्रामीणों के बीच बैठक की। बैठक के दौरान सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर देवराज राय ने कहा कि आप बच्चो के झगड़े में अपना और अपने बच्चे का भविष्य खराब कर रहे है। बातबात में लाठी, डांटा, ईंट पत्थल व फायरिंग की घटना का अंजाम देना समाज व सेहद के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों व उपस्थित जनप्रतिंधियो को आगाह करते हुए कहा कि बुरा काम का बुरा नतीजा होता है। इसे आप हायतोबा करें और एक अच्छे समाज का निर्माण में सहयोग दे ताकि आज संझौली प्रखंड का तेनुआ गांव उपेक्षा का शिकार न हो सके। पुलिस पदाधिकारी ने ग्रामीणों को दोनो पक्षों से पांच-पांच लोगो की एक कमिटी बनाने का सुझाव दिया जो कभी भी किसी समय ऐसे असमाजिक त्तवो की पहचान कर प्रशासन की सहायता से दंडित हो सके। बैठक के दौरान पुलिस पदाधिकारी की सुझाव पर ग्रामीणों ने 24 घंटे के अंदर एक सद्भावना कमिटी गठित करने का आश्वासन दिया तथा सात नवंबर को संझौली थाना परिसर में थानाध्यक्ष के समझ सद्भावना कमिटी की बैठक करने का निर्णय लिया गया।

# सिलीगुड़ी में दो परिवारों में मारपीट, तीन घायल

**उत्तम सिंह:संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग):**

एनजेपी के आईओसी संलग्न रायपाड़ा में दो परिवारों के बीच विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है । शनिवार रात को दो परिवारों के बीच हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये । सेवक रोड स्थित एक नर्सिंग होम में तीन युवक भर्ती हैं । इसी बीच आज सुबह दोनों परिवारों के बीच विवाद हुआ । कुछ दिन पहले कुछ स्थानीय युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी । शनिवार रात को यह घटना मारपीट में बदल गयी । बताया गया है कि कुछ दिन पहले कृष्ण राय , पिंटू राय नामक दो युवकों के साथ कुछ दिन पहले आनंद राय , उत्सव राय , और टुकाई राय का किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी । शनिवार रात को आनंद , उत्सव , टुकाई और उनके परिवार के सदस्यों ने कथित तौर कृष्ण , पिंटू , अभिषेक राय , कालीपद राय सहित कई लोगों पर हमला किया । कालीपद राय और उनके परिवार का आरोप है कि उन्हें लोहे की रॉड से मारा गया है । हमले में कृष्ण राय , पिंटू राय और अभिषेक राय गंभीर रूप से घायल हो गये । उन्हें सेवक रोड स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है । जिसके बाद आज कालीपद राय ने आनंद , टुकाई , उत्सव और उनके परिवार के दो अन्य सदस्यों के खिलाफ एनजेपी थाने में एक शिकायत दर्ज करवाई है । उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले तीनों भाइयों का उनके भतीजे से विवाद हो गया था । वह बाहर थे । शनिवार को विवाद के बारे में पूछने पर उन्होंने हमला कर दिया । वहीं , पारुल राय ने कहा कि इलाके में जुए का अड्डा जमाया गया था । इसे लेकर विवाद शुरू हुआ । शनिवार रात को कालीपद राय और उनके परिवार के सदस्यों ने हमला कर दिया।

# हवन पूजन व भणडारा के साथ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ यज्ञ सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ीगोला**

रोहतास जिले के अकोढीगोला प्रखण्ड के नवाडीह बाल पर आयोजित चतुर्मास व्रत के उपलक्ष में आयोजित पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ रविवार को हवन पूजन व भणडारा के साथ सम्पन्न हो गया। यज्ञ में पधारे आचार्यों, साधु संतों को यज्ञ के अधिष्ठाता यतिराज सुंदर राज स्वामी द्वारा नकद राशि व अंग वस्त्र भेंट कर बिदाई किया।यज्ञ के सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ सफलता मे मेरा कोई योगदान नहीं है।मै तो बिना बुलाए यहा आकर बैठ गया।इस यज्ञ को सफल बनाने में मेरे गुरुदेव श्री-श्री 108 श्री तिरदणडी स्वामी महाराज व नारायण के साथ साथ यज्ञ समिति के एक एक कार्यकताओं के अथक परिश्रम व सेवा का ही परिणाम है। नाई नारायण कुमार ने यतिराज सुंदर स्वामी का किया बाल क्षौर मुण्डन। सुबह के मगला आरती के बाद लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अधिष्ठाता सुंदर राज स्वामी का राजपुर ग्राम निवासी नाई नारायण ठाकुर द्वारा क्षौर क्रम किया। तत्पश्चात स्नान व नए वस्त्र धारणा करने के बाद मंच पहुंचे स्वामी जी यज्ञाचार्य दिनेश शुक्ला द्वारा प्रधान कुण्ड से लाए गए कलश के जल से अमृत स्नान कराया।इस



अवसर पर स्वामी जी ने श्रद्धालु भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। कुछ तथाकथित लोग इस धर्म को तोड़ना चाह रहे हैं। धर्म को हम सभी रक्षा करने के लिए आगे आना होगा। कथा पणडाल में उपस्थित लोगों से किसी के प्रलोभन में आकर अपना धर्म ना छोड़ने का संकल्प दिलवाया। यति राज सुंदर राज ने कहा कि यज्ञ से केवल धार्मिक कार्य ही नहीं होता बल्कि सामाजिक सौहार्द व भाईचारा भी बढ़ता है।आज जितना भीड़ उमड़ा इस भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस प्रशासन की बस की बात नहीं था। लेकिन नवाडीह बाल पर ऐसा सामाजिक सौहार्द व भाईचारा का माहौल बना की स्वयं लोग निगरानी करने में जुट गए।यज्ञ को सफल बनाने में कांग्रेस के जेनरल सेक्रेट्री अजय दुबे, उदय संकर पाण्डेय, गौरी शंकर पांडेय, गोपाल पाण्डेय, रंगराल पाण्डेय, यज्ञ समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नंद कुमार सिंह,पूर्व प्रमुख बिजय सिंह, मुडियार पंचायत के मुखिया बबलू तिवारी,पूर्व मुखिया हरेराम सिंह,मदन तिवारी,बृज बिहारी पाण्डेय,रामजीत पाण्डेय,पंकज सिंह सहित क्षेत्र वासियों तथा स्थानीय प्रशासन सराहनीय योगदान रहा।

# आगामी त्यौहारों को लेकर नगर पुजा समिति की हुई बैठक

**रमण किशोर चौबे जिला संवादाता दैनिक समाज जागरण**

रविवार को श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर शिवघाट के प्रांगण में नगर पूजा' समिति रोहतास सासाराम की एक बैठक आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली, चित्रगुप्त पूजा, छठ एवं गोपाष्टमी को लेकर की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नगर पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ शिवनाथ चौधरी जी ने किया एवं संचालन पूजा समिति के संयोजक कमलेश महतो जी ने किया। इस बैठक में आगामी सभी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए शहर में साफ सफाई, बिजली व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में गिरजा दुबे,राम इकबाल सिंह,सोनू सिन्हा,छट्टू पाल,रजनीश कुमार वर्मा,अनिल महतो,अजय सिंह,परशुराम सिंह,अजय मिश्र,,राम जी महतो,अरुण कांश्यकार, सुशील सोनी,मनोहर सोनी,राम अवधेश सिंह,जितेंद्र कुमार,राजेश कुमार,दीपक कुमार चौरसिया,इंदु चौरसिया,सिविल यादव,कपिल कुमार इत्यादि लोगों के साथ साथ नगर पूजा के समिति के सभी पदाधिकारी गण एवं सभी लाइसेंस बंधु सम्मिलित हुए।

# पहली पाली में कन्या उच्च विद्यालय में एक साथ 900 छात्र तो राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय में 406, छात्र शामिल हुए।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 5 नवंबर**



औरंगाबाद जिले देव प्रखंड में शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया जिस्की तैयारी बीते पांच माह से की जा रही थी।इस परीक्षा में 2363 छात्र छात्राएं एक साथ शामिल हुए इस प्रतियोगिता में मातृ शक्ति के संख्या ज्यादा रहा। इस प्रतियोगिता से क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा गया। क्षेत्र के लोगों को कहना था कि ऐसा प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता कभी नहीं हुआ था जो शक्ति मिश्रा फाउंडेशन ने कर दिखाया और बच्चों को दिलों में पढ़ने का जज्बा भर दिया अब हमारे बच्चे उत्साह के साथ मन लगाकर पढ़ाई करेंगे।

पहली पाली में परीक्षा 9 बजे से 1 बजे तक ली गई जबकि दूसरी पाली में 2 बजे से 4 बजे तक चला परीक्षा केंद्र सूर्य नारायण इंटर कॉलेज और रानी ब्रजराज कुमारी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में संयुक्त रूप से एक साथ 900 छात्र,राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय में बने केंद्र में 406,विशुनपुर मध्य विद्यालय में 150 केताकि में 250 छात्र शामिल हुए।जबकि दूसरी पाली में सूर्य नारायण और प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में 222 छात्र,राजा जगरनाथ उच्च विद्यालय में 230 छात्र,विशुनपुर में 80 और केताकि में 125 छात्र शामिल हुए।पहली पाली में कक्षा-09 और 10 के छात्र और दूसरी पाली में वर्ग-11 और वर्ग 12 के छात्र शामिल हुए।इस प्रतियोगिताक परीक्षा में देव प्रखंड के विभिन्न इलाकों से छात्रर छात्राओं शामिल हुए।जानकारी देते हुए शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के चेयरमैन शक्ति मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कराने का मुख्य मकसद है कि क्षेत्र काफी पिछड़ेपन का शिकार है।यहां छात्रों को इस प्रतियोगिता परीक्षा से नौकरी में जाने के लिए प्रेरित करना है।जिस दिन छात्रों के भीतर जिज्ञासा जग जाएगी उस दिन से क्षेत्र से पिछड़ेपन दूर हो जाएगी।प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान शक्ति मिश्रा के पिता श्री मदन मोहन मिश्रा सभी केंद्रों पर घुम घुमकर विधि व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा परीक्षा केंद्रों में उपस्थित विक्षको को कदाचारमुक्त परीक्षा और शांतिपूर्ण परीक्षा के बारे में निर्देश दिया तथा परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित विक्षको की कार्यप्रणाली तथा विद्यालय के सरकारी शिक्षको के सहयोग को अतुलनीय योगदान बताया । इस दौरान शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के गोपाल प्रसाद सिंह, गुड्डू कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,सुनील कुमार, कुंदन कुमार सिंह, तरुण कुमार सिन्हा, गौतम पाठक,कृष्ण प्रसाद सिंह,गौरव कुमार,रुचिका भारती,वैष्णवी कुमारी,अंजली कुमारी, जहीना खातून,बलराम सिंह, अहमद अली, रमेश कुमार मंडल,करिश्मा सिंह,चंदन मिश्रा,राकेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे । सुबह 9 बजे से 1 बजे तक ली गई पहली पाली में परीक्षा केंद्र सूर्य नारायण इंटर कॉलेज और रानी ब्रजराज कुमारी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में संयुक्त रूप से एक साथ 900 छात्र,राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय में बने केंद्र में 406,विशुनपुर मध्य विद्यालय में 150 केताकि में 250 छात्र शामिल हुए।जबकि दूसरी पाली में सूर्य नारायण और प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में 222 छात्र,राजा जगरनाथ उच्च विद्यालय में 230 छात्र,विशुनपुर में 80 और केताकि में 125 छात्र शामिल हुए।पहली पाली में कक्षा-09 और 10 के छात्र और दूसरी पाली में वर्ग-11 और वर्ग 12 के छात्र शामिल हुए।इस प्रतियोगिताक परीक्षा में देव प्रखंड के विभिन्न इलाकों से छात्रर छात्राओं शामिल हुए।जानकारी देते हुए शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के चेयरमैन शक्ति मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कराने का मुख्य मकसद है कि क्षेत्र काफी पिछड़ेपन का शिकार है।यहां छात्रों को इस प्रतियोगिता परीक्षा से नौकरी में जाने के लिए प्रेरित करना है।जिस दिन छात्रों के भीतर जिज्ञासा जग जाएगी उस दिन से क्षेत्र से पिछड़ेपन दूर हो जाएगी।प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान शक्ति मिश्रा के पिता श्री मदन मोहन मिश्रा सभी केंद्रों पर घुम घुमकर विधि व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा परीक्षा केंद्रों में उपस्थित विक्षको को कदाचारमुक्त परीक्षा और शांतिपूर्ण परीक्षा के बारे में निर्देश दिया तथा परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित विक्षको की कार्यप्रणाली तथा विद्यालय के सरकारी शिक्षको के सहयोग को अतुलनीय योगदान बताया । इस दौरान शक्ति मिश्रा फाउंडेशन के गोपाल प्रसाद सिंह, गुड्डू कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,सुनील कुमार, कुंदन कुमार सिंह, तरुण कुमार सिन्हा, गौतम पाठक,कृष्ण प्रसाद सिंह,गौरव कुमार,रुचिका भारती,वैष्णवी कुमारी,अंजली कुमारी, जहीना खातून,बलराम सिंह, अहमद अली, रमेश कुमार मंडल,करिश्मा सिंह,चंदन मिश्रा,राकेश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# बाइक सहित डिक्की में रखे एक लाख अड़तीस हजार रुपये चोरी

**रमण किशोर चौबे,जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में बैंक से रुपये निकालकर दुकान आये युवक की बाइक सहित डिक्की में रखे एक लाख अड़तीस हजार रुपये चोरों ने चुरा लिया। पीड़ित दुकानदार तेन्दुनी वार्ड नंबर एक का निवासी राज किशोर सिंह ने इस संबंध में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दुकानदार ने अपने आवेदन में कहा है कि वह एसबीआई की शाखा से एक लाख अड़तीस हजार रुपये निकालकर डिक्की में रखा और तेन्दुनी चौक के पास स्थित अपनी कपड़े की दुकान चलाने लगा। कुछ देर बाद देखा तो उसके दुकान के आगे खड़ी बाइक जिसके डिक्की में रुपये था वह गायब है। काफी खोजबीन के बाद जब गाड़ी नहीं मिली तो उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दिया।

# महायोगी पायलट बाबा धाम में मानेगा पूर्वोत्तर ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव का वार्षिक उत्सव

**रमण किशोर चौबे जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

नगर निगम सासाराम में स्थित महायोगी पायलट बाबा धाम में पूर्वोत्तर ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर का आज और कल वार्षिकोत्सव मानेगा। इस अवसर पर 6 नवंबर व 7 नवंबर को धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 6 नवंबर सोमवार को सुबह 7 बजे से 24 घंटे का अखंड कीर्तन व जाप होगा व दिनांक 7 नवंबर सुबह 8 बजे से रुद्राभिषेक व विधि पूर्वक पूजन होगा और दोपहर 12 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है। गत वर्ष 7 नवंबर 2022 को ही पुरानी जीटी रोड सासाराम में इस मंदिर की स्थापना हुई थी और स्थापना में देश के बड़े-बड़े संत महामंडलेश्वर ने भाग लिया था। इस मंदिर की स्थापना महायोगी महामंडलेश्वर पायलट बाबा जी के द्वारा किया गया था और यह मंदिर आज एक वर्ष के अंदर ही लोगों के धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया है। आज यहां प्रतिदिन देश-विदेश व राज्य के कोने-कोने से श्रद्धालु आ रहे हैं। इस अवसर पर धाम के कमेटी की ओर से सभी श्रद्धालुओं को बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गई।

# नि:शुल्क जांच शिविर में दो सौ लोगों के आंखों की हुयी जांच

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ बाजार में रविवार की मां मेडिकल एजेंसी के प्रांगण में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। दो सौ पुरूष-महिलाओं के आंखों की जांच की गयी। मौके पर श्री साईं आई नेत्रालय कंकड़बाग पटना से आए चिकित्सक डा. सुशील कुमार ने बताया कि दो सौ लोगों के आंखों का नि:शुल्क जांच किया गया। आयुष्मान भारत वाले मरीजों का आपरेशन एवं लेंस नि:शुल्क लगाया जाएगा। मौके पर मुखिया चंदन कुमार उर्फ संतोष यादव,डा.विवेक कुमार,डा.रितेश कुमार,डा.अजय चौरसिया, रंजन प्रसाद, विकास कुमार आदि उपस्थित थे।उद्घाटन एनसीपी के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ने किया।

# 11 महिलाओं का हुआ सफल बंध्याकरण

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस पीएचसी में शनिवार को परिवार नियोजन के तहत



11 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। इस दौरान पुरुषों को भी नसबंदी कराने हेतु जागरूक किया गया। इसकी जानकारी देते हुए पीएचसी प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि शनिवार को बंध्याकरण के लिए 14 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमे जिले से आए सूर्य क्लिनिक के डॉक्टर के सहयोग से 11 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। बाकी तीन महिलाओं का बंध्याकरण तबीयत बिगड़ने की वजह से नहीं किया गया जिनको अगले तिथि को बुलाया गया है। वही बंध्याकरण बाद महिलाओं को चिकित्सकों के देख-रेख में रख स्थिति सामान्य होने के बाद सभी महिलाओं को दवाइयां देने उपरांत पीएचसी एंबुलेंस के द्वारा उन्हें घर तक छोड़ा गया ताकि कोई तकलीफें ना हो। मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार ब्लॉक हेल्थ मैनेजर मतिउर रहमान, वरीय उपचार पर्यवेक्षक सोनू कुमार शर्मा, मनोज कुमार, बिसीएम अजय कुमार, टेक्नीशियन प्रभु कुमार सभी आशा, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# खेलने के दौरान किशोर जख्मी

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले कोचस थाना क्षेत्र के लहरी गांव में एक 5 वर्षीय किशोर खेलने के दौरान छत से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोर अपने छत पर खेल रहा था, तभी अचानक उसकी पैर फिसल गई,जिसके कारण वह आंगन में गिर बुरी तरह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसके परिजन ने पास के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया है जहां युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल किशोर कृष्ण कुमार ग्राम लहेरी थाना कोचस का बताया जाता है।

# नबीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए प्रबुद्ध जनों ने किया बैठक

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)5 नवंबर 2023 नगर पंचायत नबीनगर क्षेत्र के मंगल बाजार स्थित सोखा बाबा मंदिर परिसर मे नवीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए समाजिक कार्यकर्ता,राजनीतिक कार्यकर्ता एवम प्रबुद्ध लोगों की बैठक आयोजित किया गया। बैठक मे नवीनगर को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव सर्व समिति से पारित किया गया साथ ही साथ टंडवा एवं चैनपुर को प्रखंड बनाने हेतु जो पूर्व से ही प्रस्ताव राज्य सरकार भेजा गया है उसे पारित करने के लिए सरकार से पुरजोर मांग की गई।बैठक मे वक्ताओं ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा अनुग्रह नारायण स्टेडियम में एक चुनावी कार्यक्रम के समय नवीनगर को अनुमंडल बनाने के लिए आश्वासन भी मिला था जो अब तक पूरा नहीं किया गया है बैठक मे इस मांग को लेकर नवीनगर की जनता अपनी आवाज को बुलंद किया है।वही बैठक में अनुमंडल बनाने को लेकर नवीनगर प्रखंड के लोगों द्वारा नवीनगर प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करने की रणनिति पर विचार विमर्श किया। इस दौरान बैठक में कुमार अवधेश सिंह रमजान अली दिवाकर चंद्रवंशी राजकुमार रजक श्रीकांत अग्रवाल सुजीत कुमार, अवधेश प्रसाद सिंह गुलाम मोहम्मद मुन्ना जुगल प्रसाद रवि प्रवीण सिंह अनिल कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# अलग अलग क्षेत्रों से तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 5 नवम्बर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग अलग जगहों से पुलिस द्वारा तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर एस एच ओ मनोज कुमार पांडे ,ए एस आई तारकेश्वर तिवारी एवं पि एस आई राजीव कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी श्री मुसहर पिता राम केवल मुसहर ग्राम



रामपुर , सरोज यादव पिता कामदेव यादव ग्राम बसंत बीघा और रामजग चौहान पिता स्वर्गीय राम परीक्षा चौहान ग्राम महुअरी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि गिरफ्तार किए गए तीनो अभियुक्तों पर कोर्ट से वारंट निर्गत था।तीनो काफी दिनो से फरार चल रहे थे । मामले मे तीनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# जदयू के प्रदेश सचिव के पद से हटाए गए संजीव कुमार सिंह

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 5 नवम्बर 2023 बिहार प्रदेश जदयू के प्रदेश सचिव संजीव कुमार सिंह को पार्टी के प्रदेश सचिव पद से हटा दिया गया है।जदयू के प्रदेश महासचिव चन्दन कुमार सिंह ने पत्र जारी कर तत्काल प्रभाव से संजीव कुमार सिंह को सचिव पद से मुक्त कर दिया है।पत्र मे संजीव कुमार सिंह पर दल विरोधी गरीबिधियों मे संलिप्त रहने और भ्रामक प्रचार प्रसार करने का आरोप लगाया गया है ।बताते चले की संजीव



कुमार सिंह नबीनगर प्रखंड के बड़ेम गांव के निवासी हैं।

# बीते रात विद्यालय का तालाब तोड़ अज्ञात चोरों ने अनाज की चोरी

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड के मध्य विद्यालय ओझवालिया मे बीते रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ लगभग 6 क्विंटल चावल की चोरी कर ली है। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात चोरों ने बीते रात विद्यालय का ताला तो 6 क्विंटल चावल की चोरी कर ली है। ताला टूटने की जानकारी ओझवलिया गांव के लोगों ने दी जिसके बाद मैने उक्त विद्यालय में जाकर देखा कि ताला तोड़ा गया है। वही इस घटना की जानकारी लिखित शिकायत के माध्यम से कोचस थाने को दे दी गई है। इस संदर्भ मे थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापक के द्वारा लिखित आवेदन थाने में दी गई है जिसमे पुलिस आवेदन लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# बकाया अंतर वेतन भुगतान को ले विधायक से मिले नियोजित शिक्षक

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड सहित जिले के विभिन्न मध्य विद्यालयों में कार्यरत कोषागार चिह्नित शिक्षकों को 15 प्रतिशत वेतन वृद्धि से संबंधित बकाया अंतर वेतन के भुगतान के लिए बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को जगदीशपुर के विधायक रामविशुन सिंह लोहिया से मिला। संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू के नेतृत्व में विधायक से मिलने उनके आवास पर पहुंचे शिक्षकों ने बताया कि दो साल गुजर जाने के बाद भी बकाया अंतर वेतन भुगतान नहीं किया गया है ।संबंधित शिक्षकों के अनुसार अप्रैल 2021 में नियोजित शिक्षकों के वेतन में 15 प्रतिशत वृद्धि की गई थी जबकि बढे हुए दर से वेतन का भुगतान जनवरी 2022 से शुरू हुआ। इस दौरान प्रत्येक शिक्षक को 40 से 50 हजार रूपए अंतर वेतन भुगतान के लिए विपत्र जिला शिक्षा कार्यालय में पिछले एक साल से जमा है लेकिन सभी शिक्षकों को अंतर वेतन का भुगतान किए जाने बजाए केवलतीन प्रखंड के शिक्षकों का ही अंतर वेतन भुगतान किया गया। दरअसल विभाग



द्वारा इस मद में आवश्यक राशि का आवंटन ही नहीं किया गया है। जिस कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के पीरो प्रखंड अध्यक्ष अध्यक्ष गोरखनाथ सिंह, चंद्रदेव सिंह, गोपाल प्रसाद गुप्ता, जय कुमार सिंह, संजय सिंह, उपेन्द्र सिंह, मृत्युंजय चौधरी, नित्यानंद किशोर, विनोद राम, बंगाली राम आदि ने विधायक से कोषागार चिह्नित शिक्षकों का बकाया अंतर वेतन का मामला विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान उठाने की मांग की ।जिसपर विधायक ने उन्हें इसके लिए आश्वस्त किया।

# बरुण बने अभाविप के पीरो नगर अध्यक्ष

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो नगर ईकाई की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक के दौरान संगठन के अध्यक्ष पद के लिए वरूण कुमार का चयन किया गया ।जबकि संगठन का नगर मंत्री अंकित वर्मा को बनाया गया। पुनर्गठित ईकाई मेंअंकित कुमार तिवारी,अमरजीत कुमार व रणवीर कुमार को उपाध्यक्ष, प्रियंका कुमारी, आदित्य सिंह, राज श्रीवास्तव, अमिषा कुमारी को नगर सह मंत्री,- रवि गुप्ता को कार्यालय मंत्री,प्रभात तिवारी को एसएफडी प्रमुख, हिमांशु कुमार को सह एसएफडी प्रमुख बने वहीं एसएफएस प्रमुख बिट्टू कुमार, सह प्रमुख विवेक कुमार, क्रीड़ा प्रमुख राजा पांडेय, सह प्रमुख मानस कुमार, नगर कला मंच अनुप कुमार, सह कला मंच राहुल यादव, सोशल मीडिया प्रमुख अक्षत पांडेय, सह मीडिया प्रमुख सुशांत कुमार



पाठक,नगर कार्यकारिणी सदस्य शुभम सिसोदिया, राजेश कुमार, चाहत मिश्रा, उज्ज्वल कुमार, अमन कुमार, सूरज कुमार, सत्यम कुमार, यश कुमार, भाग्य लक्ष्मी शर्मा,स्नेहा कुमारी को बनाया गया । इस कार्यक्रम मे नगर सह मंत्री प्रियंका कुमारी द्वारा इकाई के विगत साल के कार्य की जानकारी के बाद पुराने इकाई को भंग की घोषणा की गई ।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ऋतुराज चौधरी ने नये इकाई की घोषणा करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद् न केवल भारत का बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र-संगठन है। यह संगठन छात्रों से प्रारंभ हो, छात्रों की समस्याओं के निवारण हेतु एक एकत्र छात्र शक्ति का परिचायक है। विद्यार्थी परिषद् के अनुसार, छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है। विद्यार्थी परिषद् का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है ।इस कार्यक्रम का विषय परिवेश प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छोटू सिंह ने किया।

# पुलिस छापेमारी में अंग्रेजी व देशी शराब बरामद

**कृष्ण कुमार रंजन दैनिक समाज जागरण संवाददाता कोईलवर भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत कोईलवर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापमारी कर अलग-अलग स्थानों से 61 लीटर अंग्रेजी व 80 लीटर देशी शराब बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया की पुलिस को सूचना मिली थी कि कुल्हाड़िया में शराब की बिक्री की जा रही है। पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई।पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी भाग निकला। पुलिस ने झाड़ी में छुपा कर रखी 61लीटर अंग्रेजी शराब को बरामद कर लिया। उधर, पुलिस गस्ती के दौरान जमालपुर में एक बाईक से लेकर जा रहा 80 लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। बाईक भी किया जप्त। गिरफ्तार कारोबारी बभनौली निवासी संजय कुमार है। पुलिस ने बताया की पुलिस की गाड़ी देख कारोबारी तेजी में बाईक कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे गिरफ्तार किया है।

# सड़क पार कर रही महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-सासाराम मेन रोड पर संस्कार धाम स्कूल के सामने सड़क पार कर रही एक महिला को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला की पहचान चरपोखरी बाजार निवासी शंभू नट



के 50 वर्षीय पत्नी सोमारो देवी के रूप में हुई आनन-फानन में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जख्मी महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया

# दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा चलाया गया सतर्कता जागरूकता अभियान

**दैनिक समाज जागरण वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के आरा क्षेत्रीय कार्यालय दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, के द्वारा भारत सरकार के द्वारा मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह (दिनांक 30/10/2023 से 05/11/2023) के तत्वाधान में लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करने के लिए एक वाकाथन का आयोजन किया गया। वाकाथन क्षेत्रीय कार्यालय, आरा से निकलकर समाहरणालय पोखरा होते हुए जज कोठी मोड़ पर जाकर समाप्त हुई। जिसमें क्षेत्रीय कार्यालय आरा के सभी कर्मियों के द्वारा बैनर एवं तख्ती के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाई गई ।उक्त वाकाथन में आमजनों की भी उत्साहजनक भागीदारी रही। क्षेत्रीय प्रबन्धक श्री विकास कुमार के द्वारा सभी लोगों को भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए शपथ दिलाया गया। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार का समूल नाश करके ही हमलोग सरदार पटेल के सपनों का विकसित, स्वस्थ व संमृद्ध भारत का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए कहा की यदि कोई व्यक्ति आपसे रिश्वत कि मांग करता है तब इसकी शिकायत उचित मंच पर अवश्य करनी चाहिए। क्षेत्रीय अधिकारी




महोदय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह कि थीम ह्यभ्रष्टाचार का विरोध कर लोगो को जागरूक करे वही आरा के होटल रीगल में दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे आरा प्रक्षेत्र के 95 शाखा प्रबंधकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभ आरम्भ दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष श्री डा. आशुतोष कुमार झा, महाप्रबंधक श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक श्री विकास कुमार, एवं अन्य अधिकारीयों ने द्वीप प्रज्वालित कर किया। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमे पिछले छमाही में प्रबंधकों द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की गई ।बैठक में अध्यक्ष महोदय ने बैंक द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कैंपेन के बारे में प्रबंधकों को विस्तृत जानकारी दी जिसमे मुख्यतः प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत ऋण वितरण करने हेतु प्रोत्साहित किया। महाप्रबंधक महोदय ने पिछले छमाही में आरा प्रक्षेत्र द्वारा किये गये कार्यों को सराहा एवं इस वित्तीय वर्ष के आखरी छमाही में अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। क्षेत्रीय प्रबंधक श्री विकास कुमार ने आरा प्रक्षेत्र में मौजूद खुदरा ऋण की आपार संभावनाओं को भुनाने का संकल्प लेने का आवाहन समस्त शाखा प्रबंधकों से किया। समीक्षा बैठक के उपरांत पिछले छमाही में चले विभिन्न कैंपेन में अच्छा प्रदर्शन करने वालें शाखा प्रबंधकों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा अनाइठ के मुख्य प्रबंधक श्री अभिषेक कुमार, वरीय प्रबंधक ऋण विभाग श्री बिरेन्द्र कुमार, विपणन अधिकारी श्री कुंदन कुमार एवं अन्य बैंक के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्य प्रबंधक श्री अभिषेक कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सहार प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के चार चार वार्डों में लगी स्ट्रीट लाइट

## इस योजना के तहत प्रत्येक वार्ड में 10 स्ट्रीट लाइट लगेगा

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

बिहार सरकार के महत्वकांक्षी योजना सात निश्चय पार्ट 2 के तहत भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड के सभी पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। सहार प्रखंड के 12 पंचायतो के चार चार वार्डो में 10-10 स्ट्रीट लाइट लगी है। स्ट्रीट लाइट चार वार्डो में सीरियल नंबर 123 एवं चार मे लगभग लग गई है। सहार प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी द्वारा बताया गया कि प्रखंड के बारहों पंचायत के चार चार वार्डो में स्ट्रीट लाइट लगी हैं प्रत्येक वार्ड में ग्राम सभा के द्वारा चयनित जगहों पर एक वार्ड में दस स्ट्रीट लाइट लगाया गया है शेष बाकी बचे वार्डों में अलॉटमेंट आने के बाद प्रक्रिया चालू की जाएगी। हालांकि स्ट्रीट लाइट रामसागर कंस्ट्रक्शन एजेंसी द्वारा लगाई जा रही है और लगी हुई प्रत्येक वार्ड में लगभग स्ट्रीट लाइट 2-3 खराब हो चुकी है जैसा की सहार पंचायत के तीन और चार वार्ड में स्ट्रीट लाइट खराब हो चुकी है जिसकी सूचना स्थानीय वार्ड सदस्यों द्वारा बीपीआरओ सुमन कुमार को 3 एवं 4 के वार्ड सदस्य विजय सिंह एवं सरदार अली द्वारा शिकायत की गई लेकिन इस पर अभी तक खराब स्ट्रीट लाइट की मरम्मती या बदलने का कार्य नहीं किया गया। जिससे सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा बंदर बाट का हवाला देते हुए नाराजगी व्यक्त की।

# दवा विक्रेता की हत्या मामले में आया नया मोड़

## पत्नी ने अज्ञात के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि चांदी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत चांदी थाना क्षेत्र के चांदी चौक पर शनिवार की अहले सुबह हुई दवा विक्रेता की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस की माने तो दवा दुकान के अंदर से डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम को एक कट्टा व नौ जिंदा कारतूस एक कारतूस खोखा बरामद होने के बाद मामला पूरी तरह से संदिग्ध हो गया है। पुलिस की माने तो मृतक ने एक दिन पहले घर में पत्नी से झगड़ा करके पत्नी का मोबाइल भी तोड़ दिया था।

पहले यह मामला हत्या का लग रहा था लेकिन फॉरेंसिक टीम में जब घटनास्थल का दौरा करके जांच किया तो उसमें शव के गर्दन के निचले हिस्से से सिर में गोली मारे जाने की पुष्टि हुई एक्सरे जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली मृतक के सर में भी फंसा हुआ था। इससे मामला और संदिग्ध लगने लगा। मामले में मृतक की पत्नी कांति देवी की ओर से रविवार को थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में अनुसंधान जारी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

# झारखंड प्रदेश के धनबाद में अपराधियों का मनोबल चढ़ा सातवां आसमान!

***कोयला , लोहा, चोरी के बाद, अब भगवान की मूर्तियाँ, मुकुट ,मंदिर के आभूषण तथा गहनों की, की जा रही है चोरी!!***

***अपराधकर्मियो के तांडव, धनबाद जिले के कानून एवं राजनेताओं पर एक और सवाल खड़ा करती है कि आखिर कब कोई राम आएगा और इस रावण राज का अंत करेगा ?***

**दैनिक समाज जागरण , अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरोचीफ, बिहार-झारखंड प्रदेश। राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, झारखंड प्रदेश।**

झारखंड प्रदेश के धनबाद जिले के झरिया में दैनिक समाज जागरण,समाचार पत्र के पाठकों को यह खबर बड़े ही आश्चर्य में डाल देगा की हर दिन अखबार की सुर्खियों में अपराधियों के बढ़ते हुए मनोबल, गोली , बमबारी, कोयला चोरी, लोहा चोरी की तो खबर पढ़ी जाती थी, पर इन दिनों अपराधियों ने मंदिरों को भी नहीं बक्शा है। पिछले रात्रि को कुछअपराधियों ने झरिया सोनार पट्टी स्थित सत्यनारायण भगवान की मंदिर में अपना हाथ साफ कर डाला। इन अपराधियों को ना ही कानून का डर है और नाही भगवान का!

शायद कानून भी अपने हाथ मोड चुके हैं ,इसलिए अपराधियों का मनोबल इतना ज्यादा बढ़ गया है।

मंदिर की पुजारी अशोक पांडे ने मीडिया से जानकारी साझा करते हुए बतलाया कि मंदिर से लगभग 70 से 80 हजार रुपये की मूर्तियां , मुकुट, भगवान जी के बांसुरी , लक्ष्मी जी की नथ, संतोषी माता की चांदी का हार एवं अन्य कीमती मुकुट एवं अष्टधातु की मूर्तियां की चोरी की गई है ।

उन्होंने बतलाया की शुक्रवार की आरती के बाद प्रतिदिन की भांति उन्होंने मंदिर को ताला लगाकर अपनी आवास चले गए परंतु दूसरे




दिन उन्होंने पाया कि सारे ताले तोड़े हुए हैं और मूर्तियों एवं आभूषण गायब हैं। पुजारी अशोक पांडे ने इसकी सूचना मंदिर ट्रस्ट को दी तथा फिर एक बार कानून पर भरोसा जताते हुए इस आश में कि शायद भगवान के लिए कानून के मुड़े हुए हाथ फिर से लंबे हो जाए , इसकी लिखित शिकायत दर्ज करवाई गई ।

**इस घटना में स्थानीय भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने भी दु:ख जताया तथा इस घटना की निंदा की।**

हर बार की तरह इस बार भी झरिया थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है की सीसीटीवी फुटेज खंघालते हुए हम अपराधियों को ढूंढने का भर्षक प्रयास करेंगे , परंतु सत्य क्या है ? यह तो समय ही बतलाएगी! परंतु यह घटना आज की समाज कानून एवं राजनेताओं पर एक और सवाल खड़ा करती है कि आखिर कब कोई राम आएगा और इस रावण राज का अंत करेगा ?

# तापा भगवतपुर में नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण यज्ञ जारी।

**कृष्ण कुमार रंजन दैनिक समाज जागरण संवाददाता कोईलवर भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत कोईलवर प्रखंड क्षेत्र के तापा भगवतपुर ग्राम में नवदिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ जारी है। विदित हो की लक्ष्मी नारायण



भव्य महायज्ञ का आयोजन ब्रह्मलीन संत श्री श्री 1008 मचा स्वामी जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य हरिनारायण आचार्य जी महाराज के मंगला अनुशासन में जारी है।02.11.23 से शुरू होकर यज्ञ 10 .11.23 तक चलने वाला है। आज यज्ञ के चतुर्थ दिन यज्ञ के आचार्य श्री राम निवास पांडे ने बताया कि आज चतुर्थ दिवस वैदिक मंत्रोचार के साथ पंचांग पूजन वास्तु पूजन मंडप पूजन ग्रह पूजन योगिनी पीठ पूजन एवं छत्रपाल पीठ पूजन व अपराह्न काल में श्री सूक्त एवं पुरुष सूक्त से आहुति प्रदान की जाएगी। यज्ञ के अंतिम दिन भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आज यज्ञ में श्रद्धालु गण मंडप के चारों ओर परिक्रमा करते हुए देखे गए एवं ब्राह्मण गण वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन आदि करने में लीन रहे। यज्ञ परिसर के चारों तरफ मेला का दृश्य है एवं तरह-तरह के श्रृंगार प्रसाधन खेल की समान एवं खाने-पीने की चीजों की दुकानें सजी हुई है।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में खुंटी लोकसभा से कांग्रेस की जीत पक्की ---प्रमेन्द्र मिश्रा।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां तमाड़ के भुइंयाडीह में तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नीतीश पांडे के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद निर्मल महतो जी के आदमकद प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची जिला प्रभारी प्रेमेन्द मिश्रा विशिष्ट अतिथि रांची जिला अध्यक्ष अमरनाथ मुण्डा तमाड़ विधानसभा प्रभारी अरुणा मिंज कांग्रेसी नेता मृत्यंजय दास कांग्रेस के तमाड़ प्रखंड प्रभारी निशीकांत गौंझू उपस्थित थे ।बैठक में तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस कमिटी एवम तमाड़ बुण्डु व अड़की के प्रखंड अध्यक्ष समेत प्रखंड के पदाधिकारी मौजूद थे ।बैठक में जिला सह प्रभारी प्रमेन्द्र मिश्रा ने प्रखंड अध्यक्षों को पंचायत कमिटी ओर बुथ कमिटी बनाने का



निर्देश दिया। नेतादयों ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनावों में युवा कांग्रेसियों को लोकसभा चुनाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी इसलिए युवा कांग्रेसीयों को ज्यादा मेहनत करने की जरुरत होगी। कार्यक्रम को कुदरत हुसैन त्रिलोचन मुण्डा लखिन्दर लोहरा जितेन्द्र मुण्डा दीपक मधेशिया ने भी संबोधित किया। वहीं बुण्डु ग्रामीण युवा कांग्रेस कमिटी का प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र महली को मनोनीत किया गया ।एवम 15 दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी का विस्तार करने का निर्देश धर्मेंद्र महली को दिया गया। साथ ही फैयाज अंसारी विनीत सिंह को तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस का महासचिव मनोनीत किया गया ।मौके पर अड़की प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश मुण्डा तमाड़ पश्चिमी के प्रखंड अध्यक्ष रोशन कामति मिनाज अंसारी भीम प्रमाणिक गणेश महतो रवि महतो अनिस तिवारी उमाचरण महतो कालीपद महतो लाल महतो सिष्टिधर महतो हरेन महतो एलेन महतो सुभाष मछुवा फालु कुम्हार चंदन कुमार सहित सैकड़ों युवा कांग्रेसी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन नीतीश पांडे व धन्यवाद फैयाज अंसारी ने किया।

# गायक अजीत अमन ने गाया वर्ल्ड कप सौंग ' ए रोहित कोहली वर्ल्ड कप जिताव

## *वीडियो लौंच होते ही सोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल*

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 05 नवंबर 2023: आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में इंडिया लगातार विजय रथ पर सवार होकर आगे बढ़ रही है। इंडिया सेमी फाईनल में भी प्रवेश कर चुका है। देश भर के लोग इंडिया को वर्ल्ड कप फाइनल जिताने को लेकर दुआ कर रहे है। वहीं दूसरी ओर लौहनगरी जमशेदपुर के कलाकारों में भी क्रिकेट वर्ल्ड कप खुमार सिर चढ़ कर बोल रहा है। शहर के कलाकारों द्वारा रविवार को सोनारी स्थित उदय मूवीज स्टूडियो में इंडिया को क्रिकेट विश्व कप जिताने के लिए एक नया वीडियो सौंग लौंच किया है। वीडियो एलबम का नाम ह्य ए रोहित, कोहली इंडिया के वर्ल्ड कप जितावह्न है। इस गीत को झारखंड बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन ने गाया है। वहीं इस वीडियो का निमार्ता नेहिष सॉफ्टवेयर सोल्यूशन के चेयरमैन अवनीश श्रीवास्तव है।

इस वीडियो सौंग को लेकर देश के महान उद्योगपति रतन टाटा पर गीत गाकर चर्चित हुए गायक अजीत अमन ने बताया कि इस वीडियो में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और महान बल्लेबाज विराट कोहली का बखान किया गया है। अजीत अमन ने बताया कि गीत के बोल



और संगीत काफी अच्छा बना है। वहीं वीडियो के निमार्ता अवनीश श्रीवास्तव ने बताया कि वे बैंगलौर में रहकर अपने शहर जमशेदपुर व वहाँ के कलाकारों का काफी ख्याल रखते है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट पर बना यह वीडियो काफी अच्छा बना है। लोगों में इस वीडियो से क्रिकेट के माध्यम से देश भक्ति जागृत होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे एक नये विषय पर एक और वीडियो लौंच होने वाला है। वहीं निर्देशक मनोज पांडे ने बताया कि इस वर्ल्ड कप में पहली बार इस तरह का एल्बम बन रहा है जिसमें इंडिया टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज कोहली से इस बार इंडिया को वर्ल्ड कप जिताने की गुहार लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार करोड़ो देश वासियों की यही मांग है कि इस बार इंडिया वर्ल्ड कप जीतकर देश वासियों को एक बार फिर से खुशियां दें। वीडियो लौंच पर गायक अजीत अमन, निर्देशक मनोज पांडे, उदय साहू, हेमा साहू, आलोक कुमार, आलोक राज सिंह ( शिक्षक), विवेक सिँह, ( पूर्व सैनिक) , बब्लू दुबे आदि उपस्थित थे।

**आईटी इंजीनियर ने निर्माण में किया सहयोग**

वीडियो एल्बम के निर्माण में नेहीश सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन के चेयरमैन अवनीश श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने इससे पहले रतन टाटा पर बने वीडियो एलबम ह्यभारत रत्न-2 में भी निमार्ता के भूमिका में थे। अवनीश श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी बचपन जमशेदपुर में ही बीती है, ऐसे में उनका फर्ज बनता है कि शहर के कलाकारों को आगे बढ़ाने में सहयोग करे। वीडियो के निर्माण में ह्यफिजिक्स एंड मैथ वाला क्लासेजह्न के शिक्षक आलोक राज सिंह और शहर के जाने माने चिकित्सक डॉ. मनीष दूडिया ने सहयोग किया है।

**वीडियो में क्या है विशेष**

गायक अजीत अमन ने बताया कि इस बार वीडियो में कुछ विशेष देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि गीत में खिलाड़ियों के देश को जिताने के लिए जूनून, संघर्ष और जज्बा दिखाई देगा। भारत 2011 के बाद से वर्ल्ड कप नहीं जीत सका है। 2023 में वर्ल्ड कप इंडिया में आये इसे दिखाया गया है।

# आदित्यपुर: ब्राउन शुगर कारोबार में वर्चस्व की लड़ाई में परिवार के सदस्यों ने अपनों का ही खून का प्यासी हुई.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक, ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )5 नवंबर 2023**

डॉक्टरों ने डोली के परिजन को ईलाज के लिए बाहर ले जाने की नसीहत दी है. घटना के संबंध में बताया सुचना मिली हैं कि रविवार को डोली के भाई मुजाहिद हुसैन ने अपने घर पर बुलाया था. जहां डॉली की मां गोल बीवी, साबिर की पत्नी बेबी की मौजूदगी में साबिर के बेटे छोटा राजू ने डोली को गोली मार दी. किसी को कुछ समझ में आता इससे पूर्व ही डोली अचेत होकर अपने मायके में ही गिर गई. वही भागते समय पर डॉली के छोटे बेटे पर भी गोली चलाया गया था. मगर उसका बेटा किसी तरह जान बचाने में सफल रहा. जिसके बाद आनन-फानन में डोली को टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया. जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है.

**डोली प्रवीण को क्यों मारा गया गोली, आरोपी का क्या था मनसा, क्या था कनेक्शन?**

आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती के इस परिवार का किसके साथ क्या है कनेक्शन डॉली परवीन कुख्यात ड्रग पेडलर है, और पिछले महीने ही वह जमानत पर जेल से बाहर निकली है. डॉली के जेल जाने के बाद उसके भाइयों ने उसका धंधा संभाला था.



डोली कुख्यात अपराध कर्मी कदीम खान की पत्नी है. कदीम खान शुरू से ही ब्राउन शुगर का विरोध करता था. जबकि डोली परवीन का पूरा खानदान ब्राउन शुगर के धंधे में संलिप्त है. डोली के जेल जाने के बाद कदीम खान ने अपने साले साबिर हुसैन की गोली मारकर हत्या कर दी थी. उस मामले में कदीम खान, उसका भाई औरंगजेब खान, कलीम खान और सद्दाम खान जेल में है. इधर जेल से छूटते ही डॉली परवीन अपने धंधे में फिर से सक्रिय होने लगी थी, मगर उसकी मां गोल बीवी, भाई मुजाहिद हुसैन, जाकिर हुसैन, मेहंदी हुसैन, नबी हुसैन और साबिर की पत्नी बेबी को यह नागवार गुजरा. सभी ने मिलकर डोली को ही रास्ते से हटाने की ठान ली. यह घटना इसी एंगल से जोड़कर देखा जा रहा है. साबिर के चार बेटे हैं. इनमें से बड़ा राजू, छोटा राजू (जिसने डॉली को गोली मारी) मुस्तफा और माशूक है, जबकि डोली और कादिम के तीन बेटे व एक बेटी है. जिनका नाम अमन खान, शाहबाज खान और मुस्तकवीर खान है, जबकि बेटी का नाम निशा खान है. कुल मिलाकर एक ही परिवार इस पूरे धंधे में शामिल है और वर्चस्व के इस जंग में अब अपनों के ही खून के प्यासे हो चुके हैं. इधर सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाने की पुलिस टीएमएच पहुंची और डोली के संबंध में जानकारी हासिल की. घटना के बाद डोली के बेटों ने टीएमएच में जमकर बवाल काटा. उधर घटना के बाद पुलिस आरोपियों के धड़पकड़ में जुट गई है. फिलहाल डोली को रिम्स रेफर कर दिया गया है.

# दंडाधिकारी की मौजूदगी में शराब का विनष्टीकरण हुआ

**कृष्ण कुमार रंजन दैनिक समाज जागरण संवाददाता कोईलवर भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत कोईलवर थाना व गीधा ओपी क्षेत्र में पकड़े गए शराब का आज विनिष्टीकरण किया गया। कोईलवर थाना में 5289 लीटर अंग्रेजी



शराब व 330 लीटर देशी शराब को थाना परिसर में मौजूद दंडाधिकारी शक्ति कुमार भाष्कर व उत्पाद अवर निरीक्षक राहुल कुमार की मौजूदगी में नष्ट किए जाने की कारवाई की गई ।इस दौरान शराब व डब्बे को नष्ट कर जमीन के अंदर गड्ढे में ढक दिया गया ।इस क्रम में गीधा ओपी में जप्त 2645 लीटर अंग्रेजी शराब व 207 लीटर देशी शराब को भी कोईलवर थाना परिसर में गड्ढा खोदकर विनिष्ट किया गया।

# चंद्रवंशी समाज विकास समिति की ओर से हुई महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, जमशेदपुर**

जमशेदपुर (झारखंड) 05 नवंबर 2023:ह्नचंद्रवंशी समाज विकास समिति, सरायकेला की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री मुन्ना प्रसाद चंद्रवंशी ने किया तथा संचालन श्री विनय कुमार, वमार्माइंस ने किया। बैठक में भगवान जरासंध की जयंती को इस वर्ष उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया तथा इस दौरान कुछ अन्य कार्यक्रम भी करने पर विचार किया गया। बैठक मे बारिडीह, घाटसिला, काशीडीह तथा चाईबासा के पदाधिकारी/कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। उपरोक्त बैठक में मुख्य रूप से डाक्टर ज्योति, संग्रक्षक, मुन्ना प्रसाद चंद्रवंशी, अध्यक्ष, जीतेन्द्र सिंह चंद्रवंशी, सचिव, उपाध्यक्ष जे पी सिंह, नन्द् कुमार , कोषाध्यक्ष, उपसचिव रमेश जी तथा मीडिया प्रभारी विवेकानंद सहित अन्य सदस्यों ने भी भाग लिया।

# रेलवे दिहाड़ी मजदूर का सन्दिग्ध अवस्था मे मिला शव

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा कस्बे में स्थित रानी तालाब के समीप 25 वर्षीय युवक का सन्दिग्ध अवस्था मे शव मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
जानकारी के अनुसार बिहार प्रान्त के कटियार जनपद थाना रातोरा के कुरना गाँव निवासी निर्मल ऋषि का 25 वर्षीय पुत्र सुधीर और सुजीत अपने प्रांत के लगभग तीन दर्जन साथियों के साथ चार माह से रेलवे ठेकेदार रामरतन के साथ फतेहपुर जनपद के थरियांव थानां क्षेत्र के फैजुल्लापुर रेलवे स्टेसन के समीप रेलवे लाइन बिछाने का काम कर रहा था। आज सुबह सुधीर का सन्दिग्ध अवस्था मे शव मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। शव मिलने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर सीओ प्रगति यादव एवं थाना प्रभारी व हसवा चौकी इंचार्ज मौके पर पहुँच कर शव की जांच पड़ताल किया। पुलिस मृतक के साथियों से पुछताछ कर रही है।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही लोगो मे चर्चा रही की कल सभी मजदूरों को ठेकेदार ने मजदूरी का पैसा दिया तो हस्वा कस्बे में मजदूरों ने खरीदारी करने के बाद शराब ठेके पर शराब भी पिया और नशे में झूमते हुए कस्बे से बाहर निकल गए। सायद सुधीर को नशा ज्यादा हो गया रहा होगा वह रास्ते मे सुनसान जगह गिर गया। और रात की ठंड उसकी मौत की वजह हो सकती है। वही ग्रामीणों का कहना है कि हो सकता आपस में शराबियों में झगड़ा हुआ हो और मार पीट हो गई हो। क्योंकि मृतक के चेहरे में चोट के निशान मिले है। घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम एवं सीओ प्रगति यादव ने घटनास्थल का पड़ताल करते हुए सड़क किनारे चांद के मकान में सीसीटीवी कैमरे फुटेज देखने के लिए पहूंच कर पड़ताल किया जा रहा है। इसके अलावा हसवा कस्बे के शराब ठेकेदार से सीओ ने पुछताछ करते हुए जानकारी लिया। ठेकेदार ने सीओ को बताया कि रात लगभग 8 बजे काफी संख्या चार से पांच लोगों के भीड़ में आए और शराब लेकर चले गए। मौके पर एस आई यशकरन सिंह का कहना है कि मजदूर अधिक शराब पीने से रोड में गिरने की वजह से गिट्टियों के निशान है। जो भी हो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी होगी।

# आज में सुकून, कल में सुकून, सत्गुरु के ज्ञान से, हर पल में सुकून

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर जिले में आज यूनिट नंबर 791 ब्रांच फतेहपुर के सुंदर नगर कॉलोनी में संत निरंकारी मिशन का 76वां वार्षिक संत समागम संपन्न होने के बाद आज प्रथम रविवार के दिन सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में संत महात्माओं ने पहुंचकर सद्गुरु माता सुदीक्षा जी द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का पालन करते हुए परम ब्रह्म परमात्मा की जानकारी प्राप्त की वही सत्संग में आए हुए महात्माओं ने बताया कि 76 में वार्षिक संत समागम के सब्जेक्ट सुकून को लेकर सद्गुरु माता सुदीक्षा जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दातार की रजा में रहकर ही सुकून प्राप्त होता है सेवा सत्संग सुमिरन करते हुए संत महात्माओं की सेवा करना ही आत्मा से परमात्मा का मिलन करवाता है वही ब्रह्म ज्ञानी महात्माओं ने 76 में वार्षिक संत समागम से लौटकर सद्गुरु के चरणों में मिले सुकून को लेकर महात्माओं के बीच अपना ज्ञान साझा किया उन्होंने बताया कि आज में सुकून कल में सुकून गुरु के ज्ञान के हर पल में सुकून उन्होंने बताया कि परिवार में सुकून गुरु की संगत में सुकून सेवा में सुकून शुक्ररने में सुकून गुरु के हर वचन में सुकून सत्संग में सुकून सुमिरन में सुकून उन्होंने गुरु के द्वारा बताई गई हर बात में सुकून का ज्ञान सांझा किया

# परिवारिक कलह के चलते महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। राधा नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गाँव मे महिला ने परिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनो को हुई तो तुरन्त घटना की सूचना सरकारी 108 एम्बुलेन्स की दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के लक्ष्मनपुर गाँव निवासी सुरेश की 30 वर्षीय पत्नी रेखा देवी ने परिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनो को हुई तो तुरन्त घटना की सूचना सरकारी 108 एम्बुलेन्स की दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर महिला को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

# स्वामी के प्रति बंदर का प्रेम देख लोग हुए हैरान

## बंदर ने स्टाफ के हाथ से सिरिंज छीनी और बोतल फेंकी, एक होमगार्ड को किया घायल

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। मनुष्य और बंदर के प्रेम की एक दास्तां रविवार को संयुक्त चिकित्सालय की इमरजेंसी में देखने को मिला। घायल व्यक्ति का जब इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने उपचार शुरू किया तो उसकी पाले हुए बंदर ने स्टाफ पर घुड़की लगाई। जैसे ही स्टाफ ने उसके इंजेक्शन लगाने का प्रयास किया तो बंदर ने सिरिंज छीन ली और मुंह से काटने लगा। स्टेंड पर टंगी बोतल को फेंक दिया। बंदर ने समझा कि उसके स्वामी के साथ यह लोग ज्यादती कर रहे हैं, तो वह आक्रोशित हो गई और उसने वहां मौजूद एक महिला होमगार्ड पर हमला बोल दिया। इसके बाद इमरजेंसी में चीख पुकार मच गई और लोग बंदर से बचने के लिए छिपने लगे।
वासुदेव मई निवासी संजू शर्मा पुत्र लक्ष्मण शर्मा दिल्ली में नौकरी करता है। उसने वहां एक बंदर पाल रखा है। कुछ दिन पूर्व संजू अपने गांव आ गया। रविवार सुबह वह अपने



पालतू बंदर के साथ छत पर बैठा था। तभी बंदर छत से भाग कर अन्य छतों पर पहुंच गया। जिसे पकड़ने के चक्कर में संजू छत से नीचे गिर पड़ा और उसके चोट आई। परिजन और ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुला कर संजू को लेकर अस्पताल आने लगे। इसी दौरान बंदर भी संजू के साथ एंबुलेंस में बैठ गया। संजू को परिजनों ने एंबुलेंस से उतारा और इमरजेंसी में लाए। उसके साथ बंदर भी आ गया। जैसे ही इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने संजू का उपचार शुरू किया, बंदर ने स्वामी के साथ उत्पीड़न समझा। जब स्टाफ संजू को इंजेक्शन लगाने के लिए उसका हाथ पकड़ा, वैसे ही बंदर ने स्टाफ के हाथ से सिरिंज छीन ली और मुंह से काटने लगा। बंदर की इस हरकत को देख स्टाफ में भय उत्पन्न हो गया। काफी प्रयास के बाद उसे इमरजेंसी के बाहर निकाला और दरवाजा बंद कर उपचार शुरू किया। मालिक को कमरे में बंद देख बंदर आक्रोशित हो गया। इमरजेंसी के बाहर ब्रेंच पर बैठी एक महिला होमगार्ड पर उसने हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गई। इसके साथ ही वहां मौजूद एक स्वान को भी काट लिया। बंदर को आक्रोशित देक वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। सभी उससे बचने के लिए छिपते हुए नजर आये। काफी देर बाद बंदर शांत हुआ। बंदर और संजू की दोस्ती को देख लोग चर्चा करते रहे।

# मंच का पालिकाध्यक्ष प्रतिनिध ने फीता काट कर किया उदघाटन।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**



शिकोहाबाद। न्यू गार्डेनिया इंटर कॉलेज के सामने स्थित पार्क में नवनिर्मित मंच का उदघाटन पालिकाध्यक्ष प्रतिनिध राजीव गुप्ता ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को पार्क के सौंदर्यीकरण का भी आश्वासन दिया।
न्यू गार्डेनिया स्कूल के सामने पार्क में चल रही नियमित निशुल्क क्लास योग मंच का उद्घाटन फीता काट कर चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता ने किया। डॉ.पीएस राना ने जनता को सुबह साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक प्रतिदिन योग सिखा रहे हैं। दर्जनों महिला पुरुष योग कक्षा में भाग लेते हैं। भारतीय मानवाधिकार मजदूर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने कहा योग हमारे शरीर को निरोगी बनाता है। राजीव गुप्ता ने कहा हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग से बढ़िया कोई दूसरा साधन नहीं है। योग जीवन जीने की कला है। उन्होंने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूरे पार्क को प्रकाश के साथ सुसज्जित किया जाएगा। इस अवसर पर महेश माथुर, सुनहरीलाल राजपूत, अजय यादव, बृजमोहन यादव, जयवीर सिंह तोमर, डॉ. रामावतार राजपूत, सुनीता, रीता चौहान, अनीश राजपूत, सुमन राजपूत, रश्मि, वीरेश, बृजमोहन यादव, संजेश यादव, अजय यादव, इंजीनियर गिरद सिंह, कमलेश सिंह, उर्मिला उपाध्याय, रश्मि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिविर में उमड़ी दिव्यांगों की भीड़

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। नवोज्वल फाउंडेशन मथुरा द्वारा दिव्यांगजन पुनर्वास शिविर व कृत्रिम पैर, कैलीपर की माप शिविर माथुर वैश्य धर्मशाला पथवारी मंदिर पर आयोजित किया गया। अध्यक्षता कैलाश चन्द्र वर्मा ने की। अतिथियों में डॉ संजीव आहूजा,डॉ. रामकैलाश यादव,सीताराम अग्रवाल, श्रीनारायण दीक्षित,महेंद्र शर्मा,अनेग सिंह,सतीश यादव,मोहनलाल अग्रवाल,किशन बाबू अग्रवाल ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। सीताराम अग्रवाल ने कहा पर हित सरस धर्म नहिं भाई । श्रीनारायण दीक्षित ने कहा कि दिव्यांग सहायतार्थ हमें टोली बनाकर कार्य करने चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता में वृद्ध लोग एकाकीपन का जीवन जीते हैं। उनके कल्याण और सेवा के लिए नवोज्वल फाउंडेशन एक उत्तम कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन विष्णु शर्मा संस्था सचिव ने किया। अतिथियों का स्वागत सहसचिव नवीन कुमार मिश्र और राजनारायण शर्मा ने किया। इस अवसर पर हनी अग्रवाल, अजय यादव,डॉ. उमेश जादोंन,वीरेंद्र कुमार गुप्ता,विदरेश गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा। माथुर वैश्य धर्मशाला समिति का विशेष सहयोग रहा। जिन्होंने सुंदर व्यवस्था व भवन उपलब्ध कराया। मापन कार्य राजू नेगी, प्रदीप कुमार तथा पंजीकरण कपिल शर्मा ने किया।

# पूर्व प्रधान के घर से लाखों की चोरी, चोरों की धमाचौकड़ी से क्षेत्र में दहशत का माहौल

**दैनिक समाज जागरण ब्लॉक संवाददाता ऋषभ कुमार**



बकेवर/फतेहपुर विकासखंड देवमई के बकेवर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का सिलसिला जारी है। थाना क्षेत्र के गाँव जगदीशपुर बकेवर में चोरों ने पूर्व प्रधान के सूने घर में घुस कर सोने-चांदी के आभूषणों व नगदी सहित लगभग तीन लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। चोरी की तहरीर पीड़ित पूर्व प्रधान द्वारा बकेवर थाने में दे दी गई है! जगदीशपुर गाँव निवासी पूर्व प्रधान अवधेश कुमार मौर्य पड़ोस में अपने भाई दिनेश मौर्य के घर मे विगत रात सोया था और उसका घर सूना पड़ा था। पीडित अवधेश गाँव मे अकेला ही रहता है और उसका बड़ा बेटा प्रवेश कानपुर व छोटा बेटा संतोष नोएडा में परिवार सहित रहता हैं। पीड़ित की छोटी बहू व संतोष की पत्नी के जेवरात गाँव के ही घर पर अलमारी में रखें थे। विगत देर रात आसपास चोर किसी सहारे से मकान में घुस आए और उन्होंने एक कमरे का कुंडा तोड़ दिया लेकिन वहाँ कुछ न मिलने पर सामने बने कमरे का ताला तोड़कर घुसे और अवजारो का सहारा लेकर वहाँ रखी अलमारी ताला तोड़कर व लॉकर तोड़ उसमें रखा एक सोने का हार, एक जोड़ी विछुआ चाँदी के, दो जोड़ी चांदी की पायलें, एक जोड़ी चाँदी के तोड़िया व एक चाँदी का गुच्छा समेत बीस हजार रुपये की नगदी चुरा ले गए। आज रविवार की सुबह लगभग 4:30 बजे अवधेश जागा और अपने घर की ओर आया। कमरे के कुंडा व ताला टूटा हुआ व सामन बिखरा हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। तभी चोरी की घटना का पता चला और तुरंत घटना की सूचना 112 को दी।

इस मामले में थानाध्यक्ष बकेवर ने बताया कि तहरीर मिली है।मौके का मुआयना कर कार्यवाही की जा रही है।जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

**औसेरीखेडा में हुई चोरी का खुलासा नहीं**

पिछ्ली माह की 26 तारीख को बकेवर थाना क्षेत्र के अवसेरीखेड़ा मंजरे सुजावलपुर गाँव मे हुई 17 लाख की चोरी के मामले में दस दिन बीत जाने के बाद अभी भी पुलिस के हाथ खाली है, पुलिस के हाथ में निराशा छोड़ कुछ हासिल नहीं हो सका है। इन दो ताबड़तोड़ चोरियों से क्षेत्र में भय व्याप्त है। अपराधियों के अंदर पुलिसिया खौफ बेअसर साबित हो रहा है। अवसेरीखेड़ा गाँव में चोरी की घटना से पीड़ित वीरेंद्र व उनकी पत्नी ने भैसौली के एक सोनार पर शक जाहिर किया था और विभाग के आला अधिकारियों ने थाना अध्यक्ष के आधीन पांच सदस्यों की टीम का गठन भी किया गया था। लेकिन पुलिस की हीलाहवाली के चलते कुछ हासिल नही हो सका।

# मंडलायुक्त प्रयागराज मण्डल प्रयागराज, विजय विश्वास पंत ने कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**




फतेहपुर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण(27 अक्टूबर से 03 दिसम्बर, 2023) कार्यक्रम के तहत दिन रविवार को मंडलायुक्त प्रयागराज मण्डल प्रयागराज , विजय विश्वास पंत ने कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण में आने वाली समस्याओं/सुझाव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि ग्रामों/वार्डो में मुनादी/पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगने वाले विशेष अभियान के बारे में जागरूक किया जाय ताकि ज्यादा से ज्यादा नए मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम जोड़वा सके। उन्होंने कहा कि जो बहु बनाकर आई है को चिन्हित करते हुए मतदाता सूची में शामिल करे। हेल्पलाइन नम्बर 1950 में आने वाले मतदाता से संबंधित आवेदनों को रजिस्टर पर अंकित करके संबंधित बूथ लेबिल अधिकारी को दे दे ताकि पंजीकरण मतदाता सूची में नाम दर्ज हो सके। उन्होंने उपजिलाधिकारियों से कहा कि जो भी मैसेज आए जो देखे और उनका समय से निस्तारण कराए। राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा विशेष अभियान में प्रशासन के साथ आप लोगो का सहयोग अपेक्षित है।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सी.इंदुमती ने बताया कि जनपद में तहसीलों(फतेहपुर, बिंदकी, खागा) एवं 06 विधानसभाएं(238झ जहानाबाद, 239झबिंदकी, 240झ फतेहपुर, 241झअयाह शाह, 242झहुसैनगंज, 243झखागा) है, जिसमे रिटर्निंग ऑफिसर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्तियां कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जनपद में 13 विकास खंड, 02 नगर पालिका परिषद, 08 नगर पंचायत, 816 ग्राम पंचायत, 132 न्याय पंचायत, 1552 राजस्व ग्राम है। जनपद में 01 कोतवाली सहित 21 थाने है, जनपद का क्षेत्रफल 4152 र० डे है, वर्ष 2011 की जनगणन के अनुसार जनपद की कुल आबादी पुरुषझ1384722, महिलाझ1248011, कुलझ 2632733 है। उन्होंने बताया कि 06 विधानसभाओं में 1403 मतदान केन्द्र, 2143 मतदेय स्थल, 2143 बीएलओ, 215 सुपरवाइजर एवं 1403 पदाभिहित अधिकारियो की नियुक्ति की गई है। 3419 बीयू, 2812 सीयू और 3025 वीवी पैट है। उन्होंने कहा कि जनपद में विशेष अभियान के तहत विशेष तिथियां 04 नवंबर(शनिवार), 05 नवंबर(रविवार), 25 नवंबर(शनिवार), 26 नवंबर(रविवार), 02 दिसम्बर(शनिवार), 03 दिसंबर 2023(रविवार) है, के माध्यम से नया वोटर, दिव्यांग व महिलाओ को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडलायुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज द्वारा दिए गए निदेर्शों का अधिकारियो द्वारा अक्षरशः पालन कराया जाएगा।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर, बिंदकी, खागा, अपर उप जिलाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा0 ज्ञानेंद्र सचान ह्नज्ञानूह्न, भाजपा जिला मंत्री मनोज मिश्र मनु, भाजपा के कुलदीप सिंह भदौरिया, समाजवादी पार्टी के सुनील उमराव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, बसपा जिला उपाध्यक्ष मो0 आरिफ, एआईसीसी राजीव लोचन निषाद, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा राकेश यादव, जिला सचिव मकपा गया प्रसाद, जिला सचिव कांग्रेस जयनेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस सुधाकर अवस्थी, आप पार्टी जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुमार मौर्य, मनोज पाल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

तत्पश्चात मंडलायुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत सदर के विश्व भारती गर्ल्स इंटर कालेज, टेंडर हट्र्स स्कूल एवम तहसील खागा के बुदवन इंटर कॉलेज बुदवन में चल रहे पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जिसमे पाया गया कि बूथ संख्या 95 में फार्मझ6 के 12 आवेदन, बूथ संख्याझ96 में फार्मझ 06 के 03 आवेदन, बूथ संख्याझ 93 में फार्मझ6 के 05 आवेदन, बूथ संख्याझ94 में फार्मझ6 के 24 आवेदन प्राप्त हुए थे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी खागा नन्द प्रकाश मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री वीर सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया स्टेशन रोड फिरोजाबाद शाखा द्वारा एवं कोमल फाउंडेशन के सहयोग से जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बाल शिक्षा केंद्र, जैन नगर, फिरोजाबाद पर आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विवेक कुमार ने कहा कि 30 अक्टूबर से 05 नवंबर, 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है जिसका विषय ह्यभ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहेंह्न है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा और नैतिकता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा देने और सतर्कता मामलों पर जानकारी का प्रसार करने के लिए केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता मामलों पर एक प्रश्नोत्तरी शुरू की है। केन्द्रीय सतर्कता आयोग सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में सभी नागरिकों की भागीदारी चाहता है।
विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखण्डता और सत्यनिष्ठा को बढावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है। यह सप्ताह भ्रष्टाचार के विरूद्ध केन्द्रीय सतर्कता आयोग की जन भागीदारी सतर्कता पहलों में से एक है। इसका उद्देश्य शासन और जन प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति संवेदनशीलता लाना है।
कार्यक्रम में सभी बच्चों को यूनियन बैंक आफ इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विवेक कुमार द्वारा पाठ्य सामग्री का वितरण भी किया गया।
कार्यक्रम में सोनी यादव, लाखन सिंह, धर्मेंद्र यादव, गिरीश चंद्र यादव, संदीप कुमार, गरिमा यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# वोटर चेतना महा अभियान के अंतर्गत लगाया गया कैंप

**दैनिक समाज जागरण ब्लॉक संवाददाता ऋषभ कुमार**



देवमई फतेहपुर -जनपद फतेहपुर के विकासखंड देवमई क्षेत्र में समाजसेवी जगदीश सिंह पटेल पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवमई की अध्यक्षता में बूथ नंबर 100 प्राइमरी पाठ्य शाला देवमई प्रथम में वोटर चेतना अभियान चलाया गया।इस अभियान के तहत नए मतदाता के फॉर्म जमा कराने के साथ ही छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा पुन : निरीक्षण किया गया। देवमई ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जगदीश सिंह पटेल ने कहा कि कोई भी 18 वर्ष की आयु पूर्व कर चुके युवक युवती मतदाता बनने से न रह जाए।इस मौके पर बीएलओ विद्या सिंह , पप्पू पटेल,अरविंद,अनुज पटेल, राम सनेही त्रिवेदी, कल्लन अन्य ग्रामवासी एवं मतदाता उपस्थित रहे।

# वोटर चेतना अभियान नगर जहानाबाद मतदाता सूची में बढ़े नाम

**दैनिक समाज जागरण तहसील संवाददाता अभय प्रताप सिंह**



जहानाबाद/फतेहपुर जनपद के जहानाबाद क्षेत्र में वोटर चेतना अभियान गांधी इंटर कॉलेज चौक कोडा जहानाबाद पर शनिवार को वोटर चेतना महाअभियान की नगर कार्यशाला में रामकरण सिंह मंडल महामंत्री वा शिवम शुक्ला मंडल मंत्री ने कहा कि जो 18 वर्ष की आयु को पूर्ण कर चुके युवाओं, विवाह होने के बाद परिवर्तित निवास स्थान, बूथ से अन्यंत्र निवास करने वाले तथा बूथ पर नए आए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने या नाम कटने का कार्य तथा दिवंगत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवाने का कार्य वोटर चेतना महाभियान के माध्यम से करनावाटर चेतना अभियान के अंतर्गत बूथ संख्या 166 बाय 165 में मतदाता सूची में नाम बढ़ते हुए वश संशोधित करते हुए सेक्टर प्रवासी महामंत्री रामकरण सिंह सेक्टर प्रमुख शिवम शुक्ला जी बोथ अध्यक्ष अश्वनी कुमार जी महेश जी सत्यम जी वह बीएलओ आरती देवी, फूलमती देवी, मधुदेवी को आधार कार्ड पत्रक सौंपते हुए।

# 197 वें स्थापना दिवस शहीद स्थल मे जलेंगे दीप

## वैचारिक ताकत देता है स्थापना दिवस कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर ऐतिहासिक,पौराणिक,सांस्कृतिक विरासतो को अपने आप में संजोए गंगा यमुना के मध्य दो महाँनगरो के बीच बसां जनपद फतेहपुर 197 वर्षगांठ को लेकर के बेताब है।युवा विकास समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने बताया जनपद की 197 वी वर्षगांठ पर बावनी इमली शहीद स्मारक खजुहा में कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है।शहीद स्थल मे दीप जलाये जायेंगे।कवि फतेहपुर पर अपनी काव्य रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे तो पौधरोपण कर संतुलित वातावरण को लेकर जागरूकता का संदेश दिया जायेगा।विचार गोष्टी पर जनपद के सतत विकास एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा होगी।जनपद के संभ्रांत नागरिको के मार्गदर्शन एवं युवाओ की ऊर्जा से कार्यक्रम को उत्सव के रूप मे मनाने को बल दिया जा रहा है।उन्होंने कहा जिले का स्थापना दिवस हम युवाओं में वैचारिक ताकत देने का काम करता है।संचार क्रांति के युग में जिले का गौरवमयी इतिहास वैश्विक पटल पर कीर्तिमान गढें इसके प्रयास होने चाहिए।बताया 2016 में संगठन ने पहली मर्तबा जनपद का स्थापना दिवस मनाना शुरू किया था।भावी युवा पीढ़ी अपने जनपद के गौरवमयी इतिहास को जाने इसके लिए ऐसे आयोजन जरूरी हैं।उन्होंने बताया खजुहा बावनी इमली शहीद स्थल मे यह कार्यक्रम चौथी बार मनाया जाना है।जनपद का गठन 10 नवंबर 1826 को हुआ था।इसलिए इस वर्ष 197वीं वर्षगांठ मनाई जानी है।

# मानव धर्म ही सर्वोपरि है

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर सभी उत्सव एकता व खुशी का सन्देश देते हैं,मानव धर्म ही सर्वोपरि है,भारत देश एक है,यहाँ रहने वाले सभी सिर्फ भारतवासी हैं,इस पुनीत भाव को जागरूक करने हेतु गत वर्ष की भांति पुनः दीपमालिका उत्सव के पूर्व



आज प्रातः 8 बजे से इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व समाजसेवी डॉ अनुराग श्रीवास्तव द्वारा आबूनगर के पीछे खलीलगंज,गढ़ीवा,विनोबा नगर,बीबीपुर,कांशीराम कॉलोनी(महर्षि विद्या मंदिर के पीछे) व श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मंदिर व दिव्यांग पुनर्वास केंद्र खंभापुर के सभी दिव्यांग बच्चों व चिन्हित अतिजरूरतमद बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगजनों को लाई,गट्टा,पट्टी,मिठाई, मोमबत्तियां,साबुन व ऊनी टीशर्ट देकर थोड़ी सी मिठास व खुशी देने का अल्प प्रयास किया गया।इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी जसवंत,सुरेश श्रीवास्तव आचार्य रामनारायण,अभिनव श्रीवास्तव व दिव्यांग विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार,अध्यक्ष डॉ वकील अहमद सिद्दीकी उपस्थित रहे।

# सोते समय जहरीले साँप के काटने से युवक की मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। किसनपुर थाना क्षेत्र में बीती रात घर में सोते समय युवक को जहरीले साँप ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के एकडला गांव निवासी शुकरु दयाल का 30 वर्षीय पुत्र मनीष को बीती रात घर में सोते समय जहरीले साँप ने काट लिया। सुबह परिजनों को सांप काटने के बारे में जनकाती हुई तबतक बहुत देर हो चुकी थी। साँप का जहर उसके शरीर मे असर कर चुका था जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मनीष की अचानक मौत से उसकी पत्नी साधना सदमे में है बच्चो में 2 वर्षीय पुत्र शैलेन्द्र व 6 माह की पुत्री लक्ष्मी बराबर रो रहे है।

# मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा के जननायक कपूरी ठाकुर अति पिछड़ा छात्रावास में प्रेरणा-सत्र का आयोजन

मधेपुरा।
मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा के जननायक कपूरी ठाकुर अति पिछड़ा छात्रावास में प्रेरणा-सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को बिहार सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

योजनाओं का उठाएं लाभ
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कई योजनाएं चलाईं जा रही हैं। इसमें प्री मैट्रिक से लेकर पीएचडी तक की पढ़ाई के लिए अलग-अलग योजनाएं शामिल हैं। विद्याथीर्यों को इन योजनाओं का समुचित लाभ उठाना चाहिए।

अति पिछड़ा छात्रावास में सौ विद्यार्थी नामांकित
कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता जिला कल्याण पदाधिकारी (डीडब्ल्यूओ) रामकृपाल प्रसाद ने बताया कि मधेपुरा महाविद्यालय, मधेपुरा में जननायक कपूरी ठाकुर अति पिछड़ा छात्रावास में सौ विद्यार्थी नामांकित हैं। इन विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे कठिन परिश्रम करके प्रतियोगिता परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करें। विद्यार्थियों के परिणाम पर ही योजनाओं की सफलता निर्भर है।
उन्होंने बताया कि इस छात्रावास में सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसमें नामांकित सभी विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री छात्रावास अनुदान योजना अन्तर्गत एक हजार रुपए प्रति माह अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री छात्रावास खाद्यान्न योजना अन्तर्गत प्रतिमाह प्रति छात्र 9 किलो ग्राम चावल एवं 6 किलो ग्राम गेहूँ दिया जाता हैं। आवासित छात्रों को ऑनलाईन डिजिटल अध्ययन केंन्द्र एवं पुस्तकालय की सुविधा प्रदान की गई है।

बीएनएमयू में हैं दो केंद्र
विशिष्ट अतिथि उप कुलसचिव



(स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि बीएनएमयू के प्रशासनिक परिसर में बिहार सरकार द्वारा दो केंद्र संचालित है। पहले से संचालित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में एसएससी, रेलवे एवं बैंकिंग और बीपीएससी की निः शुल्क तैयारी कराई जाती है। इस वर्ष से मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र की शुरूआत की गई है। इसमें नेट, पीएचडी आदि की निः शुल्क तैयारी कराई जाती है और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु समुचित मार्गदर्शन दिया जाता है।

छात्रावास खोलने का है प्रस्ताव
उन्होंने बताया कि दोनों केंद्रों को बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन से काफी सहयोग प्राप्त हो रहा है। सरकार ने दोनों केंद्रों में बायोमेट्रिक मशीन, कम्प्यूटर एवं ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था की है और प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के लिए एक भवन-निर्माण का प्रस्ताव मांगा गया है। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय कैम्पस में दो नए छात्रावास खोलने का भी प्रस्ताव है।
कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत छात्रावास परामर्शी रत्नेश प्रसाद यादव और अंत में धन्यवाद ज्ञापन छात्र नायक नीरज कुमार ने किया।
इस अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष उमेश कुमार, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज, उज्जवल कुमार, प्रभात कुमार, भूषण कुमार, राम कुमार, रोहित गुप्ता, आशीष कुमार, रतन कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, आकाश कुमार, विजय कुमार साह, विवेक कुमार, रंधीर कुमार सिंह, सुमित कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, अजित कुमार, मनीष कुमार, जयेश कुमार, धीरज कुमार, धमेन्द्र कुमार, नीतीश कुमार, प्रमोद कुमार, राजा कुमार, मनोहर कुमार, बादल कुमार, गुलशन कुमार सिन्हा, सिन्टु कुमार, राधे कुमार आदि उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद अररिया द्वारा देव दिपावली में महाआरती का कार्यक्रम का अयोजन 27 नवम्बर को

अररिया।
विश्व हिंदू परिषद अररिया द्वारा रविवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर कोसी कॉलोनी प्रांगण में छोटी टोली की बैठक जिला कार्याध्यक्ष संतोष झा की अध्यक्षता में बुलाई गई जिसमें जिला मंत्री शुभम चौधरी ने बताया कि हर वर्ष परमान नदी त्रिशूलीया धाट के किनारे देव दीपावली मे महाआरती का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी देव दिपावली मे महाआरती का कार्यक्रम 27 नवम्बर को बहुत ही भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिसमें बनारस से महाआरती के लिए पुरोहित को बुलाया जाएगा और 5100 दीप की श्रृंखला बनाकर विभिन्न आकृतियों का निर्माण किया जाएगा व रंग बिरंगी प्रकाश से सजाया जाएगा । इस बार की महा आरती को और भी भव्य



बनाने का कारण यह है कि 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम जी के भव्य अयोध्या राम मंदिर का उद्घाटन होना है। इस कार्यक्रम को लेकर आगामी बैठक 9/11/2023 को सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति काली बाजार अररिया के प्रांगण मे दिन के 11 बजे रखी गई है। इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष पंकज द्विवेदी, विवेकानंद भारती जी, बजरंग दल संयोजक विक्रम साह, बजरंग दल सह संयोजक सुरज कुमार, सुरज सिंह, राजू श्रीवास्तव, विकास भगत आदी उपस्थित रहे।

# मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर पहुंच कर माननीय हाई कोर्ट के जस्टिस ने किया पूजा-अर्चना

अररिया।
पटना हाई कोर्ट के माननीय जस्टिस चंद्र प्रकाश सिंह ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर पहुंचे। इस दौरान जस्टिस ने मां खड्गेश्वरी महाकाली व बाबा खड्गेश्वरनाथ महादेव की पूजा अर्चना की।जस्टिस के साथ जिला जज,एडीजे व सीजीएम समेत कई वरिय अधिकारी मौजूद थे। जस्टिस चंद्र प्रकाश सिंह ने मां खड्गेश्वरी महाकाली को पुष्प व चुनरी अर्पित कर पूजा की।जिसके बाद उन्होंने खुद मां काली का आरती भी किए,और बाबा खगेश्वर नाथ को दूध से जलाभिषेक किये। वही नानू बाबा के द्वारा आरती व पुष्पांजलि भी कराया गया। मां खड्गेश्वरी के साधक नानू बाबा से मंदिर का इतिहास भी जाना।इस दौरान काली मंदिर के कार्यकर्ता हेमंत कुमार हीरा ने जस्टिस को मंदिर का इतिहास बताते हुए बताया कि मां खड्गेश्वरी काली मंदिर में प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को महाभोग लगाया जाता है।मां खड्गेश्वरी को विशेष श्रृंगार भी किया जाता है।इस महाभोग के आयोजन में पड़ोसी देश नेपाल समेत कई राज्य भी भक्त लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।नानू बाबा सभी धर्मो में मिसाल हैं। बाबा अपना निजी जमीन मंदिर, मस्जिद,स्कूल व मौसामत महिला को भी दान कर चुके हैं।मंदिर का गुम्मद के बारे में बताया गया।नानू बाबा अपना पूरा जीवन मंदिर में समर्पित कर दिये।इस कारण बाबा शादी भी नहीं किये। विश्व शांति के लिए दिल्ली पटना समेत कई जिलों में दंड प्रणाम भी कर चुके हैं।वही जस्टिस ने मां खड्गेश्वरी महाकाली व नानू बाबा को प्रणाम कर आशीर्वाद लिये। उन्होंने बताया कि मां का पूजा अर्चना कर बहुत खुशी हुई। यहां काफी मन लगा।मां खड्गेश्वरी महाकाली सभी का देश में शांति बना करे इसके लिए कामना की। मौके पर जिला जज हर्षित सिंह, एडीजे मनोज कुमार तिवारी,संजय राय, सी जे एम शैलेंद्र सिंह, श्याम बिहारी सिंह, अमित कुमार,मनोज कुमार, विनोद कुमार, समेत सिविल कोर्ट के दर्जनों पदाधिकारीगण ,पुलिस बल व मंदिर के पंडित उमेश झा,संतोष झा,रौशन दूबे,शंकर मालाकार मौजूद थे।

# अलग अलग थानों से तीन वारंटी एवम एक लदे ट्रैक्टर बालू किया जप्त

अररिया।
अररिया जिला के तीन अलग अलग थानों से तीन वारंटी एवम एक थाना से



सिमराहा ओ० पी०



कुर्साकांटा थाना

अवैध बालू खनन में लिप्त 01 बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त करने की सूचना मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलकाहा थाना पुलिस द्वारा अवैध बालू खनन में लिप्त 01 बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया ।
सिमराहा ओ० पी० पुलिस द्वारा दो कांडो के 2 वांछित अभियुक्तों एवम कुसकांटा थाना पुलिस द्वारा 1 वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

# भगवान की कृपा से बड़े भाई जनाब "सैयद शाहनवाज हुसैन जी" का स्वास्थ बिल्कुल ठीक है: रंजीत यादव

पटना।
सीमांचल में यादव बिरादरी के युवा कद्दावर नेता रंजीत यादव स्ट्रेंड रोड,



पटना स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह सूबे के पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर आदरणीय बड़े भाई जनाब "सैयद शाहनवाज हुसैन जी" से मिलकर उनके हाल-चाल की जानकारी ली। रंजीत यादव ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ थे लेकिन भगवान की कृपा से अब वो वे बेहतर हैं । इस मौके पर भाजपा के वरीय नेता सह अररिया भाजपा परिवार में चाणक्य के नाम से मशहूर भाई प्रेम कुमार मिश्रा भी उनके साथ दिखे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के चार प्रखंडों में चल रहा नाईट ब्लड सर्वे

कटिहार ।
फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामान्य लोगों में फाइलेरिया की पहचान



के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के चार प्रखंडों में नाईट ब्लड सर्वे कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस दौरान संबंधित प्रखंडों के चिह्नित स्थलों पर कैम्प आयोजित कर रात 08 बजे से 12 बजे तक स्थानीय लोगों की ब्लड सैंपल ली जा रही है। सभी ब्लड सैंपल की अस्पताल में जांच करते हुए संबंधित क्षेत्र में माइक्रो फाइलेरिया दर का अनुमान लगाया जाएगा। माइक्रो फाइलेरिया दर से यह मालूम किया जाएगा कि संबंधित क्षेत्र में फाइलेरिया प्रसार कितना है। इसके अनुसार उक्त क्षेत्र फाइलेरिया से सुरक्षा के लिए लोगों के लिए सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। चार प्रखंड में शामिल कटिहार सदर, दंडखोरा, समेली व आजमनगर में नाईट ब्लड सर्वे 27 अक्टूबर से संचालित किया जा रहा है ,जो 11 नवंबर तक चलाया जाएगा।

# अब जनता जनार्दन भाजपा के झांसा में नहीं आएगी,2024 आम लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार: टीपू यादव

अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।
राजद के प्रदेश सचिव मेदनी कृष्ण उर्फ टीपू यादव ने 2024 आम लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की बनेगी सरकार का दावा किया और कहा कि इस बार जनता जनार्दन भाजपा के झांसा में नहीं आएगी।
भाजपा के गणित का आंकड़ा को दशार्ते हुए उन्होंने कहा
2019 में एनडीए ने 353 सीट ( भाजपा 303) जीतकर बहुमत से 81 सीट ज्यादा प्राप्त किया था। इसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आप प्रचण्ड जीत कह सकते हैं क्योंकि कई प्रभावशाली क्षेत्रीय दलों के वर्चस्व में सेंध लगाना मामूली नहीं था। इसे आप नरेंद्र मोदी और भाजपा का चरम कह सकते हैं। अब बात आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 की, तो अगले चुनाव में भाजपा (एनडीए) को कम से कम 272 सीट चाहिए। यानी कि 80 सीट तक अगर एनडीए हार भी जाती है तो नरेंद्र मोदी वापसी करने में कामयाब होंगे।
अब एक नजर डालते हैं उन आंकड़ों पर जिन राज्यों में भाजपा का अस्तित्व है या फिर ये कहें कि एनडीए गत लोकसभा चुनाव में मजबूती से प्रदर्शन किया था। फिर राज्यवार विश्लेषण करेंगे ---

| राज्य | कुल सीट | एनडीए को प्राप्त |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 80 | 62 |
| महाराष्ट्र | 48 | 28 |
| प.बंगाल | 42 | 22 |
| बिहार | 40 | 39 |
| मध्यप्रदेश | 29 | 28 |
| कर्नाटक | 28 | 25 |
| गुजरात | 26 | 26 |
| राजस्थान | 25 | 24 |
| उड़ीसा | 21 | 08 |
| असम | 14 | 09 |
| झारखंड | 14 | 12 |
| छत्तीसगढ़ | 11 | 09 |
| हरियाणा | 10 | 10 |
| दिल्ली | 07 | 07 |
| उत्तराखंड | 05 | 05 |
| कुल | 400 | 314 |

अब आंकड़ा देखिए एनडीए को पूरे भारत में मिले 353 सीटों में से 314 सीट इन्हीं 400 सीटों वाले राज्यों से मिला था। अब राज्य वार चलते हैं।
उत्तर प्रदेश - 80 में से 62 सीट भाजपा को जो कि 2014 में मिले 71 सीट के बनिस्पत कम है। यानी कि घटते हुए क्रम में, अब अगर इण्डिया गठबंधन एकजुट होकर लड़ी तो ये 50 के आसपास भी जा सकता है। यह एनडीए के लिए बहुत बड़ा सैड बैक होगा
महाराष्ट्र - एनडीए का घटक उद्धव ठाकरे अगर महागठबंधन के साथ जाते हैं तो भाजपा यहां 10 - 15 के बीच सिमट जाएगी क्योंकि सिंदे के बनिस्पत उद्धव ही मास लीडर हैं।
प. बंगाल - इसबार दीदी का जादू के साथ - साथ 2 से 3 % कांग्रेस का वोट भी बंगाल में भाजपा के लिए तबाही साबित हो सकता है।
बिहार - नीतीश - तेजस्वी क्लीन स्वीप के लिए काफी है। यहां 39 सीट वाला एनडीए अगर 9 पर भी पहुंच जाय तो काफी होगा। क्योंकि अगर 5% वोट भी इधर से उधर हो जाता है तो सीटों में यह बहुत बड़ा अंतर पैदा कर देगा।
मध्यप्रदेश - मध्यप्रदेश के संदर्भ में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा, विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद ही सही आकलन किया जा सकता है। लेकिन ये तो निश्चित है कि भाजपा यहां चरम पर है, 29 में से 28 सीट जीती हुई है, इसलिए बढ़ने की संभावना शून्य है और जिस तरह का माहौल है तथा एन्टीइन्कबेंसी भाजपा के लिए खुशनुमा नहीं




ही है।
कर्नाटक - यहां तय है कि सिद्धारमैया और शिवकुमार की जोड़ी भाजपा के लिए काल है और भाजपा अगर 10 तक भी पहुंच जाय तो काफी होगा।
गुजरात और राजस्थान - यहां भाजपा कुल सीट जीती हुई है। इसलिए घटने की संभावना तो है परन्तु बढ़ने का कोई स्कोप नहीं।
उड़ीसा - उड़ीसा एक मात्र राज्य है जहां अगर नवीन पटनायक साथ आ जाएं तो एनडीए कुछ गेन कर सकती है।
असम - यहां के बारे में यही कह सकता हूं कि स्थिति लगभग यथावत रहेगी।
झारखंड - बड़ी कठिन है डगर पनघट की। इण्डिया गठबंधन बहुत मजबूत है।
छत्तीसगढ़ - हरियाणा- दिल्ली - घटने की पूरी संभावना। कोई ऑप्शन नहीं।
उत्तराखंड - लगभग यथावत।
कुल मिलाकर अगर देखा जाए तो भाजपा पूरी तरह से बैकफुट पर है। 100 से 150 सीट की क्षति तय है। किसी भी प्रकार से भाजपा बहुमत में नहीं आ सकती है। मैं अभी ये नहीं कह सकता की नरेंद्र मोदी सरकार नहीं बना पाएंगे, क्योंकि चुनाव परिणाम के बाद के किसी भी प्रकार के अनैतिक गठबंधन से इन्कार नहीं किया जा सकता। खरीद फरोख्त की संभावना बनेगी। अगर चुनाव के बाद इण्डिया गठबंधन इनटेक्ट रह गया तो ठीक नहीं तो फिर नरेंद्र मोदी की अबतक की सबसे कमजोर सरकार रही ।अन्य बचे राज्यों की बात तो वहां आप भाजपा से कोई उम्मीद नहीं रख सकते हैं।

# बिहटा औरंगाबाद रेलवे परियोजना के लिए अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठे आंदोलनकारियों की बिगड़ी स्वास्थ्य

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ अनुमंडल मुख्यालय बाजार स्थित बिहटा मोड़ चौराहे पर बिहटा -औरंगाबाद रेलवे परियोजना शुरू करने के लिए 7 दिनों से आमरण अनशन पर बैठ आंदोलनकारियों को पक्ष -विपक्ष हो या केंद्र और राज्य सरकार के पदाधिकारी अबतक कोई सुधी लेने नहीं पहुंचा। जबकि अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठे आंदोलनकारियों की दिन पर दिन हालत बिगड़ती जा रही है। वही दूसरी ओर बिहटा -औरंगाबाद रेलवे परियोजना के लिए स्थानीय लोगों का भरपूर जन समर्थन मिल रहे है। वही शनिवार को समर्थन में स्थानीय व्यवसाइयो ने अपनी दुकाने स्वेक्षा से कुछ घंटे बंद रखते हुए जोरदार समर्थन दिया। वही भकपा माले अरवल विधायक महानन्द सिंह धरना स्थल पर पहुंच कर आंदोलनकारियों का हौसला बढ़ाते हुए अपनी ओर से भरपूर समर्थन देने की बात कही। जबकि स्थानीय विधायक सन्दीप सौरभ ने भी अपना समर्थन दे चुके है। वही रविवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने भी समर्थन दिया। इसी क्रम में अनशन पफ बैठे बिहटा औरंगाबाद रेलवे निर्माण समिति के संयोजक चन्दन कुमार तथा आनन्द कुमार की तवियत रविवार को ज्यादा खराब हो गयी। जिन्हें स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया। लेकिन अबतक केंद्र सरकार के कानो तक आवाज नहीं पहुंच पा रही है। केंद्र और राज्य सरकार के कोई मंत्री हो या पदाधिकारी कोई भी धरना स्थल पर सुधि लेने की जहमत नहीं उठाई है। दो दिनों पूर्व रेलवे के महेंद्रू चीफ इंजीनियर आशुतोष मिश्रा आने की सूचना टेलीफोन की माध्यम से दिया था। लेकिन वे आजतक धरना स्थल पर नहीं पहुंच सके है। वही दूसरी ओर स्थानीय लोगों के साथ साथ कुछ जन प्रतिनिधियों का भी जन समर्थन भरपूर मिल रहे है। जिससे अनशनकारियों की हौसले पस्त नहीं हो रहे उलटे और मजबूती के साथ अनशन स्थल पर डटे हुए है। ज्ञात हो कि इस परियोजना के लिए आवाज लगभग 40 वर्ष पूर्व संसद भवन में तत्कालीन आरा के सांसद रहे चन्द्रदेव प्रसाद वर्मा ने इसकी आवाज बुलंद किया था। वही तत्कालीन रेल मंत्री रहे नितीश कुमार ने 2004 में इसकी घोषणा किया था। जबकि 2007 में तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव ने इसकी शिलान्यास पालीगंज के खेल मैदान में एक विधिवत कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रियों, सांसदों व विधायको समेत सैकड़ो की संख्या में मौजूद गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया था। लेकिन 2007 से अब तक 16 साल बीत चुके हैं। लगभग तीन केंद्रीय सरकारों की कार्यकाल भी खत्म हो चुकी हैं। लेकिन शिलान्यास होने के बावजूद भी आजतक यह जमीन पर नहीं उत्तर सकी है। जोकी यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक विषय है। बिहटा से औरंगाबाद तक की 117 किलोमीटर तक की दुरी बताई जा रही है। शिलान्यास के समय प्रस्तावित राशि 350 करोड़ थी जो कि अब तक लगभग 4000 करोड़ से अधिक की हो चुकी है। यह परियोजना पूरी होने के बाद लगभग पटना से औरंगाबाद की सफर 5 घंटे से घटकर मात्र एक से डेढ़ घंटे रह जाएगी। समय की बचत होने के साथ-साथ सस्ती रेल यात्रा भी आम लोगों को लाभान्वित करेगी। पटना जिले के साथ-साथ अरवल, जहानाबाद,औरंगाबाद, गया, रोहतास समेत लगभग आधा दर्जन से अधिक जिले के लगभग एक करोड़ से अधिक की आबादी को परोक्ष या अपरोक्ष रूप से सीधे लाभान्वित होगी। लेकिन केंद्र सरकार के उदासीन रवैया की वजह से इस परियोजना के 42 वर्षों के परिकल्पना के बावजूद भी अब तक जमीन पर नहीं उतरना इस क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए रेलवे संघर्ष समिति सड़क से लेकर सदन तक और पाली, पटना, अरवल और औरंगाबाद से लेकर दिल्ली तक आंदोलन छेड़े हुए है लेकिन केंद्र सरकार के कानो तक जु नहीं रेंग रही है.

# क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला आज

पूर्णियां।
पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोट्र्स सीजन -6 का द्वितीय एवं तृतीय चरण जिला स्कूल के इतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में चलता हुआ। क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा " सर " ने सभी विजेता क्लबों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। कहा कि आप सभी क्लब लगभग एक माह से प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। आज समय आ गया है सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले का। खिलाड़ियों की उत्साह देखने लायक है। खिलाड़ियों को खेलते मुझे काफी प्रसन्नता हो रही है।
ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोट्र्स सीजन - 6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोट्र्स सीजन -6 का चौथा चरण दिनांक 07/11/2023 से खेला जाएगा। चौथे चरण का उद्घाटन मैच सहरसा बनाम सुपौल जिला के बीच खेला जाएगा। अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रत्येक दिन दो मैच खेलें जाएगी।
मैच परिणामः-
प्रथम मैचः-
ए आई एफ कसबा बनाम पी सी सी के बीच मुकाबला खेला गया। पी सी सी के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 81 रन बनाए। जिसमें शिवम ने 15 गेंदों में 34 रन एवं सूरज मेहता ने 13 गेंदों में 24 रनों की बेहतरीन पारी खेली।
ए आई एफ सी कसबा की ओर से गेंदबाजी करते हुए चन्दन कुमार ने 4 विकेट प्राप्त किया।
जीत के लिए 82 रनों का पीछा करते हुए ए आई एफ सी कसबा ने 6 ओवर में 3 विकेट खोकर 73 रन ही बना पाई। ए आई एफ सी कसबा ने यह मुकाबला 8 रनों से हार गई। ए आई एफ सी कसबा की ओर से आकाश ने 18 गेंदों में बेहतरीन 47 रनों की पारी खेली।
पी सी सी की ओर से मान्य सुर्वे ने 2 विकेट प्राप्त किया।
द्वितीय मैचः-
========
एन आर सी सी बनाम आजाद क्रिकेट क्लब अररिया के बीच मुकाबला खेला गया।
आजाद क्रिकेट क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 9 ओवर में 7 विकेट खोकर 49 रन बनाए। जिसमें छोटू खान ने 12 गेदो में 12 रन एवं कैफ ने 9 गेंदों में 11 रन का योगदान अपने क्लब के लिए दिया।
एन आर सी सी की ओर से गेंदबाजी करते हुए मो एजाज ने 3 विकेट प्राप्त किया।
जीत के लिए 50 रनों का पीछा करते हुए एन ए आर सी सी ने 7 ओवर 3 गेंदों में 52 रन बनाकर 3 विकेट से जीत हासिल कर ली। जिसमें मो बॉबी ने 19 गेंदों में 15 रन एवं मो एजाज ने 9 गेंदों में 14 रन का योगदान दिया।
आजाद क्रिकेट क्लब अररिया की ओर से गेंदबाजी करते मो कैफ ने 2 विकेट एवं अदनान ने 1 विकेट प्राप्त किया।
तृतीय मैचः-
========
पी एस के बनाम विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा के बीच मुकाबला खेला गया। विद्या विहार आवासीय विद्यालय




परोड़ा ने निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 127 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें अमित ने 30 गेंदों में 68 रन एवं बंटी ने 11 गेंदों में 21 रन का योगदान दिया।
पी एस के की ओर से गेंदबाजी करते हुए मंतोष ने 1 विकेट प्राप्त किया।
पी एस के जीत के लिए 128 रनों का पीछा करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 72 रन ही बना पाई। जिसमें शाहबाज जमाल ने 13 गेंदों में 13 रन एवं जितेन्द्र ने 13 गेंदों में 12 रन का योगदान दिया।
विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा की ओर से गेंदबाजी करते हुए नदीम आरजू ने 2 विकेट एवं नवीन और अमित कुमार के 1-1 विकेट प्राप्त किया।
चौथे मैचः-
=======
द्रोणा क्रिकेट क्लब बनमनखी बनाम फायर इलेवन बनमनखी के बीच मुकाबला खेला गया।
द्रोण क्रिकेट क्लब बनमनखी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 3 विकेट होकर 105 रन बनाएं ।जिसमें अप्पू सरकार ने 31 गेंद में 48 रन एवं जीतू ने 9 गेंद में 23 रनों की शानदार पारी खेली। करते हुए फायर 11 बनमनखी ने की ओर से आशिक ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने फायर 11 बनमनखी ने 6 विकेट खोकर 10 ओवर में मात्र 59 रन ही बना सकी। जिसमें सुगम ने 19 गेंदों में 24 रन बनाए। द्रोणा क्रिकेट क्लब बनमनखी की ओर से गेंदबाजी करते हुए राजू ने 2 विकेट प्राप्त किया। द्रोणा द्रोणा क्रिकेट क्लब बनमनखी ने फायर 11 बनमनखी को 46 रन से हराया।
पांचवां मैचः-
========
समाचार लिखे जाने तक पॉलिटेक्निक क्रिकेट क्लब बनाम वंडर क्रिकेट क्लब के बीच मैच चलता हुआ।
===============
दिनांक 06/11/2023 को चौथे राउंड के बाद क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।
मैच में अंपायरिंग की भूमिका निभा रहे हैं मो नैयर अली, सैयद जब्बार हुसैन, एस एस प्रसाद पिंटू, बिमल मुकेश,आदित्य कुमार सिंह, अनमोल कुमार सिन्हा थे।
स्कोर की भूमिका प्रिंस कुमार एवं उद्घोषक की भूमिका मो जाहीद आलम एवं आदित्य कुमार सिंह निभा रहे हैं।
इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोट्र्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, मिथिलेश राय, मो मंजर मोहशिम, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, रितेश कुमार झा, आशुतोष कुमार, वेदांत, शिवम, हर्ष कुमार झा, रोबिन के साथ - साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

# एथलेटिक्स स्टेट रैली में वाराणसी बना मण्डल चैम्पियन

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। वाराणसी मण्डल के संयुक्त शिक्षा निदेशक राम शरण सिंह ने लखनऊ में हुए एथलेटिक्स स्टेट रैली में वाराणसी मण्डलीय टीम का प्रभारी बनाकर डा. सत्य प्रकाश सिंह प्रधानाचार्य तिलकधारी सिंह इण्टर कॉलेज को भेजा था। एथलेटिक्स की स्टेट चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसके कारण प्रदेश में वाराणसी मंडल 101 अंक पाकर स्टेट चैम्पियन बनी और 77 अंक पाकर लखनऊ मंडल दूसरे स्थान पर रही। स्टेट चैम्पियनशिप की ट्राफी प्रधानाचार्य डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने प्राप्त किया। ट्राफी प्राप्त करने के उपरान्त गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में जौनपुर एवं वाराणसी के खिलाड़ियों ने पूरे मैदान का चक्कर लगाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए



प्रधानाचार्य डॉ. सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि आप लोगों की मेहनत एवं अनुशासन का ही परिणाम है कि हमें चैम्पियनशिप प्राप्त हुई। जो नेशनल चैम्पियनशिप के लिये चयनित हुए हैं उनको शुभकामना है। इस अवसर पर दिनेश सिंह, अम्बर कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, चेतन सिंह, वाराणसी मण्डल के सभी क्रीड़ाध्यक्ष एवं मण्डलीय सचिव गोपाल राय उपस्थित रहे।

# अटेवा महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनी आराधना करंजाकला ब्लॉक इकाई का हुआ गठन

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

सरायख्वाजा, जौनपुर। गुलाबी देवी महाविद्यालय सिद्दीकपुर में आयोजित बैठक में अटेवा करंजाकला ब्लॉक इकाई गठन हुआ। जिसमे में आराधना चौहान को महिला विंग का अध्यक्ष, प्रतिमा यादव को महामंत्री तथा अपर्णा वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। इनके अलावा पूनम जायसवाल, कंचन पाल, उपमा मौर्या एवं फूलकली यादव को उपाध्यक्ष, अंजना गुप्ता को कोषाध्यक्ष, करिश्मा यादव, शिप्रा एवं कादंबरी कुशवाहा को संगठन मंत्री, लकी बरनवाल एवं बबिता चौबे को प्रवक्ता, सरिता सिंह, अंजु यादव, साधना कुमारी, नीरज उपाध्याय, फराह दिवा, कुसुम द्विवेदी, पारुल, वर्तिका, हीना रिजवी एवं आशा मौर्य को सदस्य कार्यकारिणी चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र



राय एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सुभाष चन्द्र यादव तथा पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश यादव ने सभी पेंशन विहीन साथियों को पेंशन आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका के लिये आवाह्न किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से महिला विंग की जिलाध्यक्ष यामिनी सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजेश उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष टीएन यादव, जिला संयोजक अरविंद यादव, जिला प्रवक्ता विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ महिला मोर्चा विजय लक्ष्मी यादव ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अखिलेश यादव, जिला संगठन मंत्री संदीप यादव, ब्रह्मशील यादव, अरविंद यादव, मनीष यादव, कृपा निधि यादव, लालचंद यादव, कृष्ण कुमार गुप्त, आनंद स्वरूप आदि मौजूद रहे। संयोजन चंदन सिंह, अध्यक्षता जगदीश यादव एवं संचालन महामंत्री इन्दु प्रकाश व संदीप चौधरी ने किया।

## ब्रजेश इण्टर कॉलेज के प्रागंण में पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी की देखरेख में हुए चुनाव में विवेक विद्यालय के प्रबंधक चुने गए

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

सरायख्वाजा, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के ब्रजेश इंटर कॉलेज गुलालपुर के प्रबंधक विवेक कुमार यादव बनाये गये। कॉलेज परिसर में ही रविवार को पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी के देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। ब्रजेश इंटर कॉलेज परिसर में रविवार को प्रबंधक पद को लेकर चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव रंजन मिश्रा पर्यवेक्षक और चुनाव अधिकारी के रूप में किसान इंटर कॉलेज अजोशी के प्रधानाचार्य रामानंद यादव चुनाव अधिकारी रहे इन लोगों के



देख रेख मे नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। जिसमें प्रबंधक पद पर विवेक कुमार यादव को निर्विरोध चुन लिया गया। इनके खिलाफ किसी ने विरोध नहीं किया। इसके पूर्व कुकुडीपुर निवासी समाजसेवी सुभाष चंद्र यादव प्रबंधक थे और हाल में हुए उनके निधन के चलते यह पद रिक्त हुआ था। साधारण सभा सदस्य के रूप में मुरलीधर यादव, लालचंद यादव, रवि यादव, राजमणि यादव, राजेंद्र सिंह, डा. जितेंद्र यादव, महेंद्र यादव, रामआसरे यादव, प्रेमचंद राय, लक्ष्मी नारायण इत्यादि लोगों ने भाग किया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य डा. जय प्रकाश सिंह जेपी, राजेश यादव, महेंद्र कुमार, अशोक यादव, रिकू यादव, वीरेंद्र कुमार, अजित कुमार, मुकेश आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने मतदाता सूची में नये वोटरों के नाम बढ़ाने के कार्य का किया निरीक्षण

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जफराबाद, जौनपुर। स्थानीय नगर पंचायत में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची में नये वोटरों का नाम बढ़ाये जाने के कार्य का प्रभारी ईओ एसडीएम लाल बहादुर ने रविवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ को नए युवा वोटरों और महिलाओं का बढ़ चढ़कर नाम बढ़ाये जाने का निर्देश दिया। एसडीएम लाल बहादुर ने कहा कि जो भी वोटर बनने के लायक है उनका किसी भी हाल में नाम जुड़ने से छूटना नही चाहिये। उन्होंने एक-एक बीएलओ से उनके कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान बीएलओ बरखा रानी,



उषा देवी, आराधना, सुमन सिंह, इंदु सिंह, लेखपाल राजेश श्रीवास्तव, रिजवान आदि मौजूद रहे।

# विभीषण शरणागत एवं अंगद रावण संवाद की शानदार प्रस्तुति

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद की प्राचीनतम राम लीला समिति में से एक प्रमुख रामलीला समिति करीमुद्दीनपुर के कान्ति कला के भव्य मंच पर शनिवार की रात्रि में विभीषण शरणागत एवं अंगद रावण संवाद की खुबसूरत प्रस्तुती पात्रों के द्वारा की गई।

अंगद एवं रावण का बहुत ही जीवन्त अभिनय प्रस्तुत कर पात्रों ने दर्शको को तालियां बजाने को विवश कर दिया।दर्शकों के द्वारा पात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।इस संवाद को उपस्थित दर्शको के द्वारा बहुत ही सराहा गया।रावण के द्वारा बुलाए जाने पर डायरेक्टर ओंकार नाथ राय ने अपने शायरी एवं गजल से कार्यक्रम में शमां बांध दिया।राम के अभिनय में जयप्रकाश राय के द्वारा राम,लव राय लक्ष्मण



रावण राजेश कुमार राय, अश्विनी राय अंगद विभिषण का अभिनय जितेंद्र राय.भरत का अभिनय सिद्धांत राय के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में संयोजक अनिल कुमार राय, डायरेक्टर ओंकार नाथ राय,अनिल कुमार राय. डा दिनेश चन्द्र राय, व्यवस्थापक सुनील कुमार राय.अनिल राय. डा रामानन्द तिवारी, उमेश चन्द्र राय, डा सुबास ठाकुर अखिलेश चौरसिया, राजू पाण्डेय, महेश्वर पाण्डेय. हरेराम यादव, समेत सभी पात्र पदाधिकारी एवम दर्शक उपस्थित रहे।

## राम राज्याभिषेक के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीन पुर




स्थित कान्ति कला मंच पर रामलीला समिति के राम राज्याभिषेक के अवसर पर 7 नवम्बर दिन मंगलवार को सायं सात बजे से शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम में अभिनेत्री रिया पाण्डेय, प्रियंका सिंह प्रिया,तनु तान्या एवं टीवी चैनल कलाकार गायक आरजू अंचल अपनी टीम के साथ खुबसूरत गीतों की प्रस्तुति देंगे।यह जानकारी रामलीला समिति करीमुद्दीन पुर के डायरेक्टर ओंकार नाथ राय एवं व्यवस्थापक सुनील कुमार राय के द्वारा दी गई है।

# स्वस्थ रहना है तो दूसरों के प्रति सद्भाव रखें - फादर पी विक्टर

## विद्यालय में लेजर सुरक्षा विषय पर परियोजना का प्रदर्शन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर की शनिवासरीय प्रार्थना सभा मे कक्षा 6 स के विद्यार्थियों ने स्वस्थ रहने के तरीकों पर प्रकाश डाला।ईशान सेठ ने इस विषय पर विशद प्रकाश डाला।तन्वी सिंह ने सुविचार एवं प्रांजलि उपाध्याय ने सुवचन प्रस्तुत किए।हर्षिता रंजन,आर्यवीर सिंह एवं मोहम्मद हाशिर ने साप्ताहिक समाचार वाचन किया।आराध्या यादव ने प्रार्थना एवं दीपेंद्र ने प्रतिज्ञा की अगुवाई की।शिवांश सिंह एवं वंश सिंह ने लेजर सुरक्षा पर आधारित परियोजना



प्रस्तुत की।कक्षाध्यापिका सुश्री रुख्सार फातिमा ने जीवन में विचार के प्रभाव को स्पष्ट करते हुए शुभ एवं अशुभ विचारों के शुभ अशुभ प्रभाव को बताया।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने कहा कि स्वस्थ रहना है तो दूसरों के प्रति सद्भाव रखना होगा।दूसरों के प्रति दूषित विचार हमारे तन मन दोनों को दूषित कर बीमार कर देता है वहीं सद्भाव आनन्द से प्रकार सुंदर स्वास्थ्य प्रदान करता है।इस अवसर पर मोहम्मद माज एवं काश्वी ने कुशल मंच संचालन किया।

# अनुप्रिया पटेल का सपा पर जमकर वार करते हुए कहा - सिंबल पर नहीं लड़ने दिया चुनाव

अयोध्या। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज अपना दल के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने पार्टी के कार्यकताओं में जोश भरते हुए उन्हें संबोधित किया। इस मौके से पहले लखनऊ में भी अनुप्रिया पटेल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सपा पर निशाना साधा।

उन्होंने अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम से पहले पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात की और पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने ये भी कहा कि सपा ने कभी उन्हें अपने सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ने दिया। अनुप्रिया पटेल ने इस दौरान अपना दल कमेरावादी पर भी जमकर निशाना साधा।

अनुप्रिया ने शनिवार को अयोध्या में अपना दल पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में रवाना होने से पहले पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारी पार्टी सामाजिक न्याय



के विषयों को लगातार आगे बढ़ा रही है। उन्होंने दावा किया कि जातीय जनगणना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ही कराएगी। उन्होंने कहा कि सपा का अपना दल का नया-नया प्रेम है, वो चौंकाता है। उन्होंने कहा कि सपा ने सोनेलाल पटेल की बेटी को अपना दल के सिंबल पर चुनाव तक नहीं लड़ने दिया। सोनेलाल पटेल के जीवनकाल में कभी सपा को प्रेम नहीं आया।

उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) बीजेपी के साथ 2007 से गठबंधन में है। हम हमेशा अपने सिंबल पर चुनाव लड़ रहे हैं। कहा कि केंद्र की कांग्रेस सरकार के दौरान पीडीए का मुद्दा क्यों नही उठाया। पीडीए के नाम पर दिखावा हो रहा है। यूपी की सपा सरकार में जातीय जनगणना क्यो नहीं कराई गई। अनुप्रिया ने सवाल किया कि क्या सपा किसी अन्य जाति का मुख्यमंत्री बनाएगी। सपा इस सवाल पर जवाब दे। सोनेलाल पटेल की स्मृतियों को संजोने का काम पीएम मोदी ने किया है। ओबीसी आयोग का हल पीएम मोदी ने संविधानिक दर्जा दिया। अपना दल एनडीए का महत्वपूर्ण घटक है।

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले हुआ अक्षत पूजन 100 विहिप कार्यकर्ता 50 करोड़ लोगों को बांटेंगे अक्षत

राजेश तिवारी अयोध्या । रामनगरी अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले रविवार को 'अक्षत पूजन' किया गया। इसमें केरल, तमिलनाडु, अंडमान निकोबार सहित 45 प्रांतों से 100 विहिप कार्यकर्ता पहुंचे।

उन्हें राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने रामलला के सामने सभी को पीतल का कलश सौंपा। हर एक कलश में 5 किलो अक्षत है। अक्षत को विहिप कार्यकर्ता देश के कोने-कोने में जाकर 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को बांटेंगे।

चंपत राय ने कहा कि ये अक्षत बिना टूटे चावल, हल्दी और देसी



घी से बनाया गया है। अक्षत के साथ ही एक क्विंटल पिसी हुई हल्दी और 21 किलो देसी घी भी मंगवाया गया था। इसे विधि-विधान से 500 क्विंटल चावल में मिलाया गया। चावल को रंगने के बाद इसे पीतल के कलश में रखा गया।

चंपत राय ने कहा कि 500 साल बाद भगवान राम जन्मभूमि में लौट रहे हैं। लोग अयोध्या जैसा माहौल गांव में ही बनाएं। प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन हर घर दीये जलाकर खुशी मनाएं। 22 जनवरी को भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। प्राण-प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण अपने गांव में लोगों को दिखने की व्यवस्था करें। अक्षत गांव में पूजन के लिए है। न की अयोध्या आने का निमंत्रण है।

# 1976 से 1997 तक के किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी जाएगी किसान एकता संघ की बैठक में हुआ फैसला

राष्ट्रीय संरक्षक चौधरी बाली सिंह के आवास निठारी सेक्टर 31 में किसान एकता संघ की मासिक बैठक हुई जिसमें मुख्य कार्यकताओं ने भाग लिया बैठक का संचालन अर्जुन प्रजापति ने किया तथा बैठक की अध्यक्षता चौधरी महीपाल जी ने की बैठक का मुख्य एजेंडा नोएडा प्राधिकरण की हाल ही में की गई बोर्ड मीटिंग में 1976 से 1997 के किसानों के साथ की गई वादा खिलाफी व किसानों को नोएडा प्राधिकरण द्वारा अनेक प्रलोभन एवं वादे देकर उनकी जमीनों को असंवैधानिक तरीके से (ूइ 17) अर्जित कर उनको बेरोजगार बनाया गया को लेकर रहा जिसमें चौधरी बाली सिंह ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी 1976 से1997 के किसानों को अधिग्रहण का लाभ न देकर स्कूल अस्पताल वाणिज्य संस्थाओं के साथ मिलकर 1976 से 1997 के किसानों के अधिकारों का हनन कर



रहे हैं साथ ही अपनी आमदनी को बढ़ाकर दिन प्रतिदिन फल फूल रहे हैं जबकि सबसे पहले 1976 से लेकर 1997 तक के किसानों को 10% भूखंड दिए जाने चाहिए।

मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी प्राइवेट स्कूल एवं प्राइवेट अस्पतालों के दबाव में कार्य कर रहे हैं जिससे किसानों को उनका हक दिलवाने में यहां के सभी अधिकारी असमर्थ है सरकार को चाहिए कि यहां पर अच्छे इमानदार अधिकारी की नियुक्ति की जाए जिससे किसानों को उनके हक मिल सके वरना नोएडा प्राधिकरण को खत्म कर नगर निगम व्यवस्था लागू कर दी जाए।

चौधरी बाली सिंह जी ने चेतावनी देते हुए कहा यदि सरकार द्वारा जल्द ही किसी अधिकारी की नियुक्ति कर 1976 से 1997 के किसानों को उनके संवैधानिक हक व 10% जमीन नहीं दी गई तो नोएडा प्राधिकरण पर होगा बहुत बड़ा आंदोलन। मासिक बैठक में मुख्य रूप से चौधरी बाली सिंह चौधरी, महिपाल ,रामकुमार नेताजी, ललित अवाना, राजेंद्र चौहान, चौधरी तेज सिंह, अर्जुन प्रजापति, राघवेंद्र दुबे, अशोक अवाना, सचिन अंम्बावत अविनाश आदि मौजूद रहे।

## रामपुर में सालों से नहीं हुई 7 पानी की टंकियों की सफाई ! गंदा पानी पीने पर मजबूर 1 लाख की आबादी

कन्नौज : कन्नौज के शहरी क्षेत्र में बनी पानी की टंकियों से शहर भर के लाखों लोगों को रोज पीने सहित अन्य जरूरी कामों के लिए पानी की सप्लाई होती है. शहर में करीब 14 पानी की टंकियां लगी हुई है. जिनमें 7 पानी की टंकियों की कई सालों से सफाई नहीं हो पाई है. जिस कारण यहां के लोगों को गंदा पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है. पानी की टंकियों की सीढ़ियां टूट जाने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो गई है. नगर पालिका क्षेत्र में 14 में से 7 पानी की टंकियों की सीढ़ियां टूटी हुई है. जिस कारण बीते कई सालों से इन टंकियों में साफ-सफाई नहीं हो पाई है. यह टंकियां सराय मीरा, गदनपुर, बडहु, ताजपुर नौकास, काशीराम कॉलोनी, चौधरी सराय दीदारगंज व हाजीगंज क्षेत्र में है.

# पूर्व विधायक इंद्रप्रदाप तिवारी खब्बू का गर्मजोशी से स्वागत

अयोध्या। जनपद के गोंसाईगंज के पूर्व विधायक रहे इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी मंडल कारागार से रविवार को रिहा हुए। अलग-अलग मामलों में सुप्रीम कोर्ट और बस्ती कोर्ट से जमानत मंजूर होने के बाद मंडल कारागार से रिहा हुये। खब्बू तिवारी का भारी संख्या में समर्थकों ने पहुंचकर जबरदस्त स्वागत किया।



आप सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकानाएँ।

## महिला बंदियों की बनाई गई रंग बिरंगी मोमबत्तियों से रोशन होगा फरुर्खाबाद जेल, खुलेंगे रोजगार के नए रास्ते

फरुर्खाबाद : उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद में जिला जेल में इन दिनों महिला बंदी रंग बिरंगी मोमबत्तियां बना रही है. फतेहगढ़ में बनी जिला जेल में आने वाले समय में मोमबत्तियां आम जनता के लिए भी उपलब्ध होगी. जेल में बनी हुई आकर्षक और रंग बिरंगी डिजाइनर मोमबत्तियां. वहीं जेल वार्डन के पहल पर विभिन्न डिजाइन की रंग बिरंगी मोमबत्ती बनाई जा रही है. दीपावली पर जेल इन्ही मोमबत्तियों से जगमग होगा. यहां पर बड़े पैमाने पर मोमबत्तियों को बनाया जा रहा है.

फतेहगढ़ स्थित जिला कारागार में जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद के द्वारा ये पहल शुरू की गई है. इस समय महिला बैरक में महिला जेल वार्डन नगमा के देखरेख में महिला बंदी डिजाइनर रंग बिरंगी मोमबत्तियां बना रही है. जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि जेल में महिला बंदियों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से जेल प्रशासन के स्तर से ही मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. इसी के तहत दीपावली के त्योहार पर रंग बिरंगी मोमबत्तियां बनाई जा रही है. वहीं अब जेल के बिक्री केंद्र पर आम जनता के लिए भी रियायती दर पर मोमबत्तियां उपलब्ध होगी. मोमबत्तियों की बिक्री से प्राप्त धनराशि बंदी कल्याण कोष में जमा होगी.

**जेल में कैसे शुरू हुई यह अनूठी पहल**

जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने इस दीपावली को खास के ही रोजगार के अवसर तलाशने के लिए जेल वार्डन नगमा द्वारा महिला बंदियों को प्रशिक्षण दिलाया. वहीं मोमबत्ती बनाने का कच्चा सामान जेलर अखिलेश कुमार द्वारा उपलब्ध कराया गया है.

# मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने पदयात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिव्यांगजनो का किया उत्साहवर्धन

लखनऊ ।प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के साथ खड़े होकर उनके हितों का ध्यान रख रही है। दिव्यांगजनों को हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। दिव्यांगजनों के आवागमन को सुगम बनाया जा रहा है। इसके अलावा दिव्यांगजनों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा देकर शिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा रोजगार प्रशिक्षण देकर दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है। दिव्यांग पेंशन के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मंडल एवं जनपद स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए कायर्क्रम आयोजित किये जा रहे है, जिससे वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। उक्त बातें रविवार को प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कही।

दिव्यांगजन मंत्री एमफी० थियेटर, डा० राम मनोहर लोहिया पार्क, गोमतीनगर, लखनऊ में आयोजित



पदयात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर दिव्यांगजनो का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इण्टर कालेज की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत (झूम-झूमों रे सखी री) गाकर स्वागत किया गया तथा स्टेज परफार्मेन्स में राजकीय संकेत विद्यालय के बालकों द्वारा मां तुझे सलाम गीत पर डान्स किया गया, स्वैच्छिक संस्था स्टडी हॉल के दिव्यांग बच्चों द्वारा गीत (के सरा-सरा) गाया गया, परवरिश स्कूल के ऑटिज्म दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों द्वारा गीत गाया गया तथा बचपन डे केयर सेन्टर के दिव्यांग बच्चों द्वारा योग का प्रस्तुतीकरण किया गया।

मंत्री कश्यप ने पदयात्रा (वॉकथान) का शुभारम्भ फ्लैग ऑफ कर किया तत्पश्चात 21 प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांगजन एवं उनके साथ सहयोगी पदयात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम में कुल 27 विद्यालय व स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रकार लगभग 600 से अधिक व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

समावेशी प्रदेश उत्तर प्रदेश पदयात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम दिव्यांगता के क्षेत्र में जनपद लखनऊ में कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं, समाजसेवी कार्यकताओं, दिव्यांगजन के सहयोग एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के समन्वय द्वारा समावेशी परिकल्पना से युक्त (समावेशी प्रदेश उत्तर प्रदेश) थीम पर समावेशी परिकल्पना को धरातल पर साकार करने एवं समाज को एक संदेश देने के उद्देश्य से सभी प्रकार के दिव्यांगजनों को लेकर वार्कॅथान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चन्द्र शर्मा सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अज्ञात चोरों ने छत के ऊपर लगे सोलर प्लेट का किया चोरी।

*एक सप्ताह पूर्व भी बिरहोर टोला पिछुलिया से तीन सोलर प्लेट की हुई थी चोरी।*

**दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा(झारखंड) 05 नवंबर 2023:-जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुरा निवासी कुंदन कुमार के छत के ऊपर लगे एक सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों ने चुरा ले भागा।बतातें चलें कि कुंदन कुमार ने शुक्रवार को अपने छत पर बारह सोलर प्लेट रखे थे और दीपावली को लेकर घरों में साफ - सफाई का काम चल रहा था इस दौरान रविवार को कुंदन अपने छत पर गए और उनकी ध्यान छत पर लगे सोलर प्लेट की तरफ गया



तो देखा कि सोलर प्लेट की संख्या कम है तो उन्होंने सोलर प्लेट की गिनती की तो ग्यारह सोलर ही पाया एक सोलर प्लेट कम था।जब नजदीक से देखा तो चार घरों के छतों पर सोलर से रगड़ाये निशान पाए गए।तब सन्देह हुआ कि सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों ने चोरा ले भागा।

बता दें कि बीते एक सप्ताह पूर्व भी हंटरगंज थाना अंतर्गत चकला पंचायत के बिरहोर टोला पिछुलिया से भी पानी टंकी के ऊपर लगे तीन सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों ने चुरा ले भागा था।इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं दिन - प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।खबर लिखे जाने तक चोरी के घटना की जानकारी थाना को नही दी गयी है।

# झारखंड के कला संस्कृति मंच डहरे सोहराय के मौके पर 81 गुस्टि 81 किलोमीटर 81 अखरा के तहत बृहद कार्यक्रम किया गया

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 5 नवम्बर 2023 :- झारखंड कला संस्कृति मंच डहरे सोहराय के तत्वाधान में आज बगोदर एवं बगोदर के अन्य क्षेत्रों से बगोदर बस पड़ाव में हजारों लोगों ने शामिल होकर 81 गुष्टी 81 किलोमीटर 81 अखाड़ा के तहत बृहद पैमाने पर कार्यक्रम किया ।इस कार्यक्रम में



मांदर , ढोल एवं डीजे की धुन पर कुरमी, कुडमी समुदाय के लोगों ने जमकर नृत्य, संगीत किया । इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों के साथ-साथ महिला पुरुष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर भागीदारी के साथ मनाया ।मुख्य रूप से बगोदर बस पड़ाव में परमेश्वर महतो , चंद्रनाथ भाई पटेल , छोटन महतो , उमेश महतो के साथ स्थानीय अखाड़ा के अध्यक्ष एवं समाज के सभी गणमान्य मिलकर कार्यक्रम को मनाया।

# दोन्दलो पंचायत के बनपुरा गांव में विधायक कोष से सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 5 नवम्बर 2023 :- बगोदर प्रखण्ड अंतर्गत दोनदलो पंचायत के ग्राम बनपुरा में विधायक कोष से सामुदायिक भवन का शिलान्यास बगोदर के लोकप्रिय विधायक विनोद कुमार सिंह ने किया । उक्त सामुदायिक भवन का लागत 5,77,600/- (पांच लाख



सतहत्तर हजार छह सौ) रुपए से बनेगी।उक्त भवन बनने से ग्राम बनपुरा के लोगो को शादी ब्याह में काफी सुविधा मिलेगी। इस शिलान्यास के मोके पर बगोदर उप प्रमुख हरेन्द्र सिंह,मुखिया तुलसी महतो, खूबलाल महतो,यमुना सिंह,संकर यादव,गांगो दास, सुरेश दास, भैरो दास, दिनेश सिंह,डोमन महतो,सीताराम सिंह,सुरेंद्र रजक,मकसूद अंसारी,सोहन दास, सुबोध सिंह,विवेक दास, मकसूद अंसारी,राजेश रविदास, आलम अंसारी,प्रकाश महतो,अजित दास, मतानी देवी,बुटनी देवी,घलिया देवी,राधवा मसोमात, सहित अन्य सैकड़ों की संख्या महिला पुरुष उपस्थित थे।।

# भूमि विवाद में जानलेवा हमला का आरोपी गिरफ्तार : भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)05नवंबर 2023:- जिले के सदर पुलिस ने भूमि विवाद में जानलेवा हमला करने के आरोपी कारू यादव उर्फ लेखा यादव को गिरफ्तार किया उसकी गिरफ्तारी पेलावल पुलिस के सहयोग से की गई। कारू यादव शहर के दीभा मुहल्ला का रहने वाला है. उसके खिलाफ सदर थाना कांड संख्या 351/23 के तहत मारपीट का मामला दर्ज है. पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी अभियान चला रही थी. गुप्त सूचना के आधार पर पेलावल से उसकी गिरफ्तारी की गई. इस संबंध में सदर थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व कोरोना जांच के बाद उसे जेल भेज दिया गया है. छापामारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक श्रीराम पंडित व जिला बल के जवान शामिल थे।

# आदिवासी सेचेद आखड़ा धनबाद उपाध्यक्ष बिरजु सोरेन की अगवाई में रांगाव महारेली में हुए शामिल।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा।**

बाघमारा : राजगंज थाना क्षेत्र से दिनांक 05 दिन रविवार को आदिवासी सेचेद आखड़ा (धनबाद) प्रतिनिधि, गन्य मान्य बुद्धिजीवी लोग रांगाव



माहारेली में शामिल होने के लिए ओर लुगु बुरु को बचाने के लिए डिबीसी व केंद्र ओर राज्य सरकार के द्वारा लुगु बुरु पर हाइडल प्रोजेक्ट का पुरजोर विरोध करने के लिए रवाना हुई जिसका अगुवाई बिरजू सोरेन सेखर मुर्मू सचिव शिव कुमार सोरेन बिमल मुरमू बिसनु हांसदा ओर बाघमारा क्षेत्र से सेकड़ो कि संख्या में हरवे हथियार के साथ अपने पारंम्परिक बेस भुंसा में रवाना हुई आदिवासी सेचेद आखड़ा के उपाध्यक्ष बिरजू सोरेन नें कहा कि सरकार ओर डिबीसी जल्द से जल्द लुगु बुरु पर जो प्रस्तावित हाइडल प्रोजेक्ट है इसे रद्द किया जाए अन्यथा आदिवासी पुरे झारखंड मे रोड में उतर कर विरोध प्रदर्शन करेंगे ।

# टाटा स्टील फाउंडेशन झरिया डिवीजन ने किया फुटबॉल सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-05 नवंबर 2023: जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में

5 नवंबर 2023 को प्लस टू झरिया डिविजन की ओर से फुटबॉल सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया ।जिसमें 10 वर्ष से 12 वर्ष के 200 बालक और बालिकाओं ने भाग लिया। इस ट्रायल में 40 बालक और 20 बालिकाओं का चयन होना है। चयनित बालक बालिकाओं की लिस्ट 10 नवंबर तक जारी कर दी जाएगी । बताते चलें कि सभी चयनित बालक बालिकाओं को खेल की सभी सामग्री और कोच टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से उपलब्ध करायी जायेगी। टुंडी ग्राम वासियों के लिए बहुत सौभाग्य की



बात है कि टाटा स्टील फाउंडेशन झरिया डिविजन की ओर से टुंडी में फुटबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए फुटबॉल ट्रेनिंग का एक स्थाई केंद्र बनाया गया है । जिसमें सभी चयनित बालक बालिकाओं का स्थाई ट्रेनिंग चलेगा। चयनित बालक बालिकाओं का फुटबॉल ट्रेनिंग टुण्डी में ही स्थाई तौर पर प्रतिदिन होगा। फुटबॉल ट्रेनिंग का स्थाई सेंटर खुलने से टुंडी ग्राम वासियों में काफी उत्साह देखा गया ।सिलेक्शन ट्रायल टाटा स्टील फाउंडेशन झरिया डिविजन के यूनिट हेड राजेश कुमार स्पोर्ट्स मैनेजर श्यान बॉस के देखरेख में किया गया। इस ट्रायल को सफल बनाने में स्थानीय लोग मनोज कुश्वाहा, जीवन रजक, लालचंद, मनोज पाठक आदि का सराहनीय योगदान रहा ।

# विधायक ने किया लेमसा पुल का शिलान्यास।

*उच्च विद्यालय सलगी में चारदीवारी का भी किया भूमि पूजन।*

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)05 नवंबर 2023:-जिले के सिमरिया प्रखंड के सलगी गांव के निकट लेमसा पुल का शिलान्यास करने विधायक किशुन कुमार दास लेमसा नदी पहुंचे जहां स्थानीय ग्रामीणों ने बाजा गाजा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक ने शीला पट का अनावरण कर विधिवत पूजा पाठ कर शिलान्यास किया। साथ ही प्लस टू उच्च विद्यालय सलगी में चारदीवारी का भूमि पूजन किया।तत्पश्चात विधायक सभा स्थल पहुंचे जहां ग्रामीणों ने फूल माला से स्वागत किया। सलगी निवासी सह भाजपा नेता सुभाष सिंह मंच संचालन करते हुए स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का शुरूवात किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि इस पुल के निर्माण के लिए क्षेत्र के लोगों ने मांग पत्र सौंपा था जिस पर पहल करते





हुए विभाग को अनुशंसा किया और अथक प्रयास के बाद लेमसा सेतू निर्माण का कार्य आज शुरू होने जा रहा है। इस पुल के बनने से चतरा, लातेहार और पलामू तीन जिला के लोग लाभांवित होंगे। यातायात सुविधा के साथ साथ क्षेत्र में सम्पन्नता भी बढ़ेगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जबड़ा सलगी पथ मरम्मती का कार्य भी जल्द होगा। प्लस टू विद्यालय सलगी का नया भव्य भवन भी शीघ्र बनेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, नरेश सिंह, अच्छेवट पांडे, शुभम सिंह,अरविंद सिंह, रामदेव सिंह भोक्ता, रमेश राम, केदार गंझु, संजय सिंह, अक्षेवट सिंह, दयानिधि सिंह, सुखदेव पासवान, रामलाल उराऊं, बृज मोहन राम, मंनोरंजन सिंह, सुनिल सिंह, किशोर सिंह,सुधीर सिंह रविंद्र सिंह, परमोद सिंह, मदन सिंह, राजनाथ सिंह ,गणेश सिंह, विकाश कुमार साहू,आमका सिंह, लवकुश सिंह,अविनाश सिंह, संजीव सिंह, शशि सिंह नारायण सिंह,लखन साहू, विनय सोनी समेत कई लोग मौजूद थे।

# "समर्पण एक नेक पहल" संस्था के रक्तवीर ने अपना दुर्लभ रक्त दान कर की मरीज की सहायता

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

संस्था सूचना प्राप्त हुई कि कतरास के निचीतपुर क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती सैंतीस वर्षीय मरीज अनिरुद्ध मंडल को तत्काल चार यूनिट दुर्लभ रक्त समुह ए नेगेटिव प्लेटलेट्स की आवश्यकता हैं लेकिन तत्काल एक यूनिट प्लेटलेट्स की आवश्यकता हैं, सूचना प्राप्त होते



ही संस्था के सक्रिय सदस्य उत्तम गोप बिना समय गंवाए श्रीनिवास ब्लड सेंटर धनबाद पहुंचे और मरीज के लिए अपना दुर्लभ रक्त समुह ए नेगेटिव रक्तदान किया जिसका प्लेटलेट्स रक्त से अलग कर मरीज के परिजन को प्रदान कर दिया गया, उत्तम गोप जी एक दुर्लभ रक्त समुह के रक्त दाता होते हुए भी नियमित तौर से रक्तदान करते हैं और अब तक कई लोगों के लिए रक्त दान कर उन्हें जीवनदान देने का कार्य किया हैं '

# मेघा कुमारी ने अपने मेहनत और लगन से बढ़ाया कोयलांचल का मान-बिंदा पासवान

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

झरिया के लोदना मोड़ निवासी बीबीसीएल कर्मी बिनोद पासवान की पुत्री व आशीष पासवान की भतीजी मेघा कुमारी के बीपीएससी परीक्षा में सफल होने पर मासस के जिला अध्यक्ष कॉ0 बिन्दा पासवान सह दुसाध महासभा के सभी पदाधिकारीगण उनके आवास पहुंच कर मेघा कुमारी को इस सफलता पर सॉल ओढ़ा कर पुष्प गुच्छ भेंट कर उज्वल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। सम्मान समारोह



में दुसाध महासभा के अध्यक्ष अर्जुन पासवान,शिवनंदन पासवान, रामचन्द्र पासवान,विजय कुमार पासवान तथा घर के सभी परिजन मौजूद थे।

# इगल इंफ्रा कंपनी का ग्रामीणों ने किया विरोध सुंदरी देवी समेत सैकड़ों ग्रामीणों का देखा गया रुद्र

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद के पुटकी बलिहारी क्षेत्र के भागाबांध 17 कोलियरी में भूमि पूजन करने आए ईगल इंफ्रा कंपनी का ग्रामीणों द्वारा भारी विरोध किया गया। रैयतों ने कहा जमीन के बदले हक, अधिकार और नियोजन देना होगा ।

ईगल कंपनी के किसी भी अधिकारियों ने ग्रामीणों से कोई वार्ता नहीं की है , यह सारी वार्ता दलालों



ने की है । हम ग्रामीण बीसीसीएल कंपनी को जानते हैं, इसके अलावा किसी भी ईगल नाम की कंपनी से हमारी कोई वार्ता नहीं है । जब तक वार्ता नहीं, तब तक हम लोग किसी भी प्रकार का भूमि पूजन या अन्य रूप से कार्य को धरातल पर नहीं उतरने देंगे। सबसे पहले बीसीसीएल के साथ बाहर से आए हुए कंपनी को हम ग्रामीणों के साथ वार्ता करनी होगी , हमारी मांगों को स्वीकार करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा ।

# छठ पुजा को ले प्रशासनिक तैयारी शुरू।

**समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र , ब्यूरोचीफ, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, झारखंड प्रदेश।**

धनबाद (झारखंड) 05 नवम्बर 2023 :- धनबाद जिले के डीसी वरुण रंजन ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में छठ पूजा समितियों के साथ बैठक की। इस दौरान समिति से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने छठ घाटों से संबंधित परेशानियों से उपायुक्त को अवगत कराया।

उपायुक्त ने नगर आयुक्त से छठ पूजा की तैयारी को लेकर जानकारियां ली। नगर आयुक्त ने बताया कि छठ घाटों की सफाई शुरू हो चुकी है। छठ घाटों तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड की मरम्मती, तालाबों एवं नदियों की साफ सफाई, जलकुंभी की सफाई, छठ घाट की समतलीकरण, स्ट्रीट लाइट की मरम्मती आदि पर कार्य किया जा रहा है जो की त्योहार से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

उपायुक्त ने सभी छठ पूजा समितियां से सीसीटीवी लगाने, महिला छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम बनवाने, पटाखों के लिए अलग स्थान चिन्हित करने, स्थानीय गोताखोरों को घाट पर रखने एवं वॉलिंटियर एक्टिव रखने की अपील की।

उपायुक्त ने घाटों की समूचित तरीके से साफ सफाई, खराब पड़े स्ट्रीट लाइट की तत्काल मरम्मती, फल मंडी एवं पूजा सामग्रियों का बाजार वाले जगह की विशेष तौर पर साफ सफाई, डेंजर जोन वाले तालाबों में बैरिकेटिंग करने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया।

उपायुक्त ने ब्लीचिंग और चुना पाउडर छिड़काव कराने को निर्देशित दिया। बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार समेत सहायक नगर आयुक्त एवं छठ पूजा समितियां के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# दो वर्ष के जुड़वा बच्चे के जीवन बचाने के लिए लोगों से आर्थिक सहयोग मांग रहे दीपक साव।

आठ महीने के उम्र से ही चल रहा है बच्चे का ईलाज, आर्थिक स्थिति हुआ दैनीय

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा(झारखंड) 05 नवंबर 2023:-जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड क्षेत्र के जमरी बक्सपुर पंचायत के निवासी दीपक कुमार साव के दो पुत्र जिनका नाम हर्ष और विशाल है दोनों बच्चों की उम्र लगभग 2 वर्ष है दोनों बच्चे का ईलाज 16 महीनों से राँची में चल रहा है जिससे दोनों बच्चों की बीमारी में कोई सुधार नहीं हुआ है। बच्चे के पिता से बात से बात करने पर बताया कि हर्ष और विशाल दोनो का ब्रेन सूख रहा है दोनों काफी दिनों से एक लंबी बीमारी से जूझ रहे हैं इनका इलाज रांची में चल रहा है लेकिन डॉक्टर ने बेहतर ईलाज हेतु भेलोर ले जाने की सलाह दे दी





है।लेकिन दीपक कुमार साहू का आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है वो अपने बच्चों को ईलाज के लिए भेलोर ले जाने में पूरी तरह से आर्थिक रूप से असमर्थ हो चुके हैं।बात दो छोटे बच्चों की है और बच्चों के ईलाज के लिए दीपक ने अपने नम आँखों से लोगों से आर्थिक सहयोग मांग रहे हैं ताकि बच्चों का ईलाज हो सके और गंभीर बीमारी से छुटकारा मिल जाए।

छोटे बच्चों के ईलाज हेतु यदि कोई आर्थिक सहयोग करना चाहते हैं तो दीपक कुमार साव के सम्पर्क नम्बर 9065835920 पर सम्पर्क कर सहयोग कर सकते हैं।

# अवैध बिजली खपत करने वालों पर विभाग लगातार लोगों में जागरूकता के साथ नकेल भी कस रही है

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 5 नवम्बर 2023 :- विजली विभाग लगातार उपभोक्ताओं को जागरुकता लाने का प्रयास कर रही है , इसी को लेकर शहरी क्षेत्र में अक्टूबर महीने में लाइन डिस्कनेक्शन 350 उपभोक्ता का किया गया। जिनपर लगभाग 9567358/- का बकाया है। 24 उपभोक्ताओं पर एफआईआर किया गया है, 3 अलग-अलग दिनों में, जो वैध रूप से बिजली का उपभोग कर रहे थे....564683/- का जुमार्ना किया गया है। सारे उपभोक्ता ने पैसा जमा कर दिया... यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता शहरी रघुवेंद्र प्रताप सिंह ने दिया। और बिजली विभाग के तरफ से पूरे हजारीबाग वासियों से अपील किया गया है कि बिजली चोरी ना करें , समय से बिल का भुगतान करे। नवंबर माह में विभाग के आदेश पर ये कार्यकर्म जारी रहेगा, अनावश्यक असुविधा से बचाव के लिए मीटर को ओपन सर्विस वायरिंग लगवाएं ,हर महीने बिजली का बिल समय से भुगतान करे ,जिन उपभोक्ता का मीटर खराब हो बिजली ऑफिस से संपर्क कर के डिजिटल मीटर लगवाना सुनिश्चित करे.. पुराने एनालॉग मीटर को भी बदलना जरूरी समझें , वैसे उपभोक्ता का बिल नही बनाया जाएगा और लाइन भी काटा जाएगा।

# पढ़ाई के साथ-साथ हर एक के जीवन में कोई ना कोई खेल का होना बहुत महत्व -चंद्रदेव महतो

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

बलियापुर झ प्रधानखंता के दीवाना क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में बाबा टेकप मालकेरा बार्सेस प्रियांसी क्लब के बीच हुई खेल टाई होने के कारण पेलंटी शूटआउट किया गया जिसमें बाबा टेकप मालकेरा विजय रहा '

इस टूनार्मेंट के आयोजक्कताओं ने मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रदेव महतो को सम्मान पूर्वक बुलाए थे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संजय कुमार महतो को थे '

विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरुस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधन किये उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है अभी के युवाओं में मोबाइल





का लत लग जाने के कारण वह अपने हुनर को पहचान नहीं पाते हैं और वह जब खुद से किसी भी खेल में अपना दमखम लगाकर खेलते हैं तब उनको पता चलता है कि खेल अपने जीवन और समाज में कितना अंतर लाता है खेल में सम्मान के साथ-साथ अपना शरीर स्वस्थ रहता है और सही तरीका से और मेहनत से खेलने पर अच्छा नौकरी भी मिलने का उम्मीद जीवन में रहती है उन्होंने कमेटी के सदस्य को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन कर दीवाना क्लब प्रधानखंता प्रतिभाओ को तराशने का काम कर रही है क्लब का हौसला बढ़ाने के लिए अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया कन्हाई बनर्जी, पंचायत समिति सदस्य अमित बनर्जी , विधुत बनर्जी,मदन रजक , सुरेश महतो, पिकू महतो, सोहन रजक , नितेश महतो ,चंदन कुमार, आदि उपस्थित रहे

# यौन शोषण के आरोप में कोच गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद : नाबालिग किक बॉक्सिंग खिलाड़ी से यौन शोषण के आरोप में शनिवार को पुलिस ने कोच विपुल मिश्रा को नाबालिग कि बॉक्सिंग खिलाड़ी से यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने किक बॉक्सिंग के कोच विपुल मिश्रा को शनिवार को थाना बुलाया था.

उनके पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया. बता दें कि पीड़िता के पिता ने 27 अगस्त को महिला थाने में कोच विपुल मिश्रा के खिलाफ बेटी के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था.

पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी बेटी को किक बॉक्सिंग



सिखाने चिरकुंडा की चांच कोलियरी निवासी कोच विपुल मिश्रा उनके घर पर आता था. नाबालिग खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से विपुल को राखी भी बांधती आ रही है. पिता के अनुसार, सितंबर 2022 में दार्जिलिंग में अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग कैंप में आयोजित किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में विपुल उनकी बेटी के साथ गया था. उसने एक से 10 सितंबर तक उनकी बेटी से कई बार दुष्कर्म किया. इस दौरान धमकी दी कि अगर संबंध नहीं बनायेगी तो उसे गेम से बाहर कर दिया जायेगा. साथ ही, अगर किसी को बताया तो उसका फोटो और वीडियो वायरल कर देगा. विपुल ने कहा था कि बात नहीं मानी तो उसका रजिस्ट्रेशन नहीं होने देगा. पीड़िता और उसके दोस्त ने इसका विरोध किया. 25 अगस्त की देर रात विपुल मिश्रा के भाई एवं अन्य खिलाड़ियों ने उसके दोस्त को जान से मारने की कोशिश की. इसकी प्राथमिकी खेलगांव थाना में दर्ज है. इसके बाद पीड़िता अपने घर लौट कर अपने परिजनों को सारी आपबीती बतायी. इस मामले में सीबीएसइ स्कूलों के एसोसिएशन संगठन सहोदया की ओर से कोच की गिरफ्तारी की मांग की जा रही थी.

# जिला खनिज योजना अंतर्गत सिंदरी विधानसभा स्थित रेजली तालाब जीर्णोद्धार कार्यक्रम का शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड):-05नवंबर 2023: जिले के सिंदरी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर स्थित रेजली तालाब निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया । यह तालाब का जीर्णोद्धार व रमणीय स्थल बनाने को लेकर सिंदरी विधायक माननीय श्री इंद्रजीत महतो जी काफी प्रयासरत रहे ।इसको लेकर सदन में प्रश्न भी किये थे । इस तालाब के बनने से गोविंदपुर वासियों को काफी लाभ



होगा ।शिलान्यास कार्यक्रम में धनबाद के लोकप्रिय सांसद श्री पशुपतिनाथ सिंह जी, सिंदरी के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री इंद्रजीत महतो जी के धर्मपत्नी श्रीमती तारा देवी जी, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारदा सिंह जी , जीप सदस्य श्री सोहराब अंसारी ने संयुक्त रूप से किया । मौके पर मुखिया गण एवं काफी संख्या में गोविंदपुर वासी उपस्थित थे ।

# श्री भास्कर धाम तोरण द्वार का विधिवत पुजन के साथ शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 5 नवम्बर 2023 :- बिष्णुगढ़ के श्री भास्कर धाम में सांसद मद के से भास्करधाम तोरण द्वार का भूमि पूजन विधिवत किया गया । जिसमे मुख्यरूप से चेड़रा मुखिया निर्मल कुमार , आनंद राम , मोहन बरनवाल , चमारी साव, नवल किशोर बर्मा , राजेंद्र प्रसाद,



प्रसाद सिंह , सुरेश भगत , बिनोद सिंह, प्रयाग सोनी, शंकर गोस्वामी, अजय कुमार , शेखर सुमन , अनुज कुमार , भीम पांडेय , छोटी लाल, अनुभव भारती इत्यादि लोगों ने सामिल हो कर इस पुनित कार्य का साझी बना।

